* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

19 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 31

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**बांग्लादेश के गृह मंत्री से मिले अमित शाह**
अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों का मुद्दा उठाया



SURJABASHA




CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

### झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूरे रौ में दिखे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# हमने पूछा, यह मामला क्या सिर्फ दो साल का है, उन्होंने कहा, नहीं हमने कहा, फिर दूध का दूध- पानी का पानी कीजिए, सहयोग करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इडी की पूछताछ के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुखातिब हुए, तो पूरे रौ में दिखे। उन्होंने कहा, इडी की कार्रवाई अगर एकतरफा होगी, तो हम इसके विरोध की ताकत रखते हैं। हम जांच एजेंसी को हर तरह का सहयोग करने को तैयार हैं। जिस मामले में हमसे पूछताछ की जा रही है, उसमें पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल की भी जांच हो। एजेंसी दूध का दूध और पानी का पानी सामने लाये, तो कोई परहेज नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि एजेंसियों की छापामारी और कार्रवाई सिर्फ गैर भाजपा शासित राज्यों में ही क्यों हो रही है? क्या भाजपा शासित राज्य दूध के धुले हैं? सोरेन ने कहा कि भाजपा अपने पापों का ठीकरा वर्तमान सरकार पर फोड़ने की कोशिश कर रही है, लेकिन उनके षड्यंत्रों को हम नाकाम कर देंगे।

झारखंड के साहिबगंज जिले में एक हजार करोड़ के खनन घोटाले में गुरुवार को इडी की ओर से लगभग नौ घंटे तक हुई पूछताछ के बाद सोरेन पहली बार कार्यकर्ताओं के सामने आये और समर्थन के लिए उनका आभार जताया। सीएम ने कहा कि कल मैं जांच एजेंसी के पास गया था। उन्होंने आठ घंटे तक सवाल-जवाब किया। हमने पूछा कि दो साल में यह घोटाला हो सकता है क्या। उन्होंने कहा, हमने दो साल नहीं कहा। इस पर हमने उनसे कहा कि अगर आप ईमानदारी से काम करोगे, तो सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। एकतरफा काम करेंगे, तो विरोध करने की ताकत रखते हैं। हमें जांच एजेंसी से परहेज नहीं है, लेकिन उन्हें इस बात का जवाब देना चाहिए कि भाजपा शासित राज्यों को छोड़कर कार्रवाई क्यों की जाती है।

सीएम ने कहा कि हमारे मूलवासी आदिवासियों को विपक्ष भड़काने का काम कर रहा है, लेकिन मैं उनको बता दूं कि उनके षड्यंत्र को सवा तीन करोड़ लोगों ने पहचान लिया है। सरकार की लोकप्रियता जैसे-जैसे बढ़ रही है, भाजपा वालों के पेट में दर्द हो रहा है। सरकार पंचायत स्तर पर विकास के कामों को पहुंचा रही है। ग्रामीणों की समस्या का समाधान कर रही है। संघर्ष करना हम गरीबों के लिए सदियों का इतिहास रहा है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी इन लोगों ने परेशान किया, लेकिन क्या हुआ। आज शिबू सोरेन के ऊपर कोई भी दाग नहीं लगा।


सीएम आवास के बाहर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हेमंत सोरेन।

## इडी से हेमंत का सवाल : हमें चोर-उचक्का समझा है, भाजपा को चेताया- झारखंड से भगायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की नौ घंटे से ज्यादा चली पूछताछ के अगले दिन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को एक बार फिर विपक्ष पर हमला बोला। कांके रोड स्थित अपने सरकारी आवास पर हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्हें इस तरह से बुलाया गया, मानो वे चोर-उचक्के हों। श्री सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार पर हमला बोलना जारी रखा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अंग्रेजों को हमने देश से भगाया, उसी तरह हम इन्हें झारखंड से खदेड़ देंगे।

**आज तक कोई राजनेता देश छोड़कर नहीं भागा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इडी हमारे साथ ऐसा व्यवहार कर रही है, जैसा अपराधियों के साथ किया जाता है। हेमंत सोरेन ने पूछा कि क्या आज तक कोई राजनेता देश छोड़कर भागा है। उन्होंने कहा कि हमने तीर-कमान से अंग्रेजों को इस देश से भगा दिया था। अंग्रेजों की गोली-बंदूक के आगे हम नहीं झुके, यह तो फिर भी भाजपा है। इन्हें भी हम आदिवासी इस राज्य से हटायेंगे, खदेड़ेंगे।

सीएम आवास पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय भी पहुंचे थे। झारखंड के मंत्रियों के अलावा कांग्रेस से निलंबित विधायक इरफान अंसारी भी मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे।

### हमें सत्ता से हटाने की हो रही है साजिश

मुख्यमंत्री ने एक बार फिर कहा कि जब से हम (झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल गठबंधन) सत्ता में आये हैं, तब से ही विपक्ष और केंद्र के पेट में दर्द हो रहा है। इसलिए वह हमें बार-बार हटाने की कोशिश कर रहा है। लगातार हमारे खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि हम आदिवासी-मूलवासी हैं। इनसे डरने वाले नहीं हैं। डटकर मुकाबला करेंगे। हमारे पास समर्थन है। कितना भी इडी-इडी कर लें, हमारे पास जनता का समर्थन है। हमारे पास संख्या बल है, हम इनके आगे सरेंडर नहीं करेंगे।

### सरकारी संस्थानों का निजीकरण कर रही भाजपा सरकार

श्री सोरेन ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर सरकारी संस्थानों के निजीकरण का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब कुछ भी सरकारी नहीं रहा। भारत सरकार की संपत्ति रेलवे का भी ये लोग निजीकरण करने जा रहे हैं। यह देशहित में नहीं है।

## भ्रष्टाचार समाज में ले चुका है कैंसर का रूप : धनबाद सीबीआइ कोर्ट

● डीजीएमएस के सर्वेयर को पांच साल कैद की सजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** आय से अधिक संपत्ति रखने के 14 वर्ष पुराने मामले में कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा ने धनबाद डीजीएमएस (खान सुरक्षा महानिदेशालय) के डायरेक्टर ऑफिस में सर्वेयर के पद पर तैनात सुबीर कुमार पालित को पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं 33 लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया। इस दौरान कोर्ट ने अपने फैसले में कड़ी टिप्पणी की। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि भ्रष्टाचार आज समाज में कैंसर का रूप ले चुका है। सरकारी सेवक के पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार करना समाज के विरुद्ध अपराध है। इसलिए आरोपी के विरुद्ध उदार रवैया नहीं अपनाया जा सकता।

**यह है मामला :** धनबाद सीबीआइ की भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने सुबीर पर आरोप लगाया था कि एक अप्रैल 2005 से 31 अक्तूबर 2008 के दौरान डीजीएमएस डायरेक्टर ऑफिस में सर्वेयर के पद पर तैनाती के दौरान उन्होंने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक कुल 32 लाख 89 हजार 384 रुपये की अघोषित संपत्ति अर्जित की। सीबीआइ ने आरोप लगाया था कि सुबीर के पास कार, फ्लैट के अलावा कई अन्य अघोषित संपत्ति मिली थी।

### रिम्स पर हाइकोर्ट की टिप्पणी : हम चला रहे अस्पताल

## शर्म आनी चाहिए कि ट्रॉली के लिए मोबाइल गिरवी रखना पड़ता है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रिम्स की बदहाली और रिम्स से जुड़े अन्य मामलों में शुक्रवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश डॉ रविरंजन और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने विभिन्न मामलों की सुनवाई एक साथ की। रिम्स से जुड़ी कई रिट याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रिम्स की बदहाली पर कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि शर्म आनी चाहिए कि एक ट्रॉली लेने के लिए मोबाइल गिरवी रखना पड़ता है।

वहीं नियुक्ति से जुड़े मामले पर अदालत ने कहा कि जांच के लिए कमेटी गठित होगी। इसके साथ ही कोर्ट ने रिम्स की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कोर्ट चला रहा है रिम्स। अब खंडपीठ मंगलवार 22 नवंबर को इस मामले में सुनवाई करेगी।

# हेमंत के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं झामुमो कार्यकर्ता

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में इडी की कारवाई के बीच इस ठंड के मौसम में भी राजनीतिक पारा आसमान चढ़ा हुआ है। इस दौरान जो सबसे गौर करनेवाला सीन है, वह है झामुमो कार्यकर्ताओं की चट्टानी एकता। कहावत है धीरज धर मित्र और नारी, आपद काल परखहुं चारी अर्थात संकट के समय ही धैर्य, धर्म, मित्र और पत्नी की पहचान होती है। इडी की कार्रवाई के बीच हेमंत सोरेन के लिए जो सबसे ज्यादा राहत देने वाली बात है, वह है इन चारों का इनके साथ होना। सच कहा जाये, तो सरकार गठन के बाद यह पहला अवसर है, जब हेमंत सोरेन विचलित नहीं हुए हैं और उससे भी बड़ी बात यह है कि झामुमो कार्यकर्ता इस राजनीतिक संकट के बीच उनके साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। ठंड के मौसम में भी अहले सुबह से लेकर देर रात तक ये कार्यकर्ता अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रहे हैं। अमूमन होता यह है कि संकट के समय अपने भी साथ छोड़ देते हैं, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि जो लोग किन्हीं कारणों से हेमंत सोरेन से दूरी बनाये हुए थे, वे भी कंधे से कंधा मिलाकर उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं। एक समय था, जब हेमंत की भाभी और जामा की विधायक सीता सोरेन के बारे में यह धारणा बन चुकी थी कि वह उनसे दूरी बनायी हुई हैं। यही धारणा विधायक लोबिन हेंब्रम और दीपक बिरुवा को लेकर भी बनी हुई थी। यही नहीं, कांग्रेस के तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी पर तो यह आरोप लगा कि उन्होंने हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए विरोधियों से पैसे तक ले लिये हैं, वे सरकार गिराने के लिए पैसे लेने के आरोप में कोलकाता जेल में भी रहे। कांग्रेस ने उन्हें निलंबित भी कर दिया। यही नहीं, उनकी सदस्यता रद्द करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास अर्जी भी डाल दी गयी। इस सियासी संकट के बीच चाहे सीता सोरेन हों, चाहें लोबिन हेंब्रम, दीपक बिरुवा हों या इरफान, राजेश और कोंगाड़ी, सभी के सभी हेमंत सोरेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर न सिर्फ खड़े हैं, बल्कि कोई भी परीक्षा देने को तैयार हैं। कल्पना सोरेन तो साये की तरह हेमंत सोरेन के साथ हैं। 17 नवंबर की रात वह जब हेमंत सोरेन को लेने के लिए इडी कार्यलय पहुंचीं, वह क्षण सचमुच में भावुक था। उनके जाने के बाद हेमंत सोरेन को कितनी ताकत मिली होगी, इसे सिर्फ महसूसा जा सकता है।




सभी लोगों के हेमंत सोरेन के साथ चट्टान की तरह खड़े होने के दो प्रमूख कारण हैं। एक तो यह कि उनमें अपने दल का नेतृत्व करने की क्षमता कूट-कूट कर भरी है। वह हर समय कार्यकर्ताओं के बीच रहते हैं। दूसरा यह कि झामुमो का एक एक कार्यकर्ता के दिल में यह बात घर कर गयी है कि जब साहेबगंज और पाकूड़ में पांच साल के दौरान एक हजार करोड़ का घोटाला हुआ है, तो कार्रवाई सिर्फ हेमंत सोरेन पर ही क्यों हो रही है। घोटाला 2014 से हो रहा है, तो उस समय के शासकों और अधिकारियों से पूछताछ क्यों नही। कार्यकर्ता इडी की उस विज्ञप्ति का हवाला भी दे रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि यह घोटाला वित्त वर्ष 2015-16 से 2022-23 तक हुआ। बता दें कि इडी ने अदालत में दायर चार्जशीट में कहा है कि रेलवे के जरिये स्टोन चिप्स के डिस्पैच का ब्योरा उसने बिहार के पीरपैंती रेलवे स्टेशन से जमा किया है, जो साहिबगंज के करीब स्थित है। इडी के अनुसार इस अवधि के दौरान सीटीएस इंडस्ट्रीज और अन्य ने स्टोन चिप्स के परिवहन के लिए 268 रेलवे रेक बुक किये,, जिनमें से 251 रेक बिना खनन चालान के भेजे गये। इसमें रघुबर दास सरकार की कार्यावधि शामिल है। दास 28 दिसंबर 2014 से 29 दिसंबर 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री रहे। अदालत के सामने पेश की गयी रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2015-16 से 2019-20 तक सीटीएस इंडस्ट्रीज और अन्य ने 233 रेलवे रेक में स्टोन चिप्स भेजे और किसी के पास कोई खनन चालान नहीं था।. वित्त वर्ष 2018-19 में सबसे ज्यादा 117 रेक बुक किये गये थे, लेकिन किसी के पास कोई खनन चालान नहीं था। इडी ने कहा कि 2015-16 के दौरान सीटीएस इंडस्ट्रीज और बीएससीआइ द्वारा कुल 16 रेक बुक किये गये थे और स्टोन चिप्स बिना माइनिंग चालान के डिस्पैच किये गये थे। आश्चर्यजनक रूप से अगले वित्तीय वर्ष में सीटीएस इंडस्ट्रीज द्वारा केवल एक रेक बुक किया गया था और उसका कोई खनन चालान नहीं था। वित्त वर्ष 2017-18 में सीटीएस इंडस्ट्रीज ने एडीटीजी के साथ मिलकर 31 रेक बुक किये और डिस्पैच किये। वित्त वर्ष 2019-20 में सीटीएस इंडस्ट्रीज और एसवीवाइ के नाम पर बुक किये गये रेक की संख्या 68 थी। इस तरह के अवैध कारोबार से सरकार को एक हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ।

यह सवाल भी झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच उठ रहा है कि राष्ट्रीय खनिज संपदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी जब अधिकारियों पर होती है, तो फिर उन आइएएस और आइपीएस तक इडी क्यों नही पहुंच रहा, जिनके उपर जान के साथ माल के भी सुरक्षा की जिम्मेदारी है। जाहिर है कि अगर घोटाला हुआ है, तो बगैर इनकी मिलीभगत के नहीं हो सकता है। बाकी डीसी, एसपी और डीएमओ क्या कर रहे थे। इडी की कार्रवाई अपनी जगह पर है। इडी देश की विश्वसनीय जांच एजेंसी है। उसकी जांच अभी जारी है। देर-सवेर सच्चाई सामने आयेगी ही। राज खुलेंगे ही। यह भी सही है कि इडी बगैर सबूत के कोई कार्रवाई नही करता। ऐसे में आज नहीं, तो कल दूध का दूध और पानी का पानी होगा ही। लेकिन जहां तक हेमंत सोरेन का सवाल है, उनके कार्यकर्ता इस संकट के समय उनके साथ खड़े हैं। यह किसी भी नेता के लिए सबसे बड़ी पूंजी होती है और यह पूंजी इतनी मुल्यवान होती है कि इसके लिए कोई भी नेता तरसता है। इसी पूंजी की बदौलत लालू आज भी तमाम झंझावातों के बीच अपने कार्यकर्ताओं के दिल में जगह बनाये हुए हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 64,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# झारखंड में जारी सियासी शो का क्लाइमेक्स अभी बाकी है

## हो चुकी है लीड एक्टरों की एंट्री, साइड एक्टर तो पहले से ही मचाये हैं धमाल

## कुछ सीक्वेंस की पटकथा और मंच तैयार है, बस परदा उठने का है इंतजार


राकेश सिंह

**विशेष संवाददाता**

झारखंड में सर्द मौसम के बीच राजनीतिक तापमान गरमाया हुआ है। इस गर्माहट की वजह से नित दिन नयी-नयी संभावनाएं जन्म ले रही हैं। इन नयी संभावनाओं के बीच पक्ष-विपक्ष की भावनाएं भी हिलोरें मार रही हैं। इन्हीं भावनाओं और संभावनाओं के बीच झारखंड का राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। कोई जुबानी तीर चला रहा है, तो कोई ट्विटर का सहारा ले रहा है। कोई धमकी भरे अंदाज में पेश आ रहा है, तो कोई किसी की दुखती रग को छेड़ रहा है।

इस रस्साकशी के बीच झारखंड में एक बार फिर से इडी रेस है। इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुलावा भेजा था। कई दिन बीत जाने के बाद अंततः हेमंत सोरेन ने 17 तारीख का दिन चुना। इसके ठीक दो दिन पहले, यानी 15 तारीख को झारखंड स्थापना दिवस के दिन राज्य सरकार के एक कार्यक्रम में कल्पना सोरेन की उपस्थिति ने खूब सुर्खियां बटोरीं, जहां उन्होंने हेमंत सोरेन, शिबू सोरेन, मंत्रियों और सांसदों के साथ मंच साझा किया। यहां से कयासों ने जोर पकड़ना शुरू किया।

इन्हीं कयासों की वजह से नयी राजनीतिक संभावनाओं ने रफ्तार पकड़नी शुरू की। 15 तारीख की रात से ही मुख्यमंत्री आवास पर बैठकों का दौर शुरू हुआ। पहले झामुमो विधायकों संग सीएम की बैठक हुई। एक रणनीति निर्धारित की गयी। फिर आता है 16 तारीख का दिन। फिर से मुख्यमंत्री आवास पर बैठकों का दौर शुरू होता है। यहां यूपीए विधायकों संग उनकी बैठक होती है। रणनीति बनती है। ये सभी बैठकें 17 तारीख को ध्यान में रखकर की जाती हैं, क्योंकि इसी दिन इडी के समक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पेश होना था। इडी कार्यालय जाने से पहले मुख्यमंत्री ने 17 तारीख की सुबह 10 बजे एक प्रेस कांफ्रेंस रखा था। देश की हर बड़े-छोटे मीडिया संस्थान के संवाददाता वहां उपस्थित थे। प्रेस कांफ्रेंस से पहले 16 की रात को मीडिया में फिर से कयासों ने जोर पकड़ा। कोई कह रहा था कि क्या कल मुख्यमंत्री इस्तीफा देने वाले हैं। क्या कल ही हेमंत सोरेन अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी की घोषणा करने वाले हैं। क्या कल मुख्यमंत्री इडी कार्यालय जाने वाले हैं या फिर कोई नयी तारीख की मांग होगी।

लेकिन कयास तो कयास ही होते हैं। इससे वास्तविकता का कोई लेना-देना नहीं होता। मीडिया में हर उस बात की चर्चा होने लगी, जिसका न तो सिर था और न ही पैर।

कुछ मीडिया हाउस ने तो राज्यपाल के समक्ष महागठबंधन विधायकों की परेड भी करवा देने की बात कह दी। खैर रात जैसे-तैसे गुजरी। सुबह होते ही प्रेस कांफ्रेंस शुरू होने का लोग इंतजार करने लगे। 17 की वह सुबह भी आयी। मुख्यमंत्री आवास पर मीडिया बंधुओं का भारी-भरकम जमावड़ा सुबह नौ बजे से ही जुट गया था। झारखंड के वैसे लोग, जिन्हें राजनीति में जरा भी इंटरेस्ट है, न्यूज चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से चिपक गये। 10 बजे से प्रेस कांफ्रेंस शुरू होना था। 10 से साढ़े 10 हो गया। साढ़े 10 से 11 बज गया। मीडिया में कयासों का दौर उफान मारने लगा। क्या होने वाला है। क्यों मुख्यमंत्री इतनी देर कर रहे हैं। क्या कुछ बड़ा होने वाला है। अरे लाइव रखो। कभी भी हेमंत सोरेन आ सकते हैं।

तय समय से एक घंटे 40 मिनट की देरी के बाद, करीब 11 बज कर 40 मिनट पर हेमंत सोरेन मीडिया के समक्ष उपस्थित हुए। 10 मिनट के इस प्रेस कांफ्रेंस में सीएम ने अपनी बातों को रखा। झारखंड के राज्यपाल से लेकर सोरेन परिवार के घर के विभीषण कहे जाने वाले रवि केजरीवाल तक के किरदारों पर सवाल उठाये। मुख्यमंत्री ने तीन पन्नों की एक चिट्ठी भी दिखायी और मीडिया में उसे बंटवाया भी। उस चिट्ठी में इडी के किरदार पर भी सवाल उठाये गये थे। कुछ बिंदुओं में अपनी बातों को भी रखा गया था।

आजाद सिपाही विशेष



लेकिन जब मुख्यमंत्री प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे, तब झारखंड की सियासत के चार किरदारों पर मेरी विशेष नजर पड़ी। ये हैं बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह, कैश कांड में फंसे जामताड़ा के विधायक डॉ इरफान अंसारी, कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी और खिजरी विधायक राजेश कच्छप। अनुप सिंह वही शख्स हैं, जिन्होंने इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप पर जीरो एफआइआर किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार गिराने के लिए इन तीनों विधायकों ने साजिश रची थी। ये बिके हुए हैं। ये तीनों विधायक दो हफ्ते से अधिक समय तक जेल में भी रहे और करीब एक सौ दिन बाद कोलकाता से रांची उनकी वापसी हुई है। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें निलंबित भी कर दिया है। लेकिन ये तीनों विधायक हेमंत सोरेन के प्रेस कांफ्रेंस के दिन ठीक उनके पीछे खड़े थे। साथ में अनुप सिंह भी थे। अनुप सिंह और इरफान अंसारी के कंधे बीच-बीच में सट भी जाते थे, लेकिन उनकी नजरें एक-दूसरे को देखने से बच रही थीं। विक्सल कोंगाड़ी का भी वही हाल था। लेकिन सबके चेहरे लटके हुए थे। सीएम से वे सभी भावनात्मक रूप से जुड़े हुए थे।

फिलहाल इडी ने हेमंत सोरेन से अपनी पहले दिन की पूछताछ पूरी कर ली है। हेमंत सोरेन से करीब 9 घंटे तक पूछताछ चली। 17 तारीख की रात करीब नौ बजे मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी इडी कार्यालय पहुंची थीं। वह हेमंत सोरेन को लेने वहां गयी थीं।

लेकिन जैसे ही कल्पना सोरेन इडी कार्यालय पहुंचीं, कयासों का बाजार एक बार फिर गर्म हो गया। क्यों आयी हैं। क्या इडी ने बुलाया है। अगर इडी ने बुलाया है, तो यह बड़ी खबर है। नहीं-नहीं, रात को इडी बिना नोटिस के कैसे बुला सकता है। लेकिन असल सच्चाई यही थी कि कल्पना सोरेन अपने पति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेने वहां पहुंची थीं। यह एक भावनात्मक क्षण था और एक पत्नी अपने पति के लिए वहां गयी थी। उसके बाद हेमंत सोरेन कल्पना सोरेन संग अपने सरकारी आवास पहुंचे। वहां पहले से ही कई विधायक और मंत्री उनका इंतजार कर रहे थे।

इस सर्द भरी रात में उनके समर्थक भी तन कर खड़े थे। हेमंत मुस्कुराते हुए इडी कार्यालय पहुंचे थे और मुस्कुराते हुए ही निकले। लेकिन उनकी मुस्कान बहुत कुछ कह रही थी। चेहरे और मुस्कान के समन्वय में अंतर था। हो भी क्यों नहीं, यह स्वाभाविक है कि कोई भी जांच एजेंसी अगर किसी को भी अपने रडार पर लेती है, तो उसके बॉडी लैंग्वेज में अंतर आ ही जाता है और वह बहुत कुछ कह देता है। शिकन तो चेहरे पर आ ही जाती है।

झारखंड में जो सियासी ड्रामा चल रहा है, उसमे कई किरदारों को इडी ने पहले ही अपने रडार पर ले लिया है। चाहे वह आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल हों या चार्टर्ड एकाउंटेंट सुमन कुमार, चाहे वह हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा हो या सत्ता की गलियारों में दलाल के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश या फिर व्यापारी अमित अग्रवाल। वहीं सोरेन परिवार के विभीषण रवि केजरीवाल ने भी इडी के समक्ष अपना डायलॉग बक दिया है। सत्ता पक्ष का कहना है कि यह कहां तक सही है कि रवि केजरीवाल के बयान पर इडी कार्रवाई करे। क्या इडी का अपना कुछ आधार नहीं है। आखिर इडी रवि केजरीवाल पर इतना आश्रित क्यों हो गया है। हेमंत सोरेन ने भी अपनी चिट्ठी में रवि केजरीवाल के किरदार के बारे में जिक्र किया है। उन्होंने इडी के रहस्योघाटन पर भी सवाल उठाया है कि एक हजार करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप का आधार क्या है। पत्थर खनन से तो सरकार के राजस्व में 1000 रुपये तक का कंट्रिब्यूटिन नहीं मिलता। उन्होंने कार्यकताओं के समक्ष यह भी कहा था कि क्या बालू और पत्थर से इतना राजस्व आता है, अगर है तो मैं केंद्र सरकार से यह आग्रह करता हूं कि कोयला, आयरन ओर और अन्य संपदा राज्य सरकार के अधीन कर दे और पत्थर तथा बालू केंद्र लेले।

जाहिर है, इडी की आगे की गतिविधियां भी झारखंड के राजनीतिक ड्रामे में तड़का लगाने को तैयार बैठी है। फिलहाल राजनीतिक ड्रामे का आगाज हो चुका है। शो हाउसफुल चल रहा है। इस ड्रामे में मोशन भी है, तो इमोशन भी है, एक्शन भी है, तो रिएक्शन भी है। कैश कांड भी है, तो जीरो एफआइआर भी है। हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप भी है, तो कोल ट्रेडिंग भी।

इसमें कोयला, पत्थर, बालू, कैश, पनडुब्बी से लेकर एके -47 तक सब अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। वैसे इस राजनीतिक ड्रामे में सरयू राय और रघुवर दास का एक अलग ही एंगल चल रहा है, जो समय-समय पर फिलर्स के रूप में सामने आता है। फिलहाल झारखंड के इस सियासी ड्रामे में लीड एक्टरों की एंट्री हो चुकी है। साइड एक्टर तो पहले ही बवाल मचाये हुए हैं। पंकज मिश्रा तो रिम्स में इलाज के नाम पर बड़े-बड़े अधिकारियों से मोबाइल फोन पर बात करते पकड़ाए ही थे। इडी ने कुछ किरदारों को खुला भी छोड़ दिया है। वहीं 18 नवंबर को कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बकौल हेमंत सोरेनः इडी के समक्ष हमने यह सवाल भी दाग दिया है कि क्या 1000 करोड़ रुपये के खनन घोटाले का जो आरोप इडी लगा रही है, क्या वह मात्र दो साल में हुआ है। फिर हेमंत सोरेन कहते हैं कि इडी भी कहती है नहीं। फिर हेमंत कहते हैं तो जांच उधर क्यों नहीं जाती, मुझपर ही निशाना क्यों। हेमंत सोरेन के साथ यूपीए के कुछ विधायक भी उपस्थित थे और साथ में थे हजारों कार्यकर्ता। फिलहाल अभी इस सियासी ड्रामे में कई सस्पेंस बाकी हैं, जहां किसी की अभी नजर नहीं जा रही है। इसमें कई ऐसे किरदार हैं, जो अपने पत्ते खोलने को बेताब बैठे हैं। कुछ सत्ता पक्ष के हैं, तो कुछ विपक्ष के। कुछ चेहरे तो सत्ता के इर्द-गिर्द नजर आ रहे हैं, तो कुछ सत्ता में रहकर भी सत्ता के इर्द गिर्द जरा कम ही दिखाई दे रहे हैं। जो कम दिखाई दे रहे हैं, वहां नजर ले जाने की जरूरत है। क्या झारखंड की सियासत में कोई नया खेमा तैयार हो रहा है, या यूं कहें कि तैयार बैठा है, जो गर्म तवे का इंतजार कर रहा है। पटकथा लिखी जा चुकी है। मंच सज कर जैसे तैयार बैठा है।

झारखंड में एक लेटर बम भी है, जो राज्यपाल के पास है। जिसका सभी को इंतजार है। सियासतदानों से लेकर मीडिया और आम लोगों की भी नजरें उस चिट्ठी का दीदार करने को बेताब बैठी हैं। कब वह चिट्ठी खुलेगी और कब झारखंड की राजनीति में एटम बम फटेगा, यह देखने वाली बात है। मुख्यमंत्री भी राज्यपाल के इस एटम बम का इंतजार करते-करते हाइकोर्ट तक चले गये हैं। इस सियासी ड्रामे का क्लाइमेक्स क्या होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन राजनीति में संभावनाओं की कल्पना तो की ही जा सकती है।

---

### पोते का जन्मदिन मनाने जाना है थाइलैंड

# विधायक कमलेश सिंह ने इडी कोर्ट से पासपोर्ट रिलीज करने का किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने इडी कोर्ट से पासपोर्ट रिलीज करने की गुहार लगायी है। मनी लांड्रिंग के आरोपी हुसैनाबाद के एनसीपी विधायक कमलेश सिंह को थाइलैंड जाना है। इसके लिए उन्हें पासपोर्ट की जरूरत पड़ेगी। इसलिए उन्होंने अदालत से आग्रह किया है कि उनका पासपोर्ट रिलीज किया जाये। जानकारी के मुताबिक विधायक को अपने पोते का जन्मदिन मनाने के लिए थाइलैंड जाना है।



### मनी लांड्रिंग का है आरोप

बता दें कि मनी लांड्रिंग के केस में पूर्व मंत्री सह विधायक कमलेश सिंह और उनकी पत्नी मधु सिंह के खिलाफ चार्ज फ्रेम किया जा चुका है। वहीं उनके बेटे और बेटी के खिलाफ भी पांच करोड़ 83 लाख 64 हजार 197 रुपये की मनी लांड्रिंग का आरोप है। इडी ने यह आरोप लगाया है कि कमलेश सिंह के मंत्रित्व काल के दौरान उनके बेटे सूर्य सोनल सिंह और उनकी बेटी अंकिता सिंह ने भी मनी लांड्रिंग की है। फिलहाल सभी आरोपी जमानत पर हैं। हाइकोर्ट ने उनकी जमानत के वक्त पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करने का आदेश दिया था।

# मनी लांड्रिंगः बच्चू यादव की जमानत अर्जी खारिज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खनन घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी बच्चू यादव की जमानत याचिका रांची इडी की विशेष अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने बच्चू को जमानत देने से इनकार कर दिया। इससे पहले हुई सुनवाई में इडी की ओर से जवाब दाखिल किये जाने के बाद दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई। बहस के दौरान एक तरफ बच्चू यादव के वकील ने उसे जमानत देने के पक्ष में दलीलें पेश कीं, वहीं दूसरी तरफ इडी के वकील ने बच्चू पर लगे आरोपों को संगीन बताते हुए उसे जमानत नहीं दिये जाने का आग्रह किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने पहले बच्चू की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। बाद में कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

बता दें कि बच्चू यादव को इडी ने कई बार समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया था, फिर भी वह हाजिर नहीं हुआ। इसके बाद बच्चू यादव को इडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इडी ने साहिबगंज में 26 जुलाई को दाहू यादव और बच्चू यादव के एक जहाज को जब्त किया था। जहाज बाजार घाट पर लंगर पर खड़ा था।

### सुरेश बैठा बनाम समरी लाल मामला

# विधायक का दूसरा गवाह बोला, आजादी से पहले यहां आये, पर दस्तावेजी प्रमाण नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की चुनाव याचिका पर हाइकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित गवाह विनोद राम का बयान दर्ज किया गया। विनोद राम ने कोर्ट को दिये अपने बयान में कहा कि समरी लाल का परिवार आजादी से पहले से रांची में रह रहा है, लेकिन इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण उनके पास उपलब्ध नहीं है। इसके साथ ही

### कोर्ट ने समरी पर जतायी नाराजगी

अदालत ने समरी लाल पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस केस को लंबा खींचने की कोशिश की जा रही है। अब अदालत इस मामले में 22 नवंबर को सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा।

बता दें कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। मतगणना के बाद भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया। इसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। इसके पीछे उन्होंने आधार दिया है कि समरी लाल द्वारा चुनाव के दौरान दिया गया जाति प्रमाण पत्र गलत है।

### पूछताछ संभव : अवैध खनन के मामले में साहिबगंज के डीसी-एसपी इडी की रडार पर

# पूछताछ में सीएम ने अफसरों पर फोड़ा ठीकरा : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक हजार करोड़ के अवैध खनन के मामले में साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा अब इडी की रडार पर हैं। इनसे कभी भी पूछताछ हो सकती है। इसके अलावा पुलिस विभाग के एक सीनियर अधिकारी से भी उनका पक्ष लिया जा सकता है। ऐसा कहना है भाजपा के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का। उन्होंने इस संबंध में ट्वीट किया है, जिसमें आरोप लगाया है कि पूछताछ के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आइएएस और आइपीएस अधिकारियों को फंसा दिया और अवैध खनन का सारा ठीकरा अफसरों पर फोड़ दिया।



बता दें कि इडी ने सीएम से अवैध खनन के बारे में सवाल किया था और जानना चाहा था कि इसको रोकने के लिए उनके स्तर से क्या किया गया। इसके जवाब में सीएम ने कहा था कि साहिबगंज के प्रशासन से अवैध खनन के संबंध में कोई जानकारी सरकार को नहीं दी गयी थी। साहिबगंज के डीसी ने किसी तरह का पत्राचार नहीं किया था और ना ही वहां के पुलिस प्रशासन ने कोई कदम उठाया या कोई जानकारी दी। बकौल मरांडी, सत्ता के ब्रोकर प्रेम प्रकाश के यहां दो एके-47, जो सीएम आवास की सुरक्षा में तैनात जवानों के थे, कैसे गये, वही बता सकते हैं।

बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट किया है कि मीडिया सूत्रों के मुताबिक इडी की पूछताछ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डर के मारे 'याद नहीं' कह कर अपने लूट तंत्र के चुभते सवालों को टालने की कोशिश की। बताइये कि सुपर दलाल प्रेम प्रकाश, जिनके घर से मुख्यमंत्री की सुरक्षा का एके 47 मिला, को नहीं पहचानने की उनकी बात कौन यकीन करेगा?

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने महाराष्ट्र गयीं विधायक दीपिका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जारी राजनीतिक सरगर्मी के बीच कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए शुक्रवार को महाराष्ट्र चली गयीं। वह रांची से दिल्ली गयीं और वहां से औरंगाबाद जायेंगी। औरंगाबाद के बाद वह श्रीगांव जायेंगी, जहां राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में वह शामिल होंगी। बताते चलें कि शनिवार को

### आज महिला विधायकों और एमएलसी संग रैली करेंगे राहुल

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती है। इस अवसर पर राहुल गांधी कांग्रेस की महिला विधायकों और एमएलसी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लेंगे। दीपिका पांडेय सिंह झारखंड से पहली कांग्रेस महिला विधायक हैं, जो भारत जोड़ो यात्रा के लिए महाराष्ट्र गयी हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.8 °c | 14.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.04 बजे |



## मुख्यमंत्री आवास में यूपीए विधायकों की बैठक, कहा-

# भाजपा के हर षड्यंत्र का माकूल जवाब देंगे

यूपीए की बैठक में बनी आगे की रणनीति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर शुक्रवार को यूपीए विधायकों की बैठक हुई। इसमें कई बातों पर चर्चा हुई। इस दौरान सीएम ने सभी विधायकों से अपने-अपने क्षेत्र में जाकर जनहित के कार्य पूरा कराने की अपील की। इसके अलावा भी कई बातों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद सीएम आवास से बाहर निकले नेताओं ने कहा कि भाजपा के हर षड्यंत्र का माकूल जवाब देंगे। नेताओं ने इडी जांच के संबंध में कहा कि इडी जांच कर रही है, जांच में जो भी बातें सामने आयेंगी उसके बाद ही आगे की रणनीति तय की जायेगी।

**इडी का समन कानूनी नहीं उद्देश्य था हेमंत सोरेन की छवि को खराब करना: मिथिलेश ठाकुर**

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इडी ने जो सीएम को समन किया था वो कानूनी समन नहीं था, ये सिर्फ और सिर्फ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की छवि को खराब करना था। यह समन केवल इसी उद्देश्य से किया गया था। हेमंत सोरेन के काम को लेकर बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षियों की नींद उड़ गयी है।

**आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार रहने का निर्देश मिला : राजेश ठाकुर**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूरे राज्य की जनता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चाहती है। इसलिए पूरे राज्य से जन सैलाब उमड़ा था। इस समर्थन के लिए मुख्यमंत्री ने सभी को धन्यवाद दिया है। हम लोग आपस में बैठकर आगे की रणनीति बना रहे हैं। गठबंधन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सजग रहने का निर्देश दिया गया है। सभी कार्यकर्ताओं को आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। केंद्र सरकार की कोई भी साजिश को हम लोग मिलकर नेस्तनाबूद कर देंगे।

**हमलोगों ने हर षड्यंत्र को चूर किया है आगे भी करते रहेंगे: बन्ना गुप्ता**

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह सरकार न डरने वाली है, ना ही संवैधानिक मूल्यों का हनन होने देंगे। हमलोग पूरी मजबूती से एक जूट है। जिसदिन से सरकार बनी है उसी दिन से विपक्षी षड्यंत्र कर रही है। हमलोगों ने हर षड्यंत्र को चूर किया है आगे भी करते रहेंगे।

**2024 के चुनाव में सारे विपक्षियों के लिए मुश्किल : विजय हांसदा**

सांसद विजय हांसदा ने कहा कि झारखंड सही हाथों में है। राज्य का मसीहा हेमंत सोरेन ही हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा किये गये कार्यों से विपक्ष के अंदर घबराहट होने लगी है। इसी तरह काम करते रहे तो 2024 के चुनाव में सारे विपक्षियों के लिए मुश्किल खड़ी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि जानबूझ कर सीएम को फंसाने की साजिश है। इसका जवाब जनता देगी।

**अनुप सिंह का नाम मत लो गुस्सा आता है: इरफान अंसारी**

यूपीए विधायक दल की बैठक में निलंबित कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी भी शामिल हुए। बैठक के बाद इरफान अंसारी ने कहा कि सभी को मिलजुलकर राज्य के विकास के काम में लगना चाहिए। वहीं उन्होंने विधायक अनुप सिंह पर पूछे गये सवाल पर कहा कि अनुप सिंह का नाम मत लो गुस्सा आता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब एक साथ हैं और जब भी जरूरत होगी पूरी एकजुटता से हम सब हर परिस्थिति का मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि जिसका पूरा झारखंड है वह शिबू सोरेन का बेटा हेमंत सोरेन कोई गलत काम करें यह संभव नहीं है।

**कार्यकर्ता अपनी भावनाओं को व्यक्त करने आये हैं : सरफराज अहमद**

विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि हेमंत सोरेन हमारे नेता हैं। जहां तक कार्यकर्ताओं की बात है, तो यहां ये लोग अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए आये हैं। यह झामुमो की एकता है और एकजुटता को दर्शाता है।

**एक सीएम को इस तरह से बुलाना सही नहीं : महुआ**

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ होगा कि किसी राज्य के सीएम को इस तरह से बुलाया गया हो। भाजपा की सरकार में कई लोगों ने भ्रष्टाचार किये। उन्हें इडी क्यों नहीं बुला रहा है। साजिश के तहत संथाल की कई ट्रेनों को रद्द कर दिया, ताकि वहां के कार्यकर्ता रांची नहीं आ सकें।

# उमड़े झामुमो कार्यकर्ता, किसी मेले जैसा दिखा नजारा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सियासी सरगर्मी तेज है। सीएम हेमंत सोरेन से 17 नवंबर को इडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा नौ घंटे से अधिक चली पूछताछ के बाद शुक्रवार को सीएम हाउस के बाहर यूपीए विधायक दल की बैठक से पहले का नजारा देखते ही बन रहा था। झामुमो कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ा था। इस दौरान उनके हाथों में तख्तियां थीं। फिजाओं में हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे गूंज रहे थे।

**सीएम हाउस के बाहर लगा मेला**

सीएम हाउस के बाहर राज्य के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सुबह से ही जम गये थे। जिसको जहां जगह मिली, वहीं खड़ा हो गया। सभी का जोश उफान मार रहा था। कुछ लोग पारंपरिक तरीके से मांदर की थाप पर नृत्य कर रहे थे।

**आम दिनों से अलग था नजारा**

रांची के कांके रोड स्थित सीएम हाउस के बाहर का नजारा शुक्रवार को आम दिनों से बिल्कुल अलग था। झामुमो के कार्यकर्ता सड़कों पर डटे थे। कार्यकर्ताओं के हाथों में तख्तियां थीं। इनमें लिखा था, हेमंत तुम पर नाज है, पूरा झारखंड साथ है। जोर जुल्म की टक्कर में, संघर्ष हमारा नारा है। हेमंत सोरेन जिंदाबाद। कार्यकर्ता जोश में थे। लेकिन कहीं किसी तरह की उत्तेजना नहीं थी। ये कार्यकर्ता अपने नेता के समर्थन के लिए जुटे थे।

## इडी की पूछताछ के विरोध में हजारों कार्यकर्ता जुटे हैं रांची में

# एहे हमर नेता लागये सोना झारखंड...



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से खनन मामले में हुई इडी की पूछताछ के विरोध में हजारों कार्यकर्ता पिछले दो दिनों से रांची में जुटे हुए हैं। पारंपरिक नृत्य-गीत के जरिए कार्यकर्ता केंद्र सरकार का विरोध कर रहे हैं। झामुमो के सभी कार्यकर्ता सीएम को समर्थन देने के लिए एकजुट हैं। जनआक्रोश रैली का शुक्रवार को दूसरा दिन था। मुंडारी नृत्य के जरिये दूसरे जिले से आये कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध जताया। 'हेमंत सोरेन दादा चइल के आलंय पगडंडे, एहे हमर नेता लागये सोना झारखंड।।' गीत बजा कर कार्यकर्ताओं और गढ़वा से आये कलाकारों ने नृत्य पेश किया। दिन भर गाने-बजाने का दौर चलता रहा। कार्यकर्ताओं ने इसे जनाक्रोश मार्च का नाम दे दिया है। जेएमएम आक्रोश रैली के तहत राज्य के तमाम जिलों में अलग-अलग जत्थे रांची सीएम आवास पहुंचे। भारी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता हाथों में तख्ती, बैनर-पोस्टर लिये हुए इडी की कार्रवाई का विरोध करते नजर आ रहे थे। इसके अलावा कार्यकर्ता केंद्र और केंद्रीय एजेंसियों के विरोध में भी जम कर नारेबाजी कर रहे थे। वहीं, जिला स्तर पर सारे नेता और कार्यकर्ता लगातार केंद्र की भाजपा सरकार को कोस रहे हैं। सांसद विजय हांसदा ने कहा कि झारखंड सही हाथों में है। राज्य का मसीहा हेमंत सोरेन ही हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा किये गये कार्यों से विपक्ष के अंदर घबराहट होने लगी है। इसी तरह काम करते रहे तो 2024 के चुनाव में सारे विपक्षियों के लिए मुश्किल खड़ी हो जायेगी।

# 19 से 21 नवंबर तक 24 जिलों में भाजपा का हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आक्रोश प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर भाजपा शनिवार से एक बार फिर जनता के बीच जाने वाली है। राज्य के सभी 24 जिलों में 19 से 21 नवंबर तक भाजपा हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आक्रोश प्रदर्शन करने वाली है। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के अलावा भाजपा के सांसद, विधायक और पदाधिकारी अलग-अलग जिला मुख्यालयों में शामिल होंगे। इस आक्रोश-प्रदर्शन के माध्यम से पार्टी राज्य में भ्रष्टाचार, मुख्यमंत्री से इडी की पूछताछ, मुख्यमंत्री के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट, खनिजों की लूट समेत कई मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद करेगी।

**253 प्रखंडों के प्रदर्शन में सवा दो लाख से ज्यादा लोग हुए थे शामिल**

इससे पहले भाजपा ने सात से 19 नवंबर तक राज्य के सभी प्रखंडों में सरकार के खिलाफ हल्ला बोला था। प्रदेश के सभी 24 जिलों के 253 प्रखंडों में आक्रोश जनसभा का आयोजन किया गया था। भाजपा का दावा है कि इस प्रदर्शन में राज्यभर से दो लाख 17 हजार 309 लोग शामिल हुए थे।

## भाजपा को मिल रहा है जनता का पूरा समर्थन : दीपक प्रकाश



प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को कहा कि 19 से 21 नवंबर तक होने वाले जिला स्तरीय प्रदर्शन में भारी संख्या में लोग शामिल होंगे। भाजपा के हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आक्रोश-प्रदर्शन को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। प्रखंडों में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में जिस संख्या में जनता की भागीदारी रही, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि राज्य की हेमंत सरकार को अब राज्य की जनता एक क्षण भी गद्दी पर बैठे नहीं देखना चाहती है। जनता जान चुकी है कि जितने दिन यह सरकार राज्य में रहेगी, झारखंड का विनाश भी उतना ही होगा।



### राशिफल
डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। |
| वृष | संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता. |
| मिथुन | रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति। |
| कर्क | नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी। |
| सिंह | सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा |
| कन्या | धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा |
| तुला | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा। |
| वृश्चिक | नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि। |
| धनु | निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा। |
| मकर | थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी |
| कुंभ | अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है। |
| मीन | घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी। |

# आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक 19 नवंबर को रांची स्थित कार्यालय में होगी। बैठक की अध्यक्षता झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो करेंगे। आजसू प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने शुक्रवार को बताया कि केंद्रीय समिति की बैठक में पार्टी के भावी कार्यक्रमों की घोषणा, पूर्व में किये गये कार्यक्रमों की समीक्षा तथा राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की जायेगी। इस दौरान राज्य के ज्वलंत विषयों पर चिंतन-मंथन किया जायेगा। इसमें नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हकमारी, जातीय जनगणना, खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति, सरना धर्म कोड, झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान तथा हाल ही में विधानसभा के विशेष सत्र में राज्य सरकार की ओर से पारित किये गये विधेयक मुख्य रूप से शामिल हैं। इस दौरान सदस्यता अभियान तथा जनसंग्रह-धनसंग्रह कार्यक्रम की भी समीक्षा की जायेगी। भगत ने बताया कि बैठक में केंद्रीय समिति के सभी सदस्य अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## जमशेदपुर में श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल का उद्घाटन

# परोपकार से बड़ा कोई पुण्य नहीं : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि परोपकार से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। सत्य तो सत्य है और साईं का मतलब होता है ईश्वर। श्री सत्य साईं प्रेम, दया, करुणा और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। श्री सत्य साईं ने कहा था कि मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। श्री सत्य साईं ने अपना पूरा जीवन दीन, हीन और दुखियों की सेवा को समर्पित कर दिया था। राज्यपाल रमेश बैस शुक्रवार को जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल ने अपनी तमाम शाखाओं में लगभग 23 हजार से अधिक बच्चों की सफल हार्ट सर्जरी की है, वह भी बिल्कुल मुफ्त। यह संस्था बहुत ही सेवा भावना से काम करती है। इनके रायपुर के अस्पताल से मैं परिचित हूं। श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल का प्रशासन किसी के दबाव में काम नहीं करता है। जब छत्तीसगढ़ से सांसद था, तब मैंने भी एक सिफारिश की थी, लेकिन अस्पताल की व्यवस्था से अलग न जाने की विवशता बता कर मुझे भी मना कर दिया गया था।

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि झारखंड स्वास्थ्य सेवा में पीछे है। आगे ले जाने की लगातार कोशिशें हो रही हैं। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में जमशेदपुर ही नहीं आसपास के क्षेत्र के लोगों को इस अस्पताल से बहुत लाभ मिलेगा।

समारोह को टाटा स्टील कॉर्पोरेट सर्विसेस के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी विवेक गौर ने किया।



## तीन बच्चों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

राज्यपाल रमेश बैस ने जमशेदपुर के तीन बच्चे जिनके हार्ट की सर्जरी हाल ही में संजीवनी अस्पताल रायपुर व मुंबई में हुई थी, को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व राज्यपाल सहित अन्य अतिथियों ने फीता काट कर अस्पताल का उद्घाटन किया और अस्पताल परिसर का भ्रमण कर यहां मिलने वाली तमाम सुविधाओं का जायजा भी लिया।

## यह अस्पताल नहीं, मानव स्वास्थ्य सेवा का मंदिर है : चेयरमैन

समारोह में श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ पी श्रीनिवास ने कहा कि यह अस्पताल नहीं, मानव व स्वास्थ्य सेवा का मंदिर है। हां, दिखने में ये अस्पताल हो सकता है। श्री सत्य साईं ने जीवन भर मानवता की सेवा की। संजीवनी में भी काम नहीं, सेवा ही होती है। यह प्रेम व सेवा का केंद्र है। उन्होंने झारखंड के लोगों को भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द यहां बच्चों की दिल की बीमारी का स्क्रीनिंग सेंटर भी खुल जायेगा।

# 'स्वच्छ पानी की उपलब्धता मूलभूत आवश्यकता'

जन योजना अभियान-2022-23 पर तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंचायती राज विभाग के केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, हेहल, रांची में शुक्रवार को जन योजना अभियान को लेकर राज्य संसाधन दल राज्य स्तरीय का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला में पंचायती राज मंत्रालय के अपर सचिव चंद्रशेखर ने ग्राम पंचायत की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए समग्र जीपीडीपी तैयार करने में ग्रामीण स्थानीय निकायों और ग्राम सभाओं में बदलाव के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने जीपीडीपी के साथ ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना (वीपीआरपी) को शामिल करने के महत्व पर भी जोर दिया। पंचायती राज निदेशालय की निदेशक राजेश्वरी बी ने सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण के तहत चिह्नित 9 विषयों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों से जिला स्तर/प्रखंड स्तर/ ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायतों पुरस्कारों के आंकड़ों को ससमय प्रविष्टि कराने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि मनरेगा, आदि जैसी विभिन्न योजनाओं के सम्मिलन के माध्यम से विषयगत जीपीडीपी तैयार करने के दृष्टिकोण पर बताया। क्योंकि प्रत्येक घर में स्वच्छ पानी की उपलब्धता स्वस्थ गांव की मूलभूत आवश्यकता है। बता दें कि पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दिया जा रहा है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नर्ड, हैदराबाद के सलाहकार तक्विद्दीन द्वारा जीपीडीपी की विस्तृत जानकारी दी गयी।

मौके पर प्राचार्य केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, हेहल राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए नामित नोडल पदाधिकारी सहित प्रशिक्षण संस्थान के सभी व्याख्याता, पंचायती राज विभाग के पदाधिकारी/कर्मी एवं सभी जिलों से 9 विषयों से संबंधित विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


## AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No. 1326 date 18.11.2022 By this, deed I, the undersigned, Kumar Asim Bera, Aged about 30 Years S/o Nanda Kumar Bera and R/o Matrichhaya, House No. 17, New Nagra Toli, P.O G.P.O-18, Near Ranchi Womens College, District- Ranchi, Jharkhand, 834001, do hereby solemnly affirm and declare:

1. That my name has been recorded as Kumar Asim Bera in all the educational certificate and in other relevant documents etc.
2. That by virtue of affidavit dated-19.06.2019 recently I changed my name from Kumar Asim Bera to Aadarsh Shankar Bera which is not in existence as such in educational certificate my name is mentioned as Kumar Asim Bera.
3. That for the purpose of evidencing such my determination declare that I shall at all times hereafter in all records, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transactions, private as well as upon all occasions whatsoever, use and sign the name of Kumar as my name/surname Asim Bera.
4. That the facts stated above are true to the best of my knowledge and belief.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# यादव महासभा ने रेजांगला युद्ध शौर्य दिवस मनाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश यादव महासभा द्वारा रांची सहित झारखंड प्रदेश के सभी जिलों में शौर्य दिवस पर कलश यात्रा निकाली गयी। रेजांगला युद्ध पर शहीद हुए अमर शहीदों की मिट्टी कलश में रखी हुई थी। सभी ने श्रद्धा पूर्वक नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। रेजांगला से लायी गयी मिट्टी के साथ जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक कलश लेकर मार्च निकालकर अहीर रेजिमेंट की मांग पर अपनी आवाज को बुलंद किया गया। इस दौरान वीर शहीदों के बलिदान की गाथा को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्रदेश यादव महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलकर अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान झारखंड प्रदेश यादव महासभा ने कहा कि 100 वर्ष से पुरानी अहीर रेजिमेंट की हमारी मांग आज भी अधूरी है। अहीर रेजिमेंट हमारा हक है और हम इसे लेकर रहेंगे।

### अलग रेजिमेंट की मांग को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

झारखंड प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव ने कहा है कि इस मांग को नयी धार देने के लिए देश के 500 ज़िलों के 5000 गांवों तक अहीर रेजिमेंट मांग के संदेश को भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय अभियान के तहत रेजांगला से आयी मिट्टी को देश के कोने-कोने में भेजा गया है। शौर्य यात्रा निकाल कर हमें अपनी अहीर रेजिमेंट की मांग को बुलंद कर रहे हैं। भारत सरकार को हमारी इस मांग पर फैसला लेना होगा। इस कार्यक्र म में मुख्य रूप से प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव, जय सिंह यादव, रंजन यादव, बनारस यादव, संजय यादव, चंदन यादव, सागर यादव, सुनील यादव, लालजी यादव, सुधीर राय संतु यादव सहित प्रदेश यादव महासभा झारखंड के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## झारखंड आंदोलनकारियों ने निकाली आभार रैली, कहा-

# 1932 झारखंड में लायेगा नया विहान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति विधानसभा से पारित कर झारखंडी का सम्मान बढ़ाने के लिए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने मोरहाबादी मैदान से सीएम हाउस तक आभार रैली निकाली। रैली में राज्य भर से हजारों की संख्या में झारखंड आंदोलनकारियों ने एक स्वर से कहा कि केंद्र सरकार झारखंड को अशांत करने की साजिश बंद करे। वरना अच्छे दिन के बजाय बुरे दिन देखने होंगे। झारखंड आंदोलनकारी रैली की शक्ल में मुख्ययमंत्री आवास पहुंचे। साजिश के खिलाफ आंदोलन में साथ खड़े होने की बात कही।



### बाबूलाल मरांडी सरकार के समय भी झारखंडियों के हितों पर हुआ था हमला

आंदोलनकारियो को संबोधित करते हुए संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड, हमें गिफ्ट में नहीं संघर्ष और शहीदों की शहादात से मिला है। हमलोगों ने लड़कर झारखंड को बनाया है. इसे केंद्रीय ऐजेंसियों को तबाह नहीं करने देंगे। सबसे बड़े लुटेरे विदेश भाग गये। उस समय केंद्रीय एजेंसियों सोई रहीं। जब झारखंडियों के लिए स्थानीयता और नियोजन की नीति पारित हुआ तो झारखंड को अशांत बनाने की साज़िश की जा रही है। हम केंद्र सरकार से जानना चाहते हैं कि आखिर स्थानीयता लागू करने के समय ही झारखंड को क्यों परेशान किया जाता है। बाबूलाल मरांडी सरकार के समय में भी इसी तरह सरकार को गिरा कर झारखंडियों के हितों पर हमला किया गया था। झारखंड आंदोलनकारी झारखंड को तबाह करने की हर साजिश के खिलाफ हैं। वहीं वरिष्ठ आंदोलनकारी विदेशी महतो ने कहा कि 1932 झारखंडी जनता के लिए ऐतिहासिक कदम है। हेमंत सोरेन ने जो कदम बढ़ाया है हम सभी उनके साथ हैं।

### रैली में ये रहे मौजूद

रैली में खिरोधर महली, मुरलीधर चौरसिया, बीरेंद्र ठाकुर, लालन तुरी, योगेश्वर राम, विकार केरकेट्टा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अपर कोयला सचिव ने सीसीएल में समीक्षा बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में अपर सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय वीके तिवारी ने सीसीएल एवं सीएमपीडीआइ के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक की। बैठक में सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद, सीएमपीडीआइ सीएमडी मनोज कुमार सहित सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) बी साईराम, सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में अपर सचिव (कोयला) वीके तिवारी ने कोयला उत्पादन एवं प्रेषण पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी महाप्रबंधकों/विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया, जिससे कंपनी अपने कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इतना ही नहीं, उन्होंने कोयला मंत्रालय की ओर से हरसंभव मदद देने का भी आश्वासन दिया।



इससे पूर्व सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने अपर सचिव (कोयला) का स्वागत करते हुए उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सीसीएल अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर सतत् अग्रसर है।

# युवा महोत्सव सांस्कृतिक प्रतिभा दर्शाने का आदर्श मंचः डॉ शांडिल्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के द्वारा आगामी 21 नवंबर से 24 नवंबर तक चार दिवसीय युवा महोत्सव 2022, स्पंदन का आयोजन किया जाना है। इसके सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।

शुक्रवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में इन कमेटियों की तैयारियों से संबंधित आयोजन के पूर्व अंतिम समीक्षा बैठक बुलायी गयी। कुलपति ने इस क्रम में आगामी 21 नवंबर से प्रारंभ होने वाले युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों से पूर्ण सहयोग और उत्साह के साथ इस आयोजन में जुड़ने का आग्रह किया। गौरतलब है कि इस युवा महोत्सव के तहत जो प्रतियोगिताएं शामिल की गयी है, उनमें संगीत, फोक, जनजातीय नृत्य, क्लासिकल डांस, क्विज, थियेटर, फाइन आर्ट और अंतिम दिन श्यामोत्सव का आयोजन शामिल है। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि युवा महोत्सव किसी भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का एक प्रतिबिंब होता है,

### युवा महोत्सव 2022 की तैयारी को लेकर की बैठक

जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की प्रतिभा का संदेश जाता है। उन्होंने कमेटी में शामिल सभी सदस्यों से अपील की कि हमें विद्यार्थियों की सहभागिता से इस चार दिवसीय आयोजन को सफल बनाना है ताकि इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न सिर्फ अकादमिक गतिविधियों में आगे रहे बल्कि सांस्कृतिक विधा में भी स्वयं और संस्थान को अग्रणी रखने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। इस युवा महोत्सव का उदघाटन सत्र 21 नवंबर को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जायेगा। 23 नवंबर को पुरस्कार वितरण और 24 नवंबर को श्यामोत्सव का आयोजन होना है। इस आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों के समन्वयक के तौर पर डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ शालिनी लाल है। इस बैठक में डएसडब्लू डॉ अनिल कुमार, समेत युवा महोत्सव के लिए गठित विभिन्न कमिटियों के सभी सदस्य शामिल थे। यह जानकारी पीआरओ राजेश कुमार सिंह ने दी।

# राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आंदोलन करेगा : राजेश गुप्ता

### नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण के लिए कोर्ट जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण के लिए सड़क पर आक्रोश मार्च और न्यायालय की शरण में जायेगा राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा। उक्त बातें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में एक बैठक में कहीं। श्री गुप्ता ने कहा कि बैठक में सरकार के द्वारा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी का आरक्षण हटा दिये जाने पर निंदा की ग्यी और आगे बड़े आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।




बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया कि गत महीने देश के मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सरकार पंचायत चुनाव और नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देकर चुनाव करायी है। वही बिहार सरकार न्यायालय के अनुसार ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

प्रदेश महासचिव ने कहा राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा को विश्वास नहीं हो रहा है कि जिस सरकार को ओबीसी मोर्चा ने समर्थन किया है। वही पहले पंचायत चुनाव में और अब शहरी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी समुदाय के हक छीन लिया।

बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र साहू ने कहां की ओबीसी के विधायक सांसदों ने वोट लेकर ओबीसी के हक अधिकार भगवान भरोसे छोड़ दिया। वैसे प्रतिनिधियों को अब विरोध किया जायेगा। वरिष्ठ पदाधिकारी विद्याधर प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा राज्य के तमाम ओबीसी संगठनों के साथ मिलकर बड़े प्रदर्शन करेगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जायसवाल, महासचिव प्रभात शर्मा, ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष अजय मेहता, वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र साहू, विद्याधर प्रसाद, विनय चंद्रवंशी, अभय प्रसाद अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया वीमेन वुशु लीगः कांके विधायक ने खेलो इंडिया के झारखंड में आयोजन पर बधाई दी

# झारखंड को एक गोल्ड, 4 रजत सहित 10 पदक मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होटवार, रांची में खेले जा रहे वीमेन वुशु लीग के दूसरे दिन ताउलू के विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। इसमें विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में झारखंड के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते. सानसाउ प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी अपनी जोर आजमाइश में लगे रहे और लीग के दूसरे चक्र में पहुंचे। इस लीग के दौरान खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन भी किया गया। रांची शहर के गणमान्य लोगों ने लीग के दौरान विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान किया। रांची यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर अजित कुमार सिन्हा, कांके विधायक समरी लाल, रांची के एडिशनल कलेक्टर राजेश बरवार, आचार्यकुलम की प्रधानाध्यापिका सुजाता कौर, असिस्टेंट डायरेक्टर साई रामकुमार (इंचार्ज झारखंड) ने खिलाड़ियों को पदक प्रदान किये। मौके पर कांके विधायक ने खेलो इंडिया के झारखंड में आयोजन पर भारत सरकार को बधाई दी।

### अर्निस नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड ने 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत एवं 2 कांस्य पदक हासिल किये

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्रीनगर, जम्मूकश्मीर के पोलो ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय अर्निस प्रतियोगिता में झारखंड के रिधिमा मिश्रा तथा कुमकुम कुमारी ने स्वर्णपदक जीता तथा रविराज राय अश्फाक अंसारी शिवानी कुमारी ने रजत पदक जीता। इसके अलावा प्रियंका सोय, आरती कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किये। जीत की इस उपलब्धि पर झारखंड अर्निसस्पोर्ट्स के अध्यक्ष गुलाम अब्दुल कादिर, महासचिव सिफु बिस्वजीत कर्माकर ने बधाई दी। टीम के आगमन पर रांची स्टेशन में आरपीएफ, समाजसेवक तौहीद आलम और संस्था के सदस्यों द्वारा जीत की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।



सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनिरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
G20
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आदिवासी संगठनों का राजभवन के समक्ष धरना 21 को

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद 21 नवंबर को राजभवन के समक्ष धरना देगा। रांची नगर निगम का महापौर पद से अनुसूचित जनजाति (एसटी) से हटाकर अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित करने के विरोध में दिया जायेगा। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने बताया कि यह निर्णय बैठक में लिया गया। साथ ही राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर महापौर अनुसूचित जनजाति के आरक्षित सीट को फिर से लागू करने की मांग की जायेगी। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा बिमल कच्छप, बाना मुंडा, भुवनेश्वर लोहरा एवं अन्य शामिल थे।

### सरजू नर्सिंग होम की ओर से 300 हेलमेट का वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को रांची के डांगरा टोली स्थित सरज्जू नर्सिंग होम के द्वारा 300 लोगों के बीच निशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। संचालक उषा प्रसाद ने कहा कि हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटना में घायलों को कम क्षति होती है। हेलमेट से जान बचने की उम्मीद ज्यादा होती है। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा हेलमेट का वितरण किया गया है। वितरण कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रांची के विधायक सीपी सिंह ने भी सरज्जू नर्सिंग होम के इस पहल की सराहना की। वहीं रांची कि मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट अनिवार्य है। हेलमेट नहीं होने के कारण सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों की मौत हो जाती है। वहीं सरज्जू नर्सिंग होम के मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित प्रसाद ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले मुख्य अतिथियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा और उनके परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा हेलमेट का वितरण किया गया है।

### आइक्यूएसी ने की नयी शिक्षा नीति पर चर्चा



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को फातमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आइक्यूएसी के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें नयी शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी शैक्षिक ग्रंथियों रणनीतियां पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही रांची विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सहायक अध्यापक नीरज ने इस नयी शिक्षा नीति को काफी प्रभावशाली बताया। दूसरे विशेषज्ञ डॉ राजकुमार सिंह ने शिक्षा महाविद्यालय के संदर्भ में नयी शिक्षा नीति के प्रावधानों पर प्रकाश डाला। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय की डॉ शिल्पी राज ने मानविकी विषयों खास तौर पर भाषा के संदर्भ में नयी शिक्षा नीति के प्रावधानों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला की सराहना करते हुए विभिन्न महाविद्यालयों से आये हुए छात्रों एवं अतिथियों ने बताया कि नयी शिक्षा नीति में शिक्षक प्रशिक्षण के संदर्भ में यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी रही।

### शैक्षणिक भ्रमण सप्ताह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। शैक्षणिक भ्रमण सप्ताह के तीसरे दिन शुक्रवार को संत जॉन्स विद्यालय के वर्ग एक एवं दो के विद्यार्थियों ने बिरसा जैविक उद्यान का भ्रमण किया। जहां विद्यार्थियों ने कई तरह के जानवरों को देखा और उनके बारे में जाना। जैसे- मोर, काला हंस, लंगूर, बंदर, चीता, बाघ, शेर, दरियाई घोड़ा, मगरमच्छ, हाथी, बटेर, इमू, तीतर, साहिल आदि। सभी बच्चे बहुत उत्साहित एवं आनंदित थे। बच्चों की देखरेख वर्ग शिक्षक मिस प्रतिभा, मिस एडलीना तिर्की, मिस रत्ना तिग्गा, मिस जेनिथ हेरेंज, मिस ज्योति तिग्गा मिस पेट्रीसिया नाग, ब्रदर रंजीत एवं सर विजय मंगल सांगा ने किया।

### टेंडर हार्ट में चिल्ड्रेंस डे मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट विद्यालय रांची में चिल्ड्रेंस डे धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के बच्चों के लिए अनेक कार्यक्रम डांस, कविता, गायन, भाषण इत्यादि का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के शुरूआत में बच्चों ने भारत के सर्वप्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के वेश भूषा में भाषण प्रतियोगिता से उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। बच्चों ने सभी प्रतियोगिताओ में भाग लिया एवं खूब मस्ती करते दिखे। मौके पर स्पीक संस्था के लोगों ने सभी विद्यार्थियों को भारत के स्वर्णिम सांस्कृतिक इतिहास के बारे में बताया एवं सभी के साथ मिल कर बिहू नृत्य भी किया। अंत में सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के ओर से अनेको उपहार दिये गये। विद्यालय के निदेशक ुधीर तिवारी एवं प्राचार्या उषा किरण झा ने शानदार प्रस्तुति के लिए स्पीक मैके संस्था के लोगों का धन्यवाद दिया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

## गाडीलौंग उत्तरी मध्य विद्यालय में खेल प्रतियोगिता आयोजित, बच्चे पुरस्कृत



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड 2022 के तत्वाधान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाडीलौंग में खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा के खेल में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक समेत अन्य प्रकार की खेल कार्यक्रम किया गया।जिसमें कई बच्चों ने अपना कार्यक्षमता को दिखाया।इसमें बच्चे विजेता बने। इसमें एक सौ मीटर के दौड़ में विजेता बने सलमान अंसारी, संदीप कुमार, पवन भुइयाँ, पीयूष दास, अंकित दास, पुष्पांजलि कुमारी, अंजली कुमारी, प्रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी,भाला फेक प्रतियोगिता में निरंजन कुमार पवन कुमार, चंदन दास,चक्का फेक प्रतियोगिता में सोहेल अंसारी आफताब अंसारी अनिल साव समेत अन्य प्रकार के खेलों में छात्र छात्राओं ने जीत हासिल की है। सभी विजेता छात्र छात्राओं को विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं द्वारा पुरुष्कार देकर उत्साहवर्धन एवं हौसला को बढ़ाया। इस मौके पर शिक्षक बालकृष्ण राम राजेश राम, मीनू कुमार,किरण देवी, मंजू देवी, एवं अनिल कुमार साव समेत अन्य उपस्थित थें।

## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक




**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक की गई। जिला वन अधिकार समिति सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में जिला अन्तर्गत संलग्न भू-विवरणी अनुसार संबंधित ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा दिए गये वन भूमि के उपयोग हेतु अनुमण्डल वन अधिकार समिति के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा के आधार पर जिला वनाधिकार समिति चतरा द्वारा वन एवं जंगल-झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए बैठक आहूत की गई। बैठक में 2 मुख्य आधारभूत संरचना को लेकर आए प्रस्तावों में से 01 प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। दो प्रस्ताव में से एक प्रस्ताव पर अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी को भू-विवरणी स्त्यापित हेतु अग्रेतर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। वहीं सामुदायिक वन पट्टा के मामलों को सुलझाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी आर थांगा पांडियन, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी एसपी सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास समेत रामेटाना भगत (सदस्य) सिदपा, टण्डवा, सरयु उरॉव, (सदस्य) सिंदरीवार, सिमरिया, शोभा कुजूर, (सदस्य) कल्याणपुर, टण्डवा समेत अन्य उपस्थित थे ।

## आक्रोश रैली में उरीमारी से सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता रांची रवाना



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के उरीमारी से झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया के नेतृत्व में ईडी को लेकर शुक्रवार को रांची में आक्रोश प्रदर्शन करने सैकड़ों झामुमो नेता एवं कार्यकर्ता पहुंचे। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन पर अनर्गल दबाव बना रही है जिसका झारखंड मुक्ति मोर्चा पुरजोर विरोध करती है। केंद्र की गलत मंशा को झामुमो कार्यकर्ता कभी भी कामयाब नही होने देगा। आक्रोश रैली में जाने वालों में मुख्य रूप से बहादुर मांझी, रुस्तम सोहराब, मोहन सोरेन, गणेश गंझू, सूरज बेसरा, धर्मेन्द्र, राजेश सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, जयबिंद कुमार,सोहन सेठी,सरदीप राम, जितेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र सिन्हा, राम नारायण प्रसाद, राम अवध प्रसाद, रियासत हुसैन, श्यामदेव मांझी, महावीर प्रसाद, प्रमोद सिंह, सूरज दयाल मोची, उपेंद्र सिन्हा, मुकेश रावत, बिपिन बिहारी प्रसाद, राजेश सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## दुर्घटना के बाद घंटों सड़क जाम



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला मुरी मार्ग के पुरबडीह नया पोखर के समीप बीती रात को ट्रेलर व एलपी ट्रक की सीधी टक्कर हो गई। जिससे गोला मुरी मार्ग पुरी तरह से बाधित हो गया। वहीं चालक व खलासी बाल-बाल बच गये। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात 10बजे के करीब दोनों वाहनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहन पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मार्ग पुरी तरह से बाधित हो गया। जिससे घटनास्थल से डभातू तक व नावाडीह रेलवे फाटक तक 7किलोमीटर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हलांकि रात को ही सूचना पर पहुंची पुलिस जाम हटाने का काफी प्रयास किया लेकिन असफल रहे। शुक्रवार को लगभग 12 बजे के करीब हाईड्रा के मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को मार्ग से हटा लिया गया। बताया जाता है कि लगभग 14 घंटे के बाद आवागमन सामान्य हुआ।

## अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 20 नवंबर को

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक 20 नवंबर को बिहार क्लब रांची में होगी। इस बैठक में देशभर में चंद्रवंशी समाज को मजबूत करने महासभा का विस्तार झारखंड में नगर निगम चुनाव में समाज की भूमिका झारखंड में सीएनटी एक्ट पर महत्वपूर्ण निर्णय सहित अन्य विषयों पर चिंतन मंथन किया जायेगा। बैठक की जानकारी देते हुए महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने बताया कि इस बैठक में देशभर से 150 प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से भोला चंद्रवंशी, राजेंद्र सिंह, महेश चंद चंद्रवंशी, रविंद्र वर्मा, बालमुकुंद दिवाकर, राजन वर्मा, पप्पू चंद्रवंशी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह चंद्रवंशी, अजय वर्मा, रामजी प्रसाद, डॉक्टर एम पाल, गणेश सिंह, सीटू पूर्णिमा चंद्रवंशी, लीला देवी, अमरावती वर्मा, विजय वर्मा, प्रोफेसर उमेश कुमार, अजय कुमार सिंह, आनंद वर्मा, अविनाश आर्य, आशीष वर्मा और मंटू वर्मा सहित अन्य महत्वपूर्ण भाग लेंगे।

## आइएसएम पुंदाग और बार्बेक्यू नेशन, बेंगलुरु के बीच एमओयू



**रांची (आजाद सिपाही)।** आइएसएम, पुंदाग, रांची और बार्बेक्यू नेशन, बेंगलुरु के बीच होटल मैनेजमेंट कोर्स के संचालन एवं रोजगार मुहैया कराने पर इकरारनामा हुआ। गुरुवार को आइएसएम, रांची और बार्बेक्यू नेशन, बेंगलुरु के बीच साढ़े सात मास की अवधि का होटल मैनेजमेंट कोर्स संचालित कराने और रोजगार दिलाने पर इकरारनामा (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। आइएसएम की ओर से निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह और बार्बेक्यू नेशन की ओर से एचआर प्रबंधक नरेश कुमार जैन द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। इकरारनामा के अनुसार होटल मैनेजमेंट आधारित प्रस्तावित कोर्स साढ़े सात महीने की अवधि की होगी। इस कोर्स में प्रवेश हेतु युवाओं की न्यूनतम शिक्षा दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए। साढ़े सात महीने में डेढ़ महीना सैद्धांतिक (क्लासरूम) पढ़ाई आई एसएम परिसर में होगी और छह महीनों का इंटर्नशिप और प्रायोगिक कक्षाएं बार्बेक्यू नेशन के देश – विदेश में स्थित रेस्टोरेंट्स में आयोजित किये जायेंगे। इंटर्नशिप के पश्चात छात्र – छात्राओं को आइएसएम में आकर परीक्षा देनी होगी। परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र – छात्राओं को बार्बेक्यू नेशन रेस्टोरेंट्स में जॉब दे दिएाये जायेंगे, जिसकी न्यूनतम पैकेज दो लाख रुपये सलाना से प्रारंभ होगी। एक बैच में 25 छात्र – छात्राओं का नामांकन होगा। छह महीनों के प्रायोगिक इंटर्नशिप के दौरान उन्हें निःशुल्क भोजन और आवासीय सुविधा प्रदान की जायेगी। बार्बेक्यू नेशन के द्वारा प्रत्येक छात्र और छात्रा को तीन हजार रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति भी दी जायेगी। एमओयू के मुताबिक सभी छात्र – छात्राओं को जॉब्स देने का भी समझौता हुआ है। इस कोर्स में प्रवेश हेतु नामांकन 20 नवंबर से आरंभ होगा। प्रवेश पहले आओ – पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा।

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में बाल मेला का आयोजन

# हर एक हुनर हर एक क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण होता है : प्रबंधक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** बाल दिवस को लेकर श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही रंग बिरंगे गुब्बारों को आकाश की ओर छोड़कर किया गया।

श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में आयोजित बाल मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाए गए थे, साथ ही खेलकूद से संबंधित कई प्रकार के खेल खेला गया। जहां उसके लिए बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया। इसके अलावा हस्तशिल्प के सामग्रियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन किए गए। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही बच्चों को जीवन में व्यवसाय एवं कला के प्रति जागरूक हो यही दशार्या गया।

**बच्चों को किया गया सम्मानित :** विद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारियों ने बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हौसला अफजाई भी किया गया।

**दादा-दादी और नाना-नानी को पुष्प देकर किया गया सम्मानित :** मेले में स्कूली बच्चों के साथ आए दादा-दादी और नाना-नानी को स्कूल प्रबंधक कमेटी की ओर से पुष्प दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही हौसला अफजाई भी किया गया। विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों एवं खेलों में हिस्सा लेने वाले बच्चे जो कक्षा सप्तम अष्टम नवम दशम एवं कक्षा 11वीं और 12वीं के बच्चों को को सम्मानित किया गया।

**ये थे उपस्थित:** विद्यालय प्रबंधक कमेटी मेंबर सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, गुरुद्वारा प्रधान परम दीप सिंह कालरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह मीडिया इंचार्ज करमजीत सिंह जग्गी सहित शिक्षिक-शिक्षिकाओं उपस्थित थे।

## रघुवर ने सूरत में शुरू किया कैंपेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शुक्रवार को से गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर सूरत पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सूरत के कतारगाम विधानसभा में वार्ड नंबर 6 के बालुभाई जांजमेरा के घर से डोर टू डोर कैंपेन का शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं से मिला और उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

शाम को कतारगाम विधानसभा में विशाल जनसभा को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख भाई मांडविया के साथ संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झूठे वादों के बहकावे में ना आयें, क्योंकि झारखंड की जनता झूठे वादे के बहकावे में आकर आज खुद को ठगा महसूस कर रही है। चुनाव के समय ये पार्टियां बड़े-बड़े और झूठे वादे करती हैं और चुनाव के बाद बहानेबाजी करती हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार को चुने और गुजरात के विकास की गति को बरकरार रखें। इस अवसर पर कतारगाम के प्रत्याशी सह राज्य सरकार में नगर विकास मंत्री विनोद भाई मुरारिया समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीएमपीडीआइ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआइ के मयूरी हॉल में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 31 अक्टूबर से छह नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) एसके गोमास्ता, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हाएवं महाप्रबंधक (सतर्कता) पुष्कर ने पुरस्कृत किया।

इस मौके पर श्री कुमार ने कहा कि सतर्कता किसी भी संगठन का एक अभिन्न अंग है जो उसके प्रदर्शन में एक महत्वपूर्ण अवयव साबित होता है। इसमें व्यावसायिकता मुस्तैदी और नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देना शामिल है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच सतर्कता पर जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। सतर्कता गतिविधि का अंतिम उद्देश्य शासन में सुधार लाना है। सतर्कता का अर्थ कर्मी और संगठन की दक्षता और प्रभावशीलता प्राप्त करने की दिशा में स्वच्छ और त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई करना है।

सीएमपीडीआइ के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि सतर्कता विभाग ने हमेशा सीएमपीडीआइ में निर्णय लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और पूवार्नुमेयता के लिए प्रयास किया है। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) एसके गोमास्ता, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा एवं महाप्रबंधक (सतर्कता) पुष्करने ई-बुक/ई-कंपेडियम का विमोचन किया। महाप्रबंधक (सतर्कता) पुष्कर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# झासा के 15 अफसरों का स्थानांतरण और पदस्थापन

**राजेश्वर नाथ आलोक बने रांची के नये एडीएम लॉ एंड ऑर्डर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झासा) के 15 पदाधिकारियों का शुक्रवार को राज्य सरकार ने ट्रांसफर-पोस्टिंग किया। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है। इसके तहत प्रतीक्षारत बंका राम की सेवा जिला आपूर्ति पदाधिकारी दुमका के लिए अगले आदेश तक खाद आपूर्ति विभाग को सौंपी गयी है। वहीं, कार्यपालक दंडाधिकारी सिमरिया चतरा की सेवा भूमि सुधार उप समाहर्ता बरही के पद के लिए राजस्व भूमि सुधार विभाग को दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के उप सचिव दीपू कुमार को स्थानांतरित करते हुए विशिष्ट जन पदाधिकारी जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है।

वहीं, जेपीएससी के उपसचिव कमलकांत गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था धनबाद के पद पर पदस्थापित किया गया। सहायक निदेशक नगरीय प्रशासन योगेंद्र प्रसाद को विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी धनबाद के पद पर पदस्थापित किया गया है, जबकि, जिला आपूर्ति पदाधिकारी साहिबगंज की सेवा खाद्य आपूर्ति से वापस लेते हुए उन्हें अगले आदेश तक अपर उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया गया। अवर सचिव महिला बाल विकास विभाग राजेश्वर नाथ आलोक को स्थानांतरित करते हुए अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची के पद पर पदस्थापित किया गया। संयुक्त परिवहन आयुक्त रवि शंकर विद्यार्थी को स्थानांतरित करते हुए उप सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। अवर सचिव वन पर्यावरण विभाग प्रदीप कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें संयुक्त परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। कार्यपालक दंडाधिकारी धनबाद के पद पर पदस्थापित अमर प्रसाद को स्थानांतरित करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी साहिबगंज के पद पर पदस्थापन के लिए सेवा खाद्य पूर्ति विभाग को दी गई है। अवर सचिव ऊर्जा विभाग राजीव कुमार को स्थानांतरित करते हुए अपर समाहर्ता दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, अवर सचिव खाद्य आपूर्ति विभाग ज्योति कुमारी झा को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक उपसचिव वित्त विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया। जबकि, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था जमशेदपुर नंदकिशोर लाल को कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में योगदान करने का निर्देश दिया गया है।

अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर गुमला प्रीति किस्को की सेवा खाद्य आपूर्ति विभाग को दी गई है। वहीं, बीडीओ चान्हों रांची के पद पर पदस्थापित प्रदीप भगत की सेवा जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन के लिए खाद्य पूर्ति विभाग को दी गयी है।

# डार्क होर्स रही पेरतोल की टीम इंडियन वारियर को हरा कर पहुंची फाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** टूर्नामेंट की डार्क होर्स टीम रही केपीएल पेरतोल की टीम ने आर्मी के खिलाड़ियों से सुसज्जित इंडियन वारियर को 2-0 से हरा कर चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट गेतलसूद के फाइनल में पहुंच गयी। राजेंद्र यूनाइटेड के तत्वावधान में शुक्रवार को गेतलसूद फुटबाल मैदान में पेरतोल एवं इंडियन वारियर के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया। मैच काफी रोमांचक रहा। पेरतोल की ओर से स्टार खिलाड़ी अंकित सिंह ने 33वें एवं तौहिद आलम ने 60वें मिनट में गोल दागा। तौहिद आलम द्वारा दागा गया गोल टूर्नामेंट का अभी तक बेस्ट गोल रहा। इंडियन वारियर को भी गोल करने के तीन आसान मौका मिला, लेकिन वे गोल नहीं कर सके। पूरे मैच में जादुई खेल दिखाने वाले अंकित सिंह को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि बर्डमैन आफ झारखंड पन्नालाल महतो, विशिष्ट अतिथि आजसू जिला सचिव मुकेश नायक एवं नामकुम प्रमुख आशा कच्छप ने प्रदान किया। इस मौके पर समाजसेवी माधो कच्छप, अनिल टोप्पो, राजू नायक, ओमप्रकाश चौधरी, सतीश मुंडा, अजय कुमार, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, फाल्गुनी शाही, रामानंद बेदिया, जाकिर खान सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, सीइओ जैलेंद्र कुमार, शंकर बैठा, राजेश लोहरा, शिवदास गोस्वामी उपस्थित थे।

इधर आयोजन समिति के महाप्रबंधक सागर साहू ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मैच 20 नवंबर को दो बजे से खेला जायेगा। फाइनल समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के भू-राजस्व सचिव कमल किशोर सोन है। शनिवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच हेहल स्पोटिंग और गाड़ी होटवार के बीच खेला जायेगा।

## मुखिया जयकुमार ओझा ने स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पश्चिमी पंचायत अंतर्गत कुजू चौक स्थित आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय में मुखिया जय कुमार ओझा ने स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। इससे पूर्व, मुखिया जय कुमार ओझा ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन करते हुए विज्ञान- गणित लैब व आईसीटी लैब का भी जायजा लिया। मौके पर मुखिया ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्मार्ट क्लास के माध्यम से मिलने पर उन्होंने शिक्षा विभाग व सरकार के प्रति आभार जताया। कहा कि निश्चित ही यह क्लास बच्चों का बेहतर भविष्य का निर्माण करेगा। वही, बच्चे गुणवत्ता शिक्षा ग्रहण कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक आशा रानी गुप्ता, शिक्षक मिंटू कुमारी, यास्मीन एक्का, वीणा पांडेय, जेबा जबी, सोहराय रविदास, रिंटू बनर्जी, कंप्यूटर शिक्षक किशुन प्रजापति, अध्यक्ष पूनम देवी, सदस्य रिंकू देवी, प्रवीणा खातून, चमन देवी, प्रेमलता देवी, संतोष भुईयां, नरेश करमाली, मेघलाल रविदास, संदीपा केसरी, आशीष चौबे, सोनू कुमारी मुंडा, मनोज केसरी, आशीष मुखर्जी मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के सदस्य का निधन, जताया शोक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी जयनाथ राम के निधन पर पतरातू सांकूल सहित आसपास के ग्रामीणों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। ग्रामीणों ने कहा कि निधन से अपूरणीय क्षति हुई है । वे अनुसूचित जाति उत्थान परिषद रविदास महासभा रामगढ़ के सदस्य व अंबेडकर समिति रविदास समिति सांकूल के तीन बार के अध्यक्ष रह चुके थे। इनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के टालीवान धौड़ा में शुक्रवार को फांसी लगाकर महिला द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार टालीवान धौड़ा भुरकुंडा निवासी करण पासवान की 22 वर्षीय पत्नी निशा कुमारी दोपहर लगभग डेढ बजे घर में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त निशा के पति व ससुर रोड सेल के सभा में गये हुए थे। करण पासवान जब घर वापस लौटा तो देखा कि निशा घर के अंदर पंखे से दुपट्टा के सहारे झूल रही थी। जिसके बाद उसने शोर मचाया। तत्काल स्थानीय लोगों द्वारा उसे भुरकुंडा अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि निशा का छह माह पूर्व ही विवाह हुआ था।

## भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति ने बलकुदरा में किया प्रदर्शन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को बलकुदरा खुली खदान के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन का का आयोजन किया गया। इस दौरान आमसभा भी हुई। आमसभा की अध्यक्षता गिरधारी गोप व संचालन संजय मिश्रा ने किया। प्रदर्शन में सेल समिति सहित लोकल सेल से जुड़े सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरूष शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन को हर हाल में हमारी सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करना होगा। इसमें भुरकुंडा कोलियरी से उत्पादित कोयला का 75 प्रतिशत कोयला रोड सेल में देने, पेलोडर की जगह मैनुवल लोडिंग कराने, पीएलआर में ग्रामीण रैयत को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने, श्रमिकों को न्यायोचित मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने, प्रदुषण नियंत्रण यंत्र लगाने व हैवी ब्लास्टींग पर रोक लगाने, लोक जन सुनवाई के दौरान सौंपे गये मांग-पत्र पर अविलंब कार्रवाई करने, शिक्षा, स्वास्थ्य पानी, बिजली, सड़क जैसे बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने, भुरकुंडा कोलियरी में ही पुनः केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को स्थापित करने की मांग शमिल है। सभा को गिरधारी गोप, दर्शन गंझू, रामदास बेदिया, रेवती रमण शर्मा, अजय सिंह, प्रेम कुमार साहू, सरोज कांत झा, मुकेश पासवान, सत्यनारायण यादव, बलराम पांडेय, शिवलाल बेदिया, अमरेंद्र प्रसाद, प्रेमनाथ साहू, संजय मिश्रा, अनिल एक्का, अनिल सोनी, रावेल एक्का, अजय तुरी, लीलावती देवी, जयदेव सिंह, आजाद अंसारी, बालेश्वर पासवान, विकास सोरेन, मनोज मांझी, चम्पा देवी, रजंती देवी, मातेश्वरी देवी, रिन्कु देवी, रविंद्र सिंह, विंदेश्वरी देवी, राजन तुरी, गोविंद बड़ाईक, चंदर, जुगल पासवान, तुला खान, रविन्द्र आदि ने भी संबोधित किया।

## जुबली कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए चयन परीक्षा का किया गया आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में शुक्रवार को रोजगार मेला के तत्वावधान में हायर मी कंपनी द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। बताया गया कि हायर मी एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है, इसमें चयनित छात्र-छात्राओं को बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा के क्रम में कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा हायर मी ऐप डाउनलोड करवाया गया। जिसमें गणित योग्यता, तर्कशक्ति, अंग्रेजी आदि कई विषयों के वस्तुनिष्ट प्रश्न शामिल थे। बताया गया कि परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए पुनः द्वितीय स्तर की परीक्षा आयोजित की जायेगी। साथ ही परीक्षा के सफल प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र देकर रोजगार से जोड़ा जायेगा। परीक्षा में जुबिली कॉलेज के 38 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. एनके तिवारी, प्रो. आलोक कुमार, प्रो. मनोज कुमार, महावीर व कृष्ण कुमार का विशेष योगदान रहा।

## विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**कुजू (आजाद सिपाही)।** छोटानागपुर उच्च विद्यालय बोंगावार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार रामगढ़ ने विधिक जागरूकता शिविर आयोजित की। इस दौरान मौजूद लोगों को कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वही, बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप कानून की पुस्तकें भेंट की गयी। प्रतियोगिता में शिवानी कुमारी, सुलेखा कुमारी, काजल कुमारी, जितेन्द्र कुमार, अभय कुमार व अभय झा ने सर्वाधिक प्रश्नो के उतर दिए। मौके पर प्राधिकार अधिवक्ता विघ्नेश दूबे, पीएलबी आशीष कुमार, प्रधानाध्यापक रघु विश्वकर्मा सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक त्वरित न्याय के लिए थाना प्रभारी को सस्पेंड करें : देवकी नंदन बेदिया

**बरकाकाना।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि आदिवासी नेता एवं आम लोगों के ऊपर बरकाकाना ओपी प्रभारी द्वारा गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार करने से बरकाकाना क्षेत्र में अशांति का माहौल पैदा हो गया है।उन्होंने कहा थाना प्रभारी के द्वारा आम नागरिकों को शांति सुरक्षा देने के बजाय स्वयं गुंडागर्दी कर अशांति पैदा कर रहे हैं। ऐसे स्थिति से निपटने के लिए आदिवासी संघर्ष मोर्चा द्वारा इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक रामगढ़ सहित ऊपर के प्रशासनिक अधिकारियों, भारत सरकार राष्ट्रीय जनजाति आयोग, मानवाधिकारों से मांग करती है की इसकी तत्काल जांच पड़ताल कर बरकाकाना ओपी प्रभारी को संसपेड कर क्षेत्र में शांति बहाल किया जाय,अन्यथा बरकाकाना क्षेत्र के तमाम आदिवासियों,न्यायपंसद प्रगतिशील लोग सड़कों में उतरने के लिए बाध्य होगी।

# जुवेनाइल जस्टिस एक्ट पर सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 के बहुचर्चित कठुआ गैंगरेप और मर्डर केस में नाबालिग बताये गये एक आरोपी के बारे में यह व्यवस्था दी कि वह अपराध को अंजाम देते वक्त बालिग था और इसीलिए उसके खिलाफ एक वयस्क के रूप में ही मुकदमा चलाया जाना चाहिए। यह मामला आठ साल की एक बच्ची के साथ क्रूरता की इंतिहा के चलते ही नहीं, आरोपियों के बचाव में शुरू की गयी राजनीतिक मुहिम के कारण भी देश भर में चर्चित हुआ था। मगर सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले की अहमियत के कई और पहलू भी हैं। इस आरोपी की सही उम्र को लेकर संदेह शुरू से था। बचाव पक्ष की ओर से इस संबंध में जो दस्तावेज पेश किये गये थे, उनमें भी खामियां पायी गयीं। मगर निचली अदालतों में ये खामियां नहीं पकड़ी जा सकीं। सुप्रीम कोर्ट ने इन्हीं खामियों को मद्देनजर रखते हुए विशेषज्ञों की समिति की उस रिपोर्ट पर भरोसा करना बेहतर समझा, जिसमें अपराध के समय आरोपी की उम्र 19 से 23 साल के बीच होने की बात कही गयी है। हालांकि कोर्ट ने भी माना कि विशेषज्ञों की ऐसी मेडिकल ओपिनियन कोई ठोस साक्ष्य नहीं बल्कि एक राय ही है, लेकिन फिर भी उसने कहा कि ऐसे गंभीर अपराधों के मामले में अगर आरोपी की उम्र को लेकर संदेह की स्थिति बनती हो तो अपर्याप्त दस्तावेज के बजाय इस राय को ही फैसले का आधार बनाया जाना चाहिए। फैसले का दूसरा अहम पहलू अपराधियों को नाबालिग मान कर उन्हें दी जाने वाली कानूनी रियायतों से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट का यह ऑब्जर्वेशन बेहद महत्वपूर्ण है कि नाबालिग बता कर अपराधियों को सजा में रियायतें दिये जाने से उनमें सुधार होने के बजाय अपराधियों का दुस्साहस ही बढ़ता है। साफ है कि कोर्ट का इशारा जूवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 की ओर था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून के औचित्य पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की, लेकिन यह कहते हुए इस पर सवाल जरूर खड़ा कर दिया कि नाबालिगों द्वारा अपराध के बढ़ते मामलों के मद्देनजर हम यह सोचने को मजबूर हैं कि क्या सचमुच यह कानून अपना मकसद पूरा करने में कामयाब हुआ है। साफ है कि अब आगे का काम सरकार का है। निश्चित रूप से कच्ची उम्र में किये गये अपराधों के लिए सजा देते हुए ध्यान बच्चों के सुधार पर ही होना चाहिए, लेकिन कोई खास प्रावधान उन बच्चों में सुधार ला रहा है या नहीं, यह देखना भी उसी प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए। खास कर जब ऐसे संकेत मिल रहे हों कि घृणित कृत्यों को अंजाम देने के बाद अपराधी तत्व उस प्रावधान का इस्तेमाल अपनी सजा कम करवाने में कर रहे हैं, तो फिर उसकी अनदेखी करने का कोई कारण नहीं रह जाता। सरकार को तत्काल इस दृष्टि से जूवेनाइल जस्टिस एक्ट पर पुनर्विचार की दिशा में प्रयास शुरू कर देने चाहिए।

**कोर्ट ने भी माना कि विशेषज्ञों की ऐसी मेडिकल ओपिनियन कोई ठोस साक्ष्य नहीं बल्कि एक राय ही है, लेकिन फिर भी उसने कहा कि ऐसे गंभीर अपराधों के मामले में अगर आरोपी की उम्र को लेकर संदेह की स्थिति बनती हो तो अपर्याप्त दस्तावेज के बजाय इस राय को ही फैसले का आधार बनाया जाना चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सवाल यह है कि क्या वोट बैंक नीति संचालित भारतीय राजनीति इसे सहजता से स्वीकार कर लेगी? क्या इस निर्णय के बाद आरक्षण नीति जाति आधारित न होकर, अमीर और गरीब की ओर उन्मुख हो जायेगी? क्या भारतीय संविधान की मूलभावना इस बदलाव को स्वीकार करेगी? क्या न्यायपालिका 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा के अपने इंदिरा साहनी केस के निर्णय को नयी दृष्टि से देखेगी?**

# 10 प्रतिशत आरक्षण, 100 प्रतिशत विवाद

डॉ रवि रमेशचंद्र

बीते 7 नवंबर 2022 को सर्वोच्च न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 2 के मुकाबले 3 जजों के बहुमत से केस संख्या डब्ल्यूपी (सी) 55/2019 में अपना निर्णय सुनाते हुए संविधान (103वा संशोधन) एक्ट 2019 को विधि सम्मत माना है। इसी के साथ आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को शिक्षा और नौकरियों में 10 प्रतिशत कोटा देने के रास्ते की आखिरी अड़चन भी दूर हो गयी है। इस संशोधन में वे नागरिक शामिल नहीं हैं, जो अनुसूचित जाति, जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में पहले ही संविधान के अनुच्छेद 15 (4) और (5) और 16 (4) के तहत शामिल थे, लेकिन इस निर्णय के राजनीतिक और संवैधानिक प्रभाव दूरगामी होने वाले हैं।

सवाल यह है कि क्या वोट बैंक नीति संचालित भारतीय राजनीति इसे सहजता से स्वीकार कर लेगी? क्या इस निर्णय के बाद आरक्षण नीति जाति आधारित न होकर, अमीर और गरीब की ओर उन्मुख हो जायेगी? क्या भारतीय संविधान की मूलभावना इस बदलाव को स्वीकार करेगी? क्या न्यायपालिका 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा के अपने इंदिरा साहनी केस के निर्णय को नयी दृष्टि से देखेगी? वर्तमान में आरक्षण राजनीतिक गुणा भाग में बदलता जा रहा है। इसलिए आरक्षण पर बात करना तलवार की धार पर चलने जैसा है। आप चाहे पक्ष में हों, विपक्ष में हों या फिर तटस्थ हों। कोई न कोई नाराज रहता ही है। इसके लिए सबसे पहले आरक्षण के पीछे की संवैधानिक और सामाजिक मंशा समझ लें।

**आरक्षण के पक्ष और विपक्ष दोनों की बातों में वाजिब तर्क हमेशा रहेंगे। लेकिन इसका उद्देश्य समाज में व्याप्त असमानता और आर्थिक विषमता को खत्म करना है।**



**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण (इडब्ल्यूएस) के लिए सरकार ने क्रीमी लेयर की तरह कुछ मापदंड तय किये हैं। जिस परिवार की सकल वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम है, उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रूप में माना गया है।**

**आरक्षण की पृष्ठभूमि :** आरक्षण के लिए संवैधानिक (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 जारी किया गया। इसमें भारत के राज्यों की 1108 जातियों के नाम शामिल किये गये थे। आरक्षण में जो सबसे बड़ी चीज राज्य की शिक्षा और नौकरियां वह संसाधन हैं, जो दांव पर लगे हैं। देश में जनसंख्या 1947 के मुकाबले चार गुणा बढ़ी, लेकिन सरकारी शिक्षा संस्थानों और नौकरियों की संख्या उस अनुपात में घटी ही है।

किसी भी समाज में समानता के नियम तभी प्रासंगिक हो सकते हैं, जब वे समान स्तर पर खड़े लोगों पर लागू हों। इसलिए सबसे पहले जरूरी था सामाजिक और आर्थिक विषमता को खत्म करके सभी को एक समान बनाना, लेकिन आज अर्थव्यवस्था 1992 में आये निजीकरण की दौड़ में बहुत आगे निकल चुकी है। इसके कारण सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों की संख्या घटती जा रही है। डिमांड और सप्लाई सिस्टम में हजारों गुणा का अंतर आ गया है। इससे समाज में हर जाति समूह सरकारी रजिस्टर में पिछड़ा बनने की होड़ में है।

**संविधान सभा की भूमिका :** संविधान सभा का पहला उद्देश्य एक ऐसा संविधान बनाना था, जो स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व की स्थापना कर सके। इसका दूसरा उद्देश्य था सभी प्रकार के शोषण, अन्याय, भेदभाव तथा गुलामी का अंत करना। उसकी बहस में मुख्यरूप से जो सवाल सामने आये वह कुछ इस प्रकार थे : -

क्या अंग्रेजों से आजादी के बाद भी रिजर्वेशन की जरूरत है? रिजर्वेशन का हकदार किसे माना जाये? निचली जाति किसे माना जाये? रिजर्वेशन को जाति के आधार पर दिया जाये या आर्थिक आधार पर? रिजर्वेशन में समानता बनाम योग्यता का संतुलन कैसे होगा? कब तक रिजर्वेशन दिया जाये? इस बहस में एस नागप्पा, टीटी कृष्णामाचारी, मोहन लाल गौतम, एए गुरुंग, कन्हैया माणिकलाल मुंशी, टी चेन्नईया और कई सदस्यों ने बड़ी लंबी और सार्थक बहस की। इस सारी बहस को डॉ आंबेडकर ने समाप्त किया।

**आर्थिक आरक्षण का आधार :** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण (इडब्ल्यूएस) के लिए सरकार ने क्रीमी लेयर की तरह कुछ मापदंड तय किये हैं। जिस परिवार की सकल वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम है, उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रूप में माना गया है। आय में सभी स्त्रोतों यानी वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशे आदि से आय भी शामिल होगी, लेकिन यदि किसी परिवार के पास 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि है, या 1000 वर्ग फुट से अधिक का आवासीय प्लॉट है, अथवा नगरपालिका क्षेत्र में 100 वर्ग गज का आवासीय भूखंड हो तो ऐसे लोगों को इडब्ल्यूएस श्रेणी में आरक्षण नहीं मिलेगा, भले ही उनकी सालाना आय 8 लाख से कम हो। कई लोग इडब्ल्यूएस आरक्षण को अपर कास्ट आरक्षण बता कर इसका अति सरलीकरण कर रहे हैं। इससे लोगों में नीति को लेकर भ्रम की स्थिति है। लेकिन इसके अंतर्गत हर जाति और धर्म के लोग जो पहले से आरक्षण लाभ नहीं पा रहे, वे इसके पात्र हैं।

**निष्कर्ष :** आरक्षण के पक्ष और विपक्ष दोनों की बातों में वाजिब तर्क हमेशा रहेंगे। लेकिन इसका उद्देश्य समाज में व्याप्त असमानता और आर्थिक विषमता को खत्म करना है। जो लोग तर्क देते हैं कि आरक्षण पहले 10 सालों के लिए था, उन्हें यह भी देखना चाहिए कि क्या दलितों और पिछड़ों के साथ सामाजिक और मानसिक भेदभाव खत्म हुआ? क्या आज भी सफाई का काम करने वालों में अनुसूचित जातियों के अलावा कथित ऊंची जातियों के लोग शामिल हुए? क्या समाज में रोटी बेटी के संबंध स्वीकृत हुए?

## जमशेदपुर की खबरें

# स्टेट जीएसटी कमिश्नर से मिला सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में स्टेट जीएसटी कमिश्नर संतोष कुमार वत्स (आईआरएस) से उनके जमशेदपुर आगमन पर मिला। इस मौके पर चैंबर द्वारा एक 15 सूत्री मांग पत्र जीएसपी कमिश्रन को सौंपा गया। सचिव वित्त एवं कराधान पीयूष कुमार चौधरी, अधिवक्ता ने बताया की चैंबर हमेशा से व्यापारियों एवं उद्यमियों की परेशानियों को लेकर मुखर रहा है। इसी कड़ी में एक विस्तृत मांग पत्र चैंबर द्वारा स्टेट जीएसटी कमिश्नर को दिया गया।

चैंबर ने यह मांग की है कि जीएसटी लागू होने के प्रथम कुछ वर्षों के मामलों में विभाग द्वारा सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाया जाना चाहिए. पुराने जीएसटी रीटर्न को सुधार करने का एक मौका भी व्यापारियों को दिया जाना चाहिए। पुराने मामलों के निपटारे के लिए सेटलमेंट स्कीम भी जल्द लाने का आग्रह चैंबर ने किया।

क्रेडिट नोट से जुड़े मामलों में खरीददार को बेवजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए, इसका भी प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया। मामलों के विषय में जमा राशि का स्वतः भुगतान हो जाये, इस पर भी चैंबर ने जीएसटी कमिश्रनर का ध्यान आकृष्ट किया। सेंट्रल जीएसटी की तर्ज पर स्टेट जीएसटी अपील फाइलिंग के वक्त भी सर्टिफाइड कॉपी जमा करने की बाध्यता को भी खत्म किया जाना चाहिए। सभी मुद्दों को श्री वत्स ने ध्यान पूर्वक सुना एवं बेबाक अंदाज में विभाग के पक्ष को भी प्रतिनिधि मंडल के समक्ष रखा। उन्होंने चैंबर से अपील की कि वैसे व्यवसायी जो अपना जीएसटी सही तरीके से नहीं भर रहे हैं, उन्हे चैंबर भी टैक्स भरने को प्रोत्साहित करे। उन्होंने पुराने मामलों के निपटारे के लिए सेटलमेंट स्कीम के जल्द आने का आश्वासन दिया तथा आग्रह किया कि सेटलमेंट स्कीम को सफल बनाने में चैंबर भी विभाग का सहयोग करे। चैंबर अध्यक्ष ने चैंबर के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। श्री वत्स ने भी चैंबर की मांगों पर यथासंभव उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

**प्रतिनिधिमंडल में ये रहे शामिल :** प्रतिनिधिमंडल में मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष ट्रेड नितेश धूत, उपाध्यक्ष पीआरडब्ल्यू मुकेश मित्तल, सचिव पीआरडब्ल्यू भरत मकानी एवं सचिव वित्त एवं कराधान पीयूष चौधरी, को-ऑप्टेड मेंबर राजीव अग्रवाल, राजेश मित्तल सहित चैंबर से जुड़े लोग शामिल रहे।

# पुस्तक मेला में कवि गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** टैगोर सोसाइटी की ओर से जमशेदपुर में पुस्तक मेले का आयोजन चल रहा है। दो साल के अंतराल पर आयोजित हो रहे इस पुस्तक मेले में लोगों का उत्साह देखते बन रहा है। शुक्रवार को सहयोग संस्था की ओर से कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। सहयोग की सचिव विद्या तिवारी ने कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि सहयोग एक ऐसा वट वृक्ष की तरह खड़ा है, जिसके नीचे अनेक साहित्यिक संस्थाएं फल फूल रही हैं। पामेला घोष ने अपनी कविता रुपांतर सुनायी। सुधा गोयल ने संवेदनशील कविता सुनायी। पूर्वी घोष ने अपनी संवेदना बंगला में व्यक्त की। विद्या तिवारी ने भी अपनी ताजा कविता नारी के अनेक रूपों पर सुनायी। शीला कुमारी, अंजनी सहाय, रेणुबाला मिश्रा, डॉ निधि श्रीवास्तव, बीरेंद्र पांडे, मुकेश, कुमार आदि इस कवि गोष्ठी में उपस्थित थे। डॉ जूही समर्पिता ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि जमशेदपुर पुस्तक मेले में साहित्यिक आयोजन हमेशा ही सहयोग के स्टॉल पर होते रहें हैं, पर इस बार पाठकों की संख्या कम दिखी। रेणु अस्थाना की बहुत ही गंभीर और संवेदनशील रचना रंगोली ने अंतर्मन को झकझोर दिया। हां मैं जिद्दी हूं और अंधेरी रात के तारे...पंक्तियों के साथ-साथ वाह वाही बटोरी। रेणुका अस्थाना एक सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनका कथा संकलन कालिंजर पुस्तक मेले में उपलब्ध है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अरुण सज्जन ने किया।

# कोल्हान में भारत जोड़ो यात्रा 20 और 21 नवंबर को

**दो दिन के दौरे में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश कामगार एवं कर्मचारी यूनियन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे के नेतृत्व में आयोजित की गयी। शुक्रवार को बिष्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने कोल्हान क्षेत्र के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों के साथ भारत जोडो यात्रा के तत्वधान में केकेसी झारखंड द्वारा आयोजित पदयात्रा की रूप रेखा तैयार की। उन्होंने कहा 20 नवंबर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुचेंगे। उन्होंने जिले के सभी जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को शामिल होने की अपील की। शैलेश पांडे ने बताया 20 नवम्बर को साउथ छोटानागपुर एवं 21 नवंबर को कोल्हान में भारत जोडो यात्रा के तहत पदयात्रा का आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा का कोल्हान में आगमन 20 नवंबर को होगा। सरायकेला- खरसावां कमेटी द्वारा आदित्यपुर के एस टाइप से आदित्यपुर पुल तक शाम 5:30 बजे पदयात्रा में शामिल होंगे। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कार्यालय में संध्या 7 बजे पत्रकारों से वार्ता करेंगे। उसके बाद पश्चिम सिंहभूम के चाईबासा में 21 नवंबर को सुबह 10 बजे से आयोजित मजदूर सम्मेलन एवं पदयात्रा में शामिल होंगे। इसके पश्चात पूर्वी सिंहभूम कमेटी द्वारा आयोजित दिन के तीन बजे बिरसानगर से साकची गोलचक्कर तक पदयात्रा में शामिल होंगे। बैठक के दौरान कोल्हान क्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। मौके पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष उदयकांत शर्मा, प्रदेश सचिव राजा सिंह राजपूत, प्रदेश संगठन सचिव सुल्तान अहमद, अजितेश उज्जैन, पूर्वी सिंहभूम कार्यकारी जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह, महानगर अध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी, कमलेश्वर जाल, कोल्हान प्रभारी अवधेश सिंह, आशुतोष सिंह, सरायकेला जिलाध्यक्ष जवाहरलाल महाली, पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष हसलुदीन खान, अंजन राय समेत अन्य शामिल रहे।

# पंचायत समिति सदस्य ठाकुरमनी कुंभकार ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा प्रखंड के काशमार पंचायत की पंचायत समिति सदस्य ठाकुरमनी कुंभकार ने पटमदा बीडीओ चंचला कुमारी को ज्ञापन सौंपकर पंचायत के विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास प्लस में योग्य लाभुकों का नाम सर्वे करवा कर पुनः जोड़ने की मांग की। साथ ही उन्होंने एसइसीसी डाटा में कई लाभुकों का आवास प्लस में नाम होने के बाद जीओ टैग से वंचित रहने की शिकायत की। उन्होंने पंचायत के सभी गांवो में ग्रामीण सड़क किनारे खंभा लगा कर लाइट लगवाने, योग्य महिलाओ का सर्वे करवाते हुए पेंशन देने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से पंचायत में कई मूलभूत समस्याओं का समाधान करवाने की अपील की। जानकारी देते हुए पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेन कुंभकार ने बताया पंचायत में सरकार द्वारा मिलने वाले लाभ से लाभुकों को लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा हैं।

# नाबालिग का अपहरण कर जबरन मांग में सिंदूर डाल कर शारीरिक संबंध बनाने का आरोपी दोषी करार, सजा 26 को

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के ग्रामीण इलाका में 17 वर्षिय नाबालिग को बहला-फुसलाकर कर भगाकर ले जाने और उसके इच्छा के विरुद्ध जबरन मांग में सिंदूर डाल कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले गुरा खामराई को जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे -1 संजय कुमार उपाध्याय की अदालत ने शुक्रवार को दोषी करार दिया हैं। अदालत ने सजा के बिंदू पर 26 नवंबर को सुनवाई करेगी। अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बताया की इस मामले में कुल 11 लोगों की गवाही हुई थी। अदालत ने आरोपी गुरा खामराई को भादवि की धारा 366 ए, ( अपहरण) 376 ( दुष्कर्म) एवं पोस्को की धारा 6 के तहत दोषी पाया हैं। घटना 15 जून 2018 की हैं। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने बड़सोल थाने में गुरा खामराई के खिलाफ नाबालिग बेटी की अपहरण का आरोप लगाकर मामला दर्ज किया था।

# सिटी इन होटल की चार मंजिली बिल्डिंग गिरी, सभी सुरक्षित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एनएच 33 स्थित पारडीह में सिटी इन होटल के कैंपस का चार मंजिला बिल्डिंग बीते रात पूरी तरह धराशाई हो गयी। हालांकि बीते 2 दिन पहले ही बिल्डिंग अपने आप 3 फीट पीछे की तरफ झुक गयी थी। जिससे बिल्डिंग के बगल में रहने वाले कौशल विकास केंद्र के छात्राओं में हड़कंप मच गया था। प्रशासन ने पूर्व में ही बिल्डिंग को खाली कराते हुए सभी को सुरक्षित दूसरे जगह स्थानांतरण कर बिल्डिंग को रेड जोन घोषित करते हुए बेरीकेट कर दिया था। होटल के मालिक विनोद सिंह ने होटल के धराशाई के बारे में कहा 48 घंटे का समय देखकर इसे ध्वस्त किया जायेगा। लेकिन उससे पहले ही दूसरे दिन की आधी रात 12 के बाद बिल्डिंग जोरदार आवाज के साथ धरासाई हो गयी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद प्रत्याशी बनी रहूंगी और लोगों के आशीर्वाद से जीतूंगी भी : प्रतिमा दास



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर निकाय चुनाव में भावी नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी डॉ प्रतिमा कुमारी दास ने प्रेस वार्ता कर कहा कि चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की खबर आते ही लोगों में खलबली मच गयी है। ऐसे में लोग कयास लगा रहे हैं कि कौन-कौन महिलाएं अध्यक्ष पद की प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में रहेंगी या नहीं। मैं डॉ प्रतिमा बता रही हूं कि हमने गढ़वा नगर परिषद के करीब करीब सभी वार्डों में भ्रमण कर जन विचार यात्रा के माध्यम से लोगों का विचार लिया है। जिसमें सभी माताएं, भाई, बहनों एवं पिता तुल्य सभी जनों की दुआएं आशीर्वाद इस प्रतिमा बेटी को मिला है। सभी की दुआएं मेरे सिर पर है। सभी लोगों का विश्वास और भरोसा मुझ पर है। मैं किसी भी कीमत पर किसी का भरोसा और विश्वास टूटने नहीं दूंगी। मैं चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद प्रत्याशी बनी रहूंगी और मुझे पूर्ण विश्वास और भरोसा है कि आपका आशीर्वाद इस बेटी इस बहन पर बना रहेगा। इसी भरोसे और विश्वास को देखते हुए मैं यथाशीघ्र लोगों का जन पंचायत अपने आवास पर बुलाऊंगी और चर्चा परिचर्चा के साथ सभी लोग नयी उर्जा और मजबूती के साथ अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। सभी लोग वार्ड के सभी टोला में जन विचार जन पंचायत करेंगे आपकी बेटी, आपकी बहन, चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से अब्दुल मनान, दामोदर राम, सत्येंद्र दास, डॉ खुशतर अंसारी, गोलू, डॉ इश्तेयाक रजा, प्रमोद दास, कनाई दास आदी लोग उपस्थित थे।

### छात्रों का खाता खोलने को लेकर तीन दिवसीय कैंप में एसबीआई प्रबंधक ने नहीं दिखायी कोई दिलचस्पी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** स्कूली छात्रों का खाता खोलने को लेकर बीआरसी भवनाथपुर में आयोजित तीन दिवसीय कैम्प में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक ने कोई दिलचस्पी ही नहीं दिखाई। जबकि पीएनबी एवं ग्रामीण बैंक के कर्मी कभी कभार केंद्र पहुंच बच्चों से बैंक खाता खोलने का फॉर्म ले गए। सरकारी राशि को स्कूली बच्चों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के उद्देश्य से उक्त कैम्प को लगाया गया था, किंतु बैंक कर्मियों की उदासीनता के कारण तीनों दिन मिलाकर खाता खोलने का कुल 37 फॉर्म ही जमा किया जा सका। शुक्रवार को दोपहर एक बजे तक कोई बैंक कर्मी छात्रों के खाता खोलने का फॉर्म लेने नहीं आया। पत्रकारों द्वारा कैम्प में आये छात्रों एवं उनके माता से पूछताछ करने की सूचना मिलते ही ग्रामीण बैंक कर्मी आकर बच्चों से खाता खोलने का फॉर्म ले गए। बीआरपी मनोज कुमार ने बताया कि शिविर में 16 नवम्बर को कोई बैंक कर्मी नहीं आया। वहीं 17 नवम्बर को पीएनबी कर्मी 4 एवं ग्रामीण बैंक कर्मी 25 फॉर्म जबकि 18 नवम्बर को ग्रामीण बैंक के कर्मी 8 फॉर्म ले गए। पदाधिकारियों द्वारा शिक्षकों पर बच्चों के बैंक खाता खोलने को लेकर लागातार दबाव बनाये जाते हैं किंतु बैंक कर्मी की उदासीनता के कारण बच्चों के बैंक खाता खोलने की गति धीमी हो जाती है। इस संबंध में एसबीआई मैनेजर नीलेश्वर कुमार ने बताया कि बैंक में अकेले होने के कारण शिविर में नहीं जा सका, लेकिन स्कूल से संपर्क कर बच्चों के खाता खोलने का फॉर्म जमा कर लिया जा रहा है।

### लूटपाट की घटना को चोरी में तब्दील कराने से आहत पीड़ित ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना पुलिस द्वारा लूटपाट की घटना को चोरी की घटना के आवेदन में तब्दील कराने से आहत पीड़ित ने शुक्रवार को गढ़वा पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। आवेदन में बरडीहा थाना क्षेत्र के लेभारी गांव निवासी श्रीकांत यादव ने जिक्र किया है कि बीते 14 नवंबर 2022 को मैं घर से भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलान निवासी अपने मामा कामेश्वर यादव के घर जा रहा था, तभी कैलान से पीछे बसकटिया नदी के पास तीन नकाबपोश लुटेरों ने पिस्तौल और डंडे के बल पर मुझे रोक लिया तथा मेरी बाईक जिसका नम्बर जेएच 03 एबी 8371, मोबाईल और बैग सहित 6000 रुपये लूट लिये। बताया कि घटनास्थल पर पहुंची भवनाथपुर पुलिस को थाने में जाकर अपने साथ घटित घटना का जिक्र करते हुए आवेदन दिया जो केस डायरी में दर्ज है। इसके बाद बीते 14 नवम्बर की रात्रि 11 बजे मुझे थाना के अधिकारी द्वारा बोला गया कि अगर गाड़ी चाहिए तो दूसरे आवेदन पर हस्ताक्षर करो, जो थाना के किसी अधिकारी द्वारा लिखवाया गया था। उसमें लूटपाट की घटना को बदल कर चोरी का जिक्र था। अपनी बाईक मिल जाने की आशा में उस आवेदन पर हस्ताक्षर कर दिया। फिर मैं 16 नवम्बर को थाना पहुंचकर अपना आवेदन बदलने को कहा तो मेरा आवेदन तो लिखवा लिया गया लेकिन उसमें मेरा हस्ताक्षर नहीं लिया गया। पीड़ित ने एसपी को दिये आवेदन के माध्यम से लूटपाट में संलिप्त लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर भवनाथपुर थाना प्रभारी को अपराध को बढ़ावा देने से रोकने का निर्देश दिये जाने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने बताया कि लूटपाट के पीड़ित का आवेदन नहीं बदला गया है। प्राप्त आवेदन पर पुलिस कार्रवाई में जुट गयी है, जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जायेगा।

## प्रेस कांफ्रेंस : गढ़वा विस क्षेत्र में मिली छह ग्रामीण सड़कों की स्वीकृति

# गढ़वा में बिछेगा सड़कों का जाल, पक्की सड़कों से जुड़ेगा हर गांव का टोला : मंत्री

**साढ़े अठारह करोड़ की लागत से बनेंगी सड़कें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में सड़कों का जाल बिछेगा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में छह नयी ग्रामीण सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। करीब साढ़े अठारह करोड़ रुपये की लागत से लगभग 18 किलोमीटर लंबी छह सड़कों का निर्माण होगा। यह जानकारी गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दी।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा प्रखंड के ग्राम सिद्दे खुर्द में हवेली टोला होते हुए नगदरवा पाल टोला तक करीब ढाई किलोमीटर, गढ़वा-अंबिकापुर मुख्य पथ एनएच 343 नारायणपुर से हनुमान मंदिर होते हुए भगलपुर चौबाट तक करीब साढ़े तीन किलोमीटर, रंका प्रखंड में पुटू मोड़ से मस्जिद होते हुए मतौली सिवान तक करीब चार किलोमीटर, मेराल प्रखंड में चामा बड़का आहर से घिवा नदी भाया पीएमजीएसवाई रोड तक करीब तीन किमी, पचफेड़ी आरईओ पथ से बिगु चौधरी के घर होते हुए बागी नदी तक करीब दो किमी तथा आरईओ रोड सुरेश चंद्रवंशी के घर से बरवाही पीएमजीएसवाई रोड पुल तक करीब ढाई किमी सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछेगा। इस क्षेत्र के हर गांव का प्रत्येक टोला पक्की सड़कों से जुड़ेगा। क्षेत्र के लोग अब तक बदतर सड़कों से जूझते आ रहे हैं। परंतु अब उन्हें बहुत जल्द ही बेहतर सड़क का आनंद मिलेगा। मंत्री ने कहा कि उक्त सभी सड़कों की स्थिति काफी जर्जर थी। काफी दिनों से स्थानीय लोग इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। बरसात के दिनों में सड़कों की स्थिति नारकीय हो जाती थी।

मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की व्यथा को उन्होंने काफी करीब से देखा है। अगली बारिश से पहले इन सभी सड़कों का निर्माण पूर्ण करा लिया जाएगा।



**हर अच्छे कार्य का विरोध करने वाले आदरणीय बंधुओं का कटाक्ष मुझे दुगुने उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है**

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता ने जिस आशा और विश्वास से मुझे अपना जन प्रतिनिधि चुना है उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का हरसंभव प्रयास कर रहा हूं। गढ़वा वासियों का प्रेम, स्नेह, आशीर्वाद और विश्वास के साथ-साथ हर अच्छे कार्य का विरोध करने वाले आदरणीय बंधुओं का कटाक्ष मुझे दुगुने उत्साह के साथ समर्पित होकर जनता के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। मंत्री ने कहा कि वह दिन अब दूर नहीं जब गढ़वा के हर गांव में बिजली, अच्छी सड़क और हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। ब्लूप्रिंट तैयार कर गढ़वा के हर क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। सारी योजनाएं बहुत जल्द धरातल पर उतरेंगी।

## पार्टी के विभिन्न एजेंडों को लेकर राजद कार्यसमिति की बैठक 27 नवंबर को

**जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सहित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से की बैठक में शामिल होने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने प्रेसवार्ता कर कहा है कि कार्यसमिति की बैठक 27-11-2022 रविवार को 11:00 बजे से राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय अशोक विहार गढ़वा में आहूत की गई है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के निर्देशानुसार यह बैठक रखी गई है। अतः सभी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश के पदाधिकारी जो गढ़वा जिला अंतर्गत आते हों पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, राष्ट्रीय जनता दल के सम्मानित नेता-कार्यकर्ता साथी आप सभी ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा जिले में सभी प्रकोष्ठों का अध्यक्ष का चुनाव कराया जाए, जिला कमेटी का विस्तार, प्रखंड एवं पंचायत कमेटी का विस्तार, नगर परिषद, नगर पंचायत में होने वाले चुनाव को लेकर पार्टी की क्या भागीदारी होगी इस पर चर्चा, सदस्यता अभियान का जिले में क्या स्थिति है, राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति जिले में क्या है उस पर चर्चा आदि शामिल है।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** राजकीय मध्य विद्यालय के मैदान में खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100, 200, 400 मीटर की दौड़, कब्बडी, उंची दौड़, लम्बी कूद, रिले दौड़, गोला फेंक प्रतियोगिता सहित दर्जनों खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय विशुनपुरा, अमहर, पिपरी, पतिहारी, सरांग, जतपुरा, चितरी, सारो सहित सभी मध्य विद्यालय एवं हाई स्कूल विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिये। वहीं खेलो झारखंड प्रतियोगिता को सफल बनाने में मैच रेफरी बिहारी विद्यालय शिक्षक रमेश कुमार ठाकुर, कविता विद्यालय शिक्षक दिलीप कुमार सिंह तथा सुसज्जित तरीके से मंच का संचालन ओढ़ेया विद्यालय के शिक्षक अजय यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन प्राइज वितरण कर किया गया।

मौके पर प्रमुख दीपा कुमारी, मुखिया ललित नारायण सिंह, बीडीसी भरदुल चन्द्रवंशी, बैंक मैनेजर अचल कुमार दुबे, सीआरपी महेंद्र गुप्ता, बीआरपी अनिल विश्वकर्मा, उपेंद्र कुशुवाहा, प्रवीण यादव, रमेश ठाकुर, अजित पांडेय, प्रवीण पांडेय, अजय यादव, अरविंद प्रताप देव, प्रमोद गुप्ता, नवनीत तिवारी, प्रदीप राम सहित कयी लोग उपस्थित थे।

## जेपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर दो युवाओं ने कांडी प्रखंड का नाम किया रौशन

**राजेश कुमार सिंह व जावेद आलम ने तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सहायक अभियंता सिविल का पद हासिल किया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



राजेश कुमार सिंह



जावेद आलम

**कांडी।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यहां के दो युवाओं ने कांडी प्रखंड का नाम रौशन किया है। इन्होंने तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सहायक अभियंता सिविल का पद हासिल किया है। इनमें राजेश कुमार सिंह व जावेद आलम का नाम शामिल है। कांडी प्रखंड अंतर्गत बलियारी पंचायत के पखनाहा गांव के मूल निवासी व वर्तमान में कांडी बस्ती के निवासी सेवानिवृत फौजी मिथिलेश कुमार सिंह व गृहिणी माता संजू देवी के पुत्र राजेश कुमार सिंह ने मैट्रिक की परीक्षा राजकीयकृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी से पास की थी। जबकि गोस्सनर कालेज रांची से आईएससी किया था। वहीं बंगाल कालेज ऑफ इंजीनियरिंग दुगार्पुर से बीटेक किया था। इसके बाद झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त की।

उन्हें झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर को मोराबादी में आयोजित समारोह के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वे एक महीना के प्रशिक्षण के बाद झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में बतौर अवर प्रमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) किसी जिला में योगदान देंगे।

राजेश ने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता, गुरुजन एवं हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित करनेवाले परिजन व मित्रों को दिया है।

इधर कांडी प्रखंड अंतर्गत पतिला पंचायत के पतिला गांव के मूल निवासी संप्रति कांडी खास के रहनेवाले मो. मेजाज खलीफा के पुत्र जावेद आलम भी झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर सहायक अभियंता सिविल के रूप में चयनित हुए हैं। इन्होंने भी राजकीयकृत प्लस टू उवि कांडी से ही 2012 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जबकि 2016 में राजकीय पोलीटेक्नीक लातेहार से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया था। वहीं बीआईटी सिंदरी से 2019 में बीटेक किया था। वर्तमान में वे जिला के बरडीहा प्रखंड में 15वें वित्त आयोग से बतौर जूनियर इंजीनियर पदस्थापित हैं। जावेद आलम का झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग में बतौर सहायक अभियंता चयन हुआ है। इन्हें भी राज्य के स्थापना दिवस समारोह में सीएम हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता व शिक्षकों को दिया है।

### डीसी ने निर्माणाधीन समाहरणालय भवन का किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिये निर्देश



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप ने निमार्णाधीन नये समाहरणालय भवन का औचक निरीक्षण किया। समाहरणालय निर्माण में हो रहे कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया। नए समाहरणालय भवन का निर्माण निर्धारित समयांतराल के अंतर्गत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल प्रेम लाल सिंह एवं प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजीव कुमार सिंह उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
शुद्धि पत्र

पी0 आर0 संख्या – 279717 द्वारा विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित **Raidih Block Full Coverage Rural Water Supply Scheme** के ई0 निविदा में निम्न प्रकार से शुद्धि पत्र प्रकाशित की जाती है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि :– | 7322.99 लाख |
| 2 | अग्रधन की राशि :– | 73.24 लाख |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 25.11.2022, 04.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | प्री बीड मीटिंग की तिथि :– | 29.11.2022, 01.00 अपराहन में<br>अभियन्ता प्रमुख, का कार्यालय, नेपाल हाउस, राँची |
| 5 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 06.12.2022, 5.00 बजे अपराहन तक। |
| 6 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान :– | 07.12.2022, 5.00 बजे अपराहन तक,<br>(1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला के कार्यालय में<br>(2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में<br>(3) क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र राँची के कार्यालय में |
| 7 | निविदा के तकनीकी बीडों के खोलने की तिथि एवं समय :– | 08.12.2022, 12.00 बजे अपराहन से |

निविदा की अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR 282638 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि पत्र

पी0 आर0 संख्या – 279708 द्वारा विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Chainpur Block Remaining VillagesCoverage Rural Water Supply Scheme के ई0 निविदा में निम्न प्रकार से शुद्धि पत्र प्रकाशित की जाती है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि :– | 2754.55 लाख |
| 2 | अग्रधन की राशि :– | 27.54 लाख |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 25.11.2022, 04.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | प्री बीड मीटिंग की तिथि :– | 29.11.2022, 01.00 अपराहन में<br>अभियन्ता प्रमुख, का कार्यालय, नेपाल हाउस, राँची |
| 5 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 06.12.2022, 5.00 बजे अपराहन तक। |
| 6 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान :– | 07.12.2022, 5.00 बजे अपराहन तक,<br>(1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला के कार्यालय में<br>(2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में<br>(3) क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र राँची के कार्यालय में |
| 7 | निविदा के तकनीकी बीडों के खोलने की तिथि एवं समय :– | 08.12.2022, 12.00 बजे अपराहन से |

निविदा की अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 282636 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



कार्यालय जिला गव्य विकास पदाधिकारी चतरा

आम सूचना

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश संख्या 23रा0 वि0 दिनांक 07.011.2022 के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर युवाओं / महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित / लाभुक अशंदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित होने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत् विहित प्रपत्र मे आवेदन का आमंत्रित किया जाता है:–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई लागत प्रति युनिट | लक्ष्य | | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 50 प्रतिशत अनुदान | 75 प्रतिशत अनुदान | 90 प्रतिशत अनुदान | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 02 गाय की योजना | 135050/- | 0 | 40 (OSP) | 50(OSP) | केवल महिलाओं के लिए। |
| 2 | 05 गाय की योजना | 337625/- | 3 (OSP) | 1(SCSP) | 0 | |
| 3 | 10 गाय की योजना | 675250/- | 1(OSP) | 0 | 0 | |
| 4 | हस्तचालित चैफ कटर | 8000/- | 0 | 10 (OSP) | 6(SCSP) | |
| 5 | विधुत चलित चैफ कटर | 20000/- | 0 | 4 (OSP) | 2(SCSP) | |
| 6 | मिल्किंग मशीन | 120000/- | 0 | 1 (OSP) | 1(SCSP) | |
| 7 | वर्मी कम्पोस्ट युनिट | 25000/- | 0 | 10 (OSP) | 7(SCSP) | |
| 8 | पनीर एवं खोवा मेकिंग युनिट | 100000/- | 0 | 1(OSP) | 0 | |
| 9 | काउ मैट 6.5'X4' | 5200/- | 0 | 12(OSP) | 7(SCSP) | |
| 10 | डीप बोरिंग युनिट | 100000/- | 0 | 3(OSP) | 2(SCSP) | |
| 11 | संतुलित पशुआहार | RS-24/KG | 0 | 32000 KG (OSP) | 18000 KG (SCSP) | |
| 12 | मिनरल मिक्स्चर | RS- 120/KG | 0 | 6000 KG (OSP) | 3800 KG ( SCSP) | |
| 13 | शीतवर्द्धक सप्लीमेन्ट | RS- 60/KG | 0 | 700KG (OSP) | 400 KG (SCSP) | |

**चयन हेतु अहर्ताए एवं प्रकिया:–**
- विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अंदर पूर्ण भरा आवेदन स्वीकार किया जायेगा।
- जिला के लाभुको का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा ।
- योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा ।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान राशि एक माह के अंदर संबंधित खाता में जमा कराना होगा।
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांतरित की जायेगी ।

**02 गाय की योजना :–**
- इस योजना में सिर्फ महिलाओं को आच्छादित किया जाना है।
- 75% के अनुदान की योजना सभी वर्ग के महिलाओं / स्वंय सहायता समुह के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा ।
- 90% के अनुदान की योजना दिव्यांग /आपदा/ अगलगी/ सडक दुर्धटना / परित्यक्ता ग्रामीण महिलाओं के लाभुकों को योजना का लाभ दिया जायेगा ।(प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**05 / 10 गाय योजना :–**
- 50% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष / स्वंय सहायता समुह /सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार पर योजना का का लाभ दिया जायेगा ।
- 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है।(प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**अन्य योजनाए :–**
- 75% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष / स्वंय सहायता समुह /सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार प्रर योजना का का लाभ दिया जायेगा ।
- 90% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है।(प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**नोट :–** उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी /भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/ जिला गव्य विकास कार्यालय चतरा से सम्पर्क करेंगे ।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
चतरा

PR 282659 Animal Husbandry(22-23)#D

## पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने सनिका पाहन से मिलकर की जल्द स्वस्थ होने की कामना

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वयोवृद्ध नेता पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने शुक्रवार को सरना समाज के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता सनिका पहान से मुरहू प्रखंड के विंदा गांव में जाकर उनका कुशलक्षेम पूछा और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कोरबा प्रखंड के तपकारा निवासी सनिका मुंडा पिछले दिनों लकवा ग्रस्त हो गए थे और वह अपना इलाज बिंदा गांव में वैद्य सीताराम मुंडा से करा रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष कड़िया मुंडा उनसे मिलने बिंदा गांव पहुंचे थे। इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, वयोवृद्ध नेता मुनि नाथ मिश्रा, भीम सिंह मुंडा व महेश चौधरी आदि थे।

### बैठक : 22 नवंबर को आयोजित आक्रोश रैली को सफल बनाने की अपील

# झारखंड में चारों ओर भ्रष्टाचार : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में शउक्रवार को पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता ने की। बैठक में 22 नवंबर को आयोजित होनेवाले जिला स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में शामिल तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि झारखंड में चारों और भ्रष्टाचार व्याप्त है। राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। इसके प्रतिवाद में पिछली बार हमने सरकार की कार्यप्रणाली के विरोध में प्रखंड स्तर पर आक्रोश प्रदर्शन किया था। अब 22 नवंबर को हमें जिला स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन कराना है। सभी कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए इसे कैसे सफल बनाएं इस विषय पर मन लगाकर कार्य करें। जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने मंडल अध्यक्षों से कार्यवृत लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आम जनता की आवाज बन कर भाजपा को इस भ्रष्टाचारी सरकार के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन करना है। यह आक्रोश प्रदर्शन जनता के हित में किया जा रहा है। आक्रोश प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों के बीच जिम्मेदारियों का बंटवारा किया। मंच संचालन जिला महामंत्री बिनोद नाग एवं धन्यवाद ज्ञापन शशांक शेखर राय ने किया। बैठक से पूर्व संगठन के पथ प्रदर्शक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण औरं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बैठक में प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष काशी नाथ महतो, उपाध्यक्ष संजय साहू, कैलाश राम, मंत्री गोपाल स्वर्णकार, लक्ष्मी देवी, राम लखन सिंह, सोशल मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, राजीव कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, निखिल कन्डूलना, रामध्यान सिंह, मोती पातर, बालकिशुन महतो, मदनमोहन गोप, पुरेनद्र मांझी, राम बिहारी साहू आदि उपस्थित थे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते विधायक कोचे मुंडा व अन्य।

## खेलो इंडिया महिला वुशु प्रतियोगिता में पिपरवार की तीन खिलाड़ियों ने जीता पदक





**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रांची के खेलगांव में चल रहे चार दिवसीय खेलो इंडिया महिला वुशु प्रतियोगिता के दूसरे दिन चतरा जिला वुशु संघ की ओर से खेलते हुए पिपरवार की तीन वुशु बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर तीन मेडल प्राप्त कर पिपरवार का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार रांची के खेलगांव में 17 से 20 नवंबर तक खेलो इंडिया महिला वुशु प्रतियोगिता चल रहा है। इसके दूसरे दिन चतरा जिला वुशु संघ की ओर से खेलते हुए पिपरवार की श्रुति कुमारी चनक्कुवान ग्रुप सी में रजत पदक, अनिशा कुमारी ग्रुप बी में रजत पदक और जुनियर मे रौशनी कुमारी ने कांस्य पदक जीता। बालिका खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर चतरा जिला वुशु संघ के महासचिव शैलेंद्र नाथ दुबे, शिवेंद्र नाथ दुबे और चतरा जिला वुशु संघ के सचिव रजी अहमद ने बधाई देते हुए आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की है।

## रेलवे का लोहा चोरी करते तीन गिरफ्तार, गये जेल



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुरी आरपीएफ ने गुप्त सूचना के आदार पर ओपी रामगढ़ सीआईबी इकाई रांची के मुरी आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर रूपेश कुमार की देखरेख में किलोमीटर संख्या 405/05 से संयुक्त छापामारी चलाया गया। इस दौरान माइल स्टेशन के समीप किलोमीटर संख्या 404/3-4 में गुरुवार की रात 8.30 बजे ट्रैक से कुछ संदिग्ध युवकों को एक ट्रक पर रेल सामग्री लोड करते देखा। जवानों ने उन्हें पकड़ किया। पूछताछ करने पर आरोपितों ने अपना नाम विकास सिंह घटवार (32), प्रेम कुमार (26) और उमेश बेदिया (34) बताया। विकास रामगढ़ का रहने वाला है। जबकि प्रेम कुमार और उमेश हजारीबाग के रहने वाले हैं। तीनों आरोपितों के पास से एक ट्रक (टाटा 407) जब्त किया गया। जिसमें ऑक्सीजन गैस सिलेंडर, एक गैस कटर पाइप आदि समान लदा हुआ था। वहीं, गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ मामला संख्या 03/2022 रेलवे संपत्ति विधि विरुद्ध अवैध कब्जा अधिनियम 1966 दिनांक के तहत मामला दर्ज किया गया।

## नौकरी के नाम पर ठगी व हंगामा करते एसआइएस कमांडेंट गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** मुरी हिंडालको में एसआइएस के कमांडेंट सागर पान सिंह को मुरी जीआरपी ने शुक्रवार को स्टेशन परिसर में हंगामा करते गिरफ्तार कर सिमडेगा पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार एसआईएस के कमांडेंट पर सिमडेगा सदर थाना में नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा ठगी करने का भी आरोप है। सागर पान सिंह मुरी हिंडालको कॉलोनी में रहते थे। उनकी पत्नी से झगड़े के बाद मुरी स्टेशन पर हंगामा करने लगे। जिसे देखकर मुरी जीआरपी के अधिकारियों ने उन्हें समझाने बुझाने का काफी प्रयास। उनकी पत्नी मुरी जीआरपी पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। जिस पर सागर पान सिंह से मुरी जीआरपी ने पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि उन पर सिमडेगा सदर थाना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला दर्ज है। जीआरपी पुलिस ने सिमडेगा सदर से संपर्क कर इसकी सूचना दी, जिस पर पुलिस के अधिकारियों ने सागर पानसिंह को बहला-फुसलाकर जीआरपी कार्याल में ही रखने को कहा गया। गुरुवार की देर रात सिमडेगा पुलिस मुरी जीआरपी पहुंचकर उक्त अधिकारी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। उसकी पत्नी को उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया है।



कमांडेंट सागर पान सिंह को हथकड़ी पहनाकर ले जाते पुलिस के जवान।

## झारखंड सरकार ने लिया ऐतिहासिक फैसला : जुबैर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झामुमो केंद्रीय कार्यालय के निर्देश पर झारखंड विधानसभा में शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही का खूंटी जिले के कार्यकर्ताओं ने लाइव प्रसारण देखा। जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सरकार के फैसले को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। जुबैर अहमद ने कहा कि आज का दिन झारखंड के लिए ऐतिहासिक रहा। झारखंड के शहीदों और आदिवासियों-मूलवासियों को सम्मान मिला। कार्यक्रम में जिला सचिव गुलशन सिंह मुंडा, जिला उपाध्यक्ष मगन मंजीत तिड़ू, जिला कोषाध्यक्ष भोला नाथ लाल, केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, स्नेहलता कंडुलना, सुशील पहान, सुदीप गुड़िया, जिला प्रवक्ता राजेन कुजूर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमन्त तोपनो, जिला परिषद सदस्य विरेन कंडुलना, असगरी खातून, मोजीर अंसारी, बिलेन्द्र सिंह, देवनाथ मगहिया, सुभाष कोंनगाडी, शेख फिरोज, आलोक रितेश डूंगडूंग, प्रदीप केशरी, कुंवर सिंह मुंडरी, उदय चौधरी, शंकर सिंह मुंडा, सोनाराम यादव, विलयम गुड़िया, रिमिस कंडुलना, जोलेन बारला, महादेव मुंडा, महेन्द्र सिंह मुंडा, बिनोद उरांव, राजन मुंडा, सनिका बोदरा, सलन ओड़या, भोला भुइया, जास्टिन भेगरा, सहदेव, संदीप तिडू सहित कई काय्रकर्ता मौजूद थे।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सोनाहातू कस्तूरबा गांधी विद्यालय की टीम बनी विजेता



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड महोत्सव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छठी से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य प्रतियोगिता फुटबॉल, बॉलीबाल, कबड्डी, तीरंदाजी, लंबी कूद, ऊंची कूद, विभिन्न तरह की दौड़ आदि आयोजित किए गए। बॉलीबाल प्रतियोगिता में सोनाबातू कस्तूरबा गांधी विद्याल विजेता बना। वहीं, बारेडीह की टीम उप विजेता रही। विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरसी के लेखापाल राकेश शिवदर्शी, बीपीओ रेणुका कुमारी, प्रतिमा कुमारी, शिक्षक इंद्रजीत बैठा, शंभुशरन मुंडा, राजीव गुप्ता, रविंद्र कोइरी, प्रदीप कुमार, परेश राम महतो, अनिल कुमार महतो, कमला कुमारी, खेल शिक्षक विंदेशवर महतो, अभिराम महतो,जेई नंदलाल महतो, विभूति भूषण मेहता, प्रह्लाद अहीर, झरिया महतो, रमेश गौंझू,दीनानाथ महतो, बनमाली पुरान आदि का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

## एनके एरिया क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा स्थित एनके एरिया वीआइपी सभागार में शुक्रवार को क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमें एनके महाप्रबंधक संजय कुमार की उपस्थिति में क्षेत्र के कोयला उत्पादन के साथ ही कामगारों के कल्याण कार्यों, सेवानिवृत्त कर्मियों का सीएमपीएफ पेंशन ग्रेजुएटी का भुगतान समय पर करने, कॉलोनी की सफाई व पानी और बिजली की व्यवस्था सही करने सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। इस पर प्रबंधन की तरफ से सभी कार्यों पर सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में केडीएच पीओ जे अब्राहम, केके झा आदि थे।

## तमाड़ में शौचालय निर्माण में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत तमाड़ प्रखंड के 23 पंचायतों में दो करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से लगभग 22 हजार शौचालय बनाए गए। प्रखंड को ओडीएफ खूले में शौच से मुक्त कर दिया गया, लेकिन हकीकत कुछ और बयां कर रही है। अभी भी ग्रामीण क्षेत्र के 90 फीसदी लोग मैदान में ही शौच करने जा रहे है। आनन-फानन में इन शौचालयों का निर्माण कार्य किया गया ह। परै न किसी में दरवाजे हैं न किसी में पैन लगे हैं। ना ही किसी में छत है। लोग शौचालयों में मुर्गी व अन्य सामान रखते हैं। सरकार द्वारा शौचालय बनाने के लिए प्रोत्साहन राशि एक में 12 हजार रुपया दिया गया था। अभी भी आराहागा पंचायत में 32 शौचालय निर्माण का भुगतान लाभुकों को नहीं किया गया है। इस मद में फंड नहीं है। तमाड़ पश्चिमी में पूर्ण नहीं है। यह शौचालय बनाने का जिम्मा महिला समूहों को दिया गया था। सबसे अधिक शौचालय सारजामडीह में 550 बनाए गए। वहीं सबसे कम मरधान पंचायत के गोदाडीह में बनाए गए। इसकी हकीकत जांच के लिए सरकार ने बुंडू बीडीओ को जिम्मा दिया था। बुंडू बीडीओ ने सरकार को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। तमाड़ पश्चिमी पंचायत में पांच लाख की अवैध निकासी का मामला आया है। मुखिया को एक साल के लिये वित्त पर रोक लगा दिया गया। 14वें वित्त आयोग से 30 से 35 लाख का टेंडर करवा कर उस रुपए की भरपाई किया गया। उसी तरह पुण्डीदीरी पंचायत में उप मुखिया द्वारा शौचालय निर्माण के लिए डेढ़ लाख का चेक काटा गया था। ठेकेदार पैसा लेकर फरार हो गया, लेकिन दबाव के बाद मैनेज कर उसे बना दिया किया। उसी तरह जानुमपीडी पंचायत में 1,32000 शौचालय के पैसे पड़े हुए थे। उसे मुखिया द्वारा रिटर्न कर दिया गया।



## डोड़मा शिशु मंदिर में कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के डोड़मा स्थित बिरसा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को विधायक कोचे मुंडा और श्री हरि वनवासी विकास समिति झारखंड के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि तकनीक के इस युग में कंप्यूटर ज्ञान के अभाव में रोजगार पाना संभव नहीं है। केंद्र की भाजपा सरकार युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस मौके पर जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह, विद्यालय कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष बृजमोहन कर, सचिव अंनत मांझी, उपाध्यक्ष सुनील किशोर धान, प्रधानाचार्य बजरंग साहू आदि उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली को लेकर बैठक

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ राजाबाड़ी में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विष्णु पद महतो ने की। इसमें 21 नवंबर को रांची में झारखंड सरकार के खिलाफ जनाक्रोश रैली के सफल आयोजन को लेकर बैठक की गई। वक्ताओं ने कहा कि जनाक्रोश रैली के माध्यम से सरकार की कार्यशैली का पदार्फाश किया जाएगा। मुख्यमंत्री को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव के अलावे रड़गांव मंडल अध्यक्ष अजित महतो, दिलीप सेठ, राजकिशोर महतो, घनश्याम महतो, धनेश्वर महतो, जगदीश हजाम, विकास मुण्डा, मृत्युंजय पातर आदि शामिल थे।

## फागू बेसरा बने राज्य समन्वय समिति के सदस्य



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य बनाये जाने पर रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया ने खुशी व्यक्त करते हुए फागु बेसरा को बधाई दी है। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा के राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनने से झारखंड के रैयत विस्थापितों में काफी हर्ष है। अब रैयत विस्थापित की बात राज्य सरकार के समक्ष मजबूती से उठेगी और रैयत विस्थापित की आवाज और बुलंद होगा। साथ ही रैयत विस्थापित की जो समस्या है उसका भी राज्य सरकार के माध्यम से त्वरित गति से समाधान होगा। वहीं राज्य से विस्थापितो का भी पलायन रुकेगा। हर्ष व्यक्त करने वाले लोगों में मोर्चा के जालिम सिंह, रंथु उरांव, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, नरेश गंझू, विष्वनाथ गंझू, जगरनाथ महतो, दामोदर गंझू, प्रभाकर गंझू, विनय खलखो, मुकद्दर कुमार, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, राजेंद्र उरांव, रवि उरांव, जगदीश पाहन, सुनील यादव, शिवनारायण लोहरा, नरेश यादव, बालेसर भोगता, छोटू पाहन, रामधारी गंझू, कुलदीप साव, मनोज गंझू, बाबूलाल गंझू, बुल्ला गंझू, प्रभु गंझू, श्यामजी महतो, शिवनाथ भोगता, रमेश गंझू, राधेश्याम प्रसाद, भरत महतो आदि का नाम शामिल है।

## सीपीआरएमएस-एनइ के तहत जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अनिवार्यता खत्म हो : उदय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीपीआरएमएस-एनइ स्कीम के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जीवन प्रमाण पत्र देने की अनिवार्यता खत्म किया जाय। उक्त बातें एनसीओइए सीटू सचिव केडीएच परियोजना के उदय कुमार सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया द्वारा सीपीआरएमएस-एनइ के तहत अपने कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए 40 हजार रुपये जमा कराए थे। इसके लिए एक सहायता केंद्र भी मुख्यालय में बनाया गया है, बावजूद इसके सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इसका लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारी जब रांची मुख्यालय में जाते हैं तो उनसे कहा जाता है कि आप एरिया में जा कर अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करें। उन्होंने कहा कि ये प्रक्रिया क्यों है और जीवन प्रमाण पत्र क्यों जरूरी है। अगर सेवानिवृत्त कर्मचारी जीवित है तभी तो इलाज के लिए जाएंगे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जो कार्ड दिया गया है, उसमें उनका और उनके परिवार के फोटो भी लगे हुए हैं। बहुत से सेवानिवृत्त कर्मचारी बहुत दूर रहते हैं और उम्र हो जाने के कारण वे आने में भी असमर्थ रहते हैं। अंत में उन्होंने यूनियन की ओर से मांग करते हुए कहा कि सीपीआरएमएस-एनइ के तहत जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अनिवार्यता को खत्म की जाए ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## बीडीओ और सीओ ने मतदान को लेकर चलाया प्रचार-प्रसार अभियान



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची विशेष संक्षिपत पुनरिक्षण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को तमाड़ प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सलगाडीह में बीडीओ गिरजा शंकर महतो और सीओ विमल सोरेन ने विद्यार्थियों के बीच प्रचार प्रसार अभियान चलाया। उन्हें वोटर के बारे जानकारी दी। उक्त अभियान आठ दिसंबर तक चलेगा। वोट देने व एक वोट की कीमत के बारे में बताया गया। इसके लिये बीएलओ को हर बूथों में लगाया गया है। विद्यालय के 10वी व 11वीं के विद्यार्थियों को फॉर्म दिया गया। इस दौरान वोटर लिस्ट में नाम जोड़ना और हटाने की भी जानकारी दी गयी। आधार से वोटर कार्ड को जोड़ने के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर वाडेन रीता बडाईक शिक्षक पिंटू मोदक आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी मोनू रजक ने ट्राई साइकिल देकर की मदद, गरीबों के बीच किया कंबल वितरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** हुटाप पंचायत स्थित शंतिनगर में समाजसेवी मोनू रजक ने बीमार जमनी देवी को ट्राई साइकिल देकर उन्हें सहयोग दिया। साथ ही मोनू रजक एवं वार्ड सदस्य सुनीता उरांव ने गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया। इस मौके पर मोनू रजक ने बताया कि बीते तीन साल से शंतिनगर निवासी जमनी देवी अस्वस्थ्य चल रही है। जिन्हें चलने में भी परेशानी हो रही थी। जिसे देखते हुए उन्हें ट्राई साइकिल देकर मदद किया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नीतेश तिर्की, प्रमोद यादव, अनिता कुमारी, रीतस सिंह आदि उपस्थित थे।

### सीआइएसएफ ने पिपरवार में चलाया विशेष छापामारी अभियान

# 15 टन अवैध कोयला जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की ओर से सीआइएसएफ के कमांडेंड श्री मांगा के निर्देश पर डिप्टी कमांडेंट उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान आरसीएम साईडिग के बगल राय छलटा पुल के समीप कोयला तस्करी के लिए रखे गए 15 टन अवैध कोयला को जब्त किया गया। सीआइएसएफ जवानों ने स्थानीय प्रबंधन से बात कर जब्त कोयले को हाईवा डंपर से उठाकर सौंप दिया। वहीं अगल-बगल के इलाकों में भी छापामारी अभियान चलाया।

इस संबंध में सीआइएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि कमांडेंट के निर्देश पर पिछ्ले कई दिनों से आस पास के इलाकों में विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार की अहले सुबह भी यह अभियान चलाया गया, जिसमें राय छटा पुल के बगल तस्करी के लिए छिपा कर रखे गए 15 टन कोयला को बरामद किया गया। अधिकारियों ने कहा कि कोयला तस्करी के रोकथाम के लिए सीआईएसएफ का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

इस दौरान निरीक्षक बिनोद कुमार, आसूचना के उप निरीक्षक एमके चौधरी, आरक्षक एसआरके सिंह और राकेश कुमार सहित करीब 45 जवान और 10 महिला होमगार्ड शामिल थे।



## खेलो झारखंड के तहत खलारी में प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड 2022-23 के तहत खलारी प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता शुरू की गई। शुक्रवार को कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। हुटाप पंचायत भवन मैदान में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन जिप सदस्य सरस्वती देवी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रवीन्द्र प्रसाद ने किया। प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं के बीच 100 मीटर, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, जेवलिन थ्रो, फुटबाल आदि खेलों की स्पर्धा हुई। जिसमें 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में राकृ उमवि पुरनीराय का छात्र विजय प्रथम रहा। आशीष कुमार दास दूसरे व सूरज मुंडा तीसरे स्थान पर रहे। 600 मीटर के बालिका वर्ग में लक्ष्मी कुमारी, कृष्णा कुमारी व नेहा कुमारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही।

## तोरपा में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड के तहत तोरपा में दो दिवसीय किक फॉर झारखंड खेलो प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। प्रखंड के संत जोसेफ सागवान मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में फुटबॉल, हॉकी, दौड़, भाला, गोला फेंक, म्यूजिकल चेयर, लंबी व ऊंची कूद आदि खेल का आयोजन किया गया। विद्यालयों से सभी खेलों से दो-दो बच्चों का चयन किया गया। चयनित बच्चे जिले में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। दो दिनों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इनडोर और आउटडोर खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आनेवाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीपीओ नरेंद्र कुमार, ग्रेस हंस, शिक्षक रामधनी सिंह, सादाब खान, मिथिलेश कुमार,सुखदेव राम, दान्दू आईंद, बुधनाथ गुड़िया आदि थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
09

## सड़क चौड़ीकरण को लेकर रातू के मुरगू एनएच-75 से हटाये गये दर्जनों दुकान व मकान



**रातू (आजाद सिपाही)।** एनएचआई द्वारा प्रस्तावित एनएच- 75 के चौड़ीकरण को लेकर शुक्रवार को रातू प्रखंड के मुरगू चौक को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस अभियान के तहत मुरगू चौक स्थित सड़क चौड़ीकरण में बाधित वैसे दुकान एवं मकान को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया, जो क्षतिपूर्ति का मुआवजा ले चुके हैं लेकिन अतिक्रमण हटाने में देर कर रहे थे। गौरतलब हो कि विभाग द्वारा रांची से लेकर कुडू तक निमार्णाधीन सड़क का निर्माण कार्य रैयतों के विरोध के कारण मुरगू के पास अर्धनिर्मित है। महीनों पहले भूअर्जन विभाग द्वारा सभी रैयतों को मकान व दुकान के पैसे उनके एकाउंट में भेज दिए गये हैं। जानकारी अनुसार उक्त सड़क की चौड़ाई 82 फीट होनी है। रातू सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि यह अभियान पूर्ण रूप से अतिक्रमण हटने तक जारी रहेगी। अभियान में जिले के भूअर्जन विभाग के अधिकारियों के अलावा रातू सीआई संतोष उरांव, राजस्व कर्मचारी सुखदेव उरांव समेत रातू पुलिस मौजूद थे।

## बेड़ो के पुजार के निधन पर क्षेत्र में शोक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पुजार परिवार के सदस्यों में से बुधवा टोप्पो (पुजार) पिता स्व. बिरसा उरांव का शुक्रवार की शाम रांची के रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। बेड़ो पूर्वी के जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी ने बताया कि स्वजनों ने उन्हें शुक्रवार को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पुजार बुधवा टोप्पो का प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर बुधवा टोप्पो के निधन के बाद पत्नी अनीता उरांव, पुत्र रोहित टोप्पो व अनुज टोप्पो समेत पूरे परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। इधर बेड़ो पूर्वी के जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी व पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने आर्थिक सहयोग कर बीमार बुधवा टोप्पो को इलाज के लिए बेड़ो सीएचसी से रिम्स के लिए भिजवाया। जहां रिम्स में बुधवा टोप्पो का निधन हो गया। इधर पूजार बुधवा टोप्पो के निधन की खबर के बाद से बेड़ो के ग्रामीणों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

## नगड़ी में खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड के तहत शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगड़ी के सपारोम स्थित आरसीएम स्कूल के खेल मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के कक्षा छः से बारहवीं तक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन नगड़ी प्रमुख मधु कच्छप, ललीता एक्का और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रहमत अली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रमुख मधु कच्छप ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ ही बच्चों को खेलकूद में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए, इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास अच्छी तरह से होता है। प्रतियोगिता में सौ मीटर दौड़, बाधा दौड़, जेमलीन थ्रो, ऊंची कूद सहित अन्य कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। प्रतियोगिता के अंत में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।

## हरातू पंचायत के पूर्व मुखिया ने भटकी हुई बच्ची को परिजनों से मिलवाया



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र हरातु पंचायत के पूर्व मुखिया श्रवण कुमार मुंडा ने शुक्रवार को भटकी हुई एक बच्ची को उसके परिजनों से मिलवाया। जानकारी के अनुसार चैनगड़ा रामगढ़ निवासी बढन बेदिया की 12 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी गुरुवार की सुबह से भटक गई थी। वह अपने मामा के घर बीसा बेहरा टोली में रहकर पढ़ाई कर रही है। गुरुवार की शाम भटकते भटकते हरातु पंचायत के कुदा झरिया गांव पहुंची। सूचना मिलने पर पूर्व मुखिया ने अपने स्तर से छानबीन कर उसके परिजनों को जानकारी दी। बच्ची को सिकिदिरी पुलिस के समक्ष उसके परिजनों को सौंपा गया।

## इटकी में राज्यस्तरीय कलाल सम्मेलन कल

**इटकी (आजाद सिपाही)।** कलाल-एराकी जाति को अत्यंत पिछड़ी (बीसी वन) जाति की सूची में शामिल किये जाने की मांग को लेकर इटकी में 20 नवंबर को राज्य स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें पूरे राज्य से करीब 10 हजार प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसकी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी हैं। यह जानकारी शुक्रवार को आयोजन समिति के संयोजक मोहसिन कासमी ने प्रेस मीट में दी। जानकारी के अनुसार सम्मेलन में राज्य के मंत्री आलमगीर आलम, हफीजुल हसन, सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद धीरज साहू, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व बंधु तिर्की सहित अन्य शामिल होंगे। मेदांता हॉस्पिटल, रांची की ओर से सम्मेलन स्थल पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लाया जायेगा। छह स्थानों पर पार्किंग के अलावा तीन सौ वोलेंटियर की व्यवस्था की गयी है। ज्ञात हो कि दशकों वर्ष पूर्व इटकी में कलाल सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें तत्कालीन बिहार सरकार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे।

## रातू ब्लॉक चौक में 11 हजार का तार गिरने से एक व्यक्ति झुलसा

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र से सटे काली मंदिर चौक स्थित मदन पांडेय की गुमटी में शुक्रवार की सुबह ग्यारह हजार वोल्ट का विद्युत प्रवाहित तार गिर जाने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। तार गिरते ही अगल-बगल के दुकानदारों में भगदड़ मच गई । बाद में इसकी सूचना रातू सब स्टेशन को दी गयी एवं बिजली काटी गई। बिजली के कटते ही स्थानीय लोगों द्वारा घायल व्यक्ति को रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक स्थिति खतरे से बाहर है। घायल व्यक्ति काठीटांड आनंदमयी नगर निवासी मदन पांडेय है। वह काठीटांड में दुकान चलाता है। दुकान के ऊपर ही 11 हजार वोल्ट का तार गुजरा है। इसके अलावा वहां दर्जनो दुकान संचालित होते हैं।

### कार्यक्रम : रेजांगला शहादत शौर्य दिवस समारोह में डॉ नीरा यादव ने कहा

# 18 नवंबर 1962 को 12 अहीर जवानों ने अपने अदम्य साहस से 1400 चीनी सैनिकों को मार गिराया था

**कार्यक्रम में शहीद अहीर वीर जवानों के लहू से लिप्त पवित्र मिट्टी के कलश का भव्य स्वागत कर शहीद जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** धुर्वा जगन्नाथपुर मंदिर परिसर स्थित निलांद्री भवन प्रांगण में शुक्रवार को प्रांतीय यादव महासभा रांची इकाई की अगुवाई में रेजांगला में शुरवीर अहीर योद्धाओं के अद्वितीय शौर्य और बेमिसाल बलिदान की 60वीं हीरक जयंती पर रेजांगला शहादत शौर्य दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डा. नीरा यादव ने 18 नवम्बर 1962 ई. को लेह लदाख के दुर्गम चुलूस घाटी के रेजांगला चौकी में तैनात 12 अहीर जवानों के अदम्य साहस, धैर्य पराक्रम और उनकी वीर गाथा पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि जवानों ने 3000 हजार चीनी सैनिकों में 1400 चीनी सैनिकों को मार गिराया और अपने पराक्रम से चीनी सैनिकों को जान बचाकर भागने को मजबूर कर दिया था। इस युद्ध में 114 जवान वीरगति को प्राप्त हो गये। उन्होंने जाति समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

समारोह को प्रदेश प्रांतीय यादव महासभा अध्यक्ष पितम्बर दास, जिला अध्यक्ष तपेश्वर गोप, अनिता यादव, सुरेश यादव, गौरी शंकर यादव, राजकमल गोप, केदार गोप, नरेन्द्र यादव, बुलू प्रकाश गोप सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए जोरदार तरीके से अहीर रेजीमेंट की मांग रखी। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का उदघाटन किया गया। इसके बाद शहीद अहीर वीर जवानों के लहू से लिप्त पवित्र मिट्टी के कलश का भव्य रूप से स्वागत किया गया और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में शिविर लगाकर रक्तदान का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खूंटी, गुमला, रांची, पलामू, बुण्डू सहित अन्य जिलों के प्रखंडों से भारी संख्या महिला पुरुष शामिल हुए।

# ओरमांझी के नशामुक्त गांव आरा केरम का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

**युवाओं को स्किल डेवलपमेंट सहित गांव के विकास को लेकर योजनाओं को लेकर की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** ओरमांझी के नशामुक्त गांव आरा केरम में पंचायती राज सचिव चंद्रशेखर और प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी निरीक्षण करने पहुंचे। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। मुखिया रमेश वेदिया ने अधिकारियों को पूरे गांव का निरीक्षण कराया। ग्राम प्रधान के द्वारा गांव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी के द्वारा भी पूरे प्रखंड और आरा केरम की उपलब्धियों की जानकारी दी गयी। एनआरएलएम के बारे में भी चर्चाएं की गयीं। आरा केरम गांव में पंचायती राज कार्यक्रम के तहत अपर सचिव चंद्रशेखर के द्वारा बहुत से कार्यक्रम एक साथ जोड़ने का काम और इंटीग्रेटेड प्लानिंग के ऊपर काफी चर्चाएं की गयीं। कहा कोई भी काम प्लानिंग से करना है और प्लानिंग में सारे विभागों को जोड़कर सारे विभागों के अलग-अलग कामों को करना है ताकि सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर सकें।

कहा सभी विभाग इसमें अपनी-अपनी भागीदारी निभायें। पंचायत में ई-लाइब्रेरी पर भी चर्चा की गई, सोलर प्लांट जरेडा से लगवाने की बात कही गई। लाइब्रेरी की व्यवस्था, युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण, घर-घर शौचालय यह सब कामों के अलावा इसमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनआरएलएम, मत्स्य, कृषि, सभी विभाग की योजनाओं को उतार कर काम करना है। आने वाले समय में जीपीडीपी और भीपीआरपी के माध्यम से जितनी भी योजनाएं छुटी हुई हैं उन योजनाओं को यह सब में जोड़ना प्राथमिकता में होगा।

अपर सचिव ने बहुत सारे मार्गदर्शन दिये, जिसमें सभी विभागों के साथ बैठकर इंटीग्रेटेड प्लानिंग कर योजनाओं का चयन करना, बैंक से जोड़कर सभी को लोन दिलवाना, कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलवाना इसमें महिलाओं और युवकों को स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण देकर उनको नौकरी से जोड़ना आदि बहुत सी जानकारी दी गई। गांव में सखी मंडल की दीदियों ने भी समूह से जुड़ी बातें बतायीं। रोजगार से जुड़ी हुई दोना पत्तल और सिलाई के बारे में चचाएं की व बाजार के बारे में जानकारी दी। मौके पर प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

आरा केरम गांव में पलामू जिला के पांच प्रखंडों से मुखिया का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा था। जिसमें अपर सचिव ने गांव के सभी ग्रामीणों के साथ-साथ ग्राम प्रधान और मुखिया को प्रशिक्षण कार्यशाला चलाने की भी बात बतलायी।

# मृतक के परिजन को खिजरी विधायक के सौजन्य से पहुंचायी गयी सहायता

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड के ग्राम बरतुवा के मृतक लखन पहान की आकस्मिक मृत्यु कुछ दिन पूर्व हो गयी थी। मृतक के परिजन काफी गरीब हैं। खिजरी विधायक राजेश कच्छप को इस बात की जानकारी दी गई। विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए रमेश उरांव महासचिव व प्रवक्ता सह कार्यालय प्रभारी जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी रांची के द्वारा 50 केजी चावल सहयोग के तौर पर दिया गया। सहयोग पहुंचाने में रमेश उरांव के साथ सफीउल्लाह अंसारी, खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रतिनिधि, सुरेश प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रो. प्रेम नाथ मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार एवं ग्राम के गणमान्य लोग शामिल थे।

### प्रदर्शन : सीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों और सहियाओं का धरना प्रदर्शन, कहा

# डॉ धुनर्जय की वापसी एवं प्रियंका सिंह को हटाने तक जारी रहेगा आंदोलन

**सीएचसी के सभी पदाधिकारी व स्वास्थयकर्मी आज से रहेंगे सामूहिक अवकाश पर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके से प्रतिनियुक्त किये गये चिकित्सा प्रभारी डॉ धनुर्जय सुबरई को वापस सीएचसी कांके लाने और बीडीएम प्रियंका सिंह, संतोष कुमार श्रीवास्तव को कांके सीएससी से हटाने को लेकर शुक्रवार को स्वास्थयकर्मी व सहियओं ने धरना प्रदर्शन किया। प्रगतिशील नागपुरी समाज झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ के तत्वावधान में प्रखंड में कार्यरत लगभग 300 से भी ज्यादा सहियाओं, चिकित्सक एवं स्वास्थयकर्मी ने हाथ में बैनर तख्ती लेकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान सीएचसी में एमरजेंसी सेवा एवं प्रसव विभाग खुला रहा। लेकिन सीएचसी में ओपीडी सेवा, टीकाकरण एवं अन्य सेवाएं पूरी तरह बाधित रहीं। मौके पर संघ के सचिव अखिलेश प्रसाद ने कहा कि ईमानदार चिकित्सा प्रभारी को बिना किसी कारण के सीएस द्वारा हटाना अच्छी बात नहीं है, जबकि प्रियंका सिंह पर दो वर्षों के भीतर करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता का आरोप है, लेकिन उसे नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रियंका पर करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता को लेकर सरकार से सीबीआई जांच की मांग करेंगे। जबतक डॉ धुनर्जय की वापसी कांके नहीं होती और प्रियंका सिंह से यहां से हटाया नहीं जाता है संघ लगातार आंदोलन करेगा। इसकी जवाबदेही सरकार की होगी।

वहीं सीएचसी के सभी पदाधिकारी व स्वास्थयकर्मी आज से सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसकी लिखित जानकारी सीएस रांची को दे दी है। बताया कि जबतक डॉ धनुर्जय की सीएचसी कांके में वापसी व बीएएम प्रियंका सिंह को हटाया नहीं जाता वे सभी अवकाश पर रहेंगे। इधर प्रखंड में कार्य कर रही सहियाओं ने भी कहा कि टीकाकरण सहित अन्य सभी सेवा कार्य बाधित रखेंगी।

इधर सीएस ने धरना पर बैठे कई कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को दूसरी जगह ट्रांसफर कर दिया है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## जतरा हमारी सांस्कृतिक विरासत और पहचान है, इसे बचा कर रखना जरूरी : राजेश कच्छप



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** जतरा हमारी सांस्कृतिक विरासत और पहचान है। उक्त बातें खिजरी विधानसभा के विधायक राजेश कच्छप ने मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होकर नामकुम प्रखंड अंतर्गत राजाउलातु पंचायत के सोगोद में आबूआ बिरसा बुरु सोगोद एवं खरसीदाग बिरसा जतरा में कहा। उन्होंने जनजातीय समाज के लोगों से एकजुट होकर अपनी विरासत और पहचान को बचाए रखने का आह्वान किया। कहा कि हमारी भाषा और संस्कृति को बचा कर रखना है। हमारी भाषा और संस्कृति से ही हमारी पहचान है। हमलोगों को मिलजूल कर ही रहना है। मौके पर नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, मुखिया रंजीत लकड़ा, पंसस कल्याण लिण्डा, चन्द्रवती मुंडा, माधो कच्छप, चंदन बिहान, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक, पंचू तिर्की सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## उषा मार्टिन फाउंडेशन ने हरातू सामुदायिक भवन में ग्रामीणों के बीच किया कंबल का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को हरातू सामुदायिक भवन में मुखिया नूतन पाहन की उपस्थिति में ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस ठंड में कंबल पाकर ग्रामीण बेहद खुश नजर आये। इस अवसर पर मुखिया नूतन पाहन ने कहा कि आने वाले समय में उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से इलाके के ग्रामीणों के लिये कई तरह के सामाजिक कार्य किये जायेंगे। डां मधुसूदन पांडे ने कहा कि उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा इसी तरह से पूरी सर्दियों में टाटीसिलवे क्षेत्र के विभिन्न गांवों-मोहल्लों में जाकर कंबल का वितरण किया जाता है। गरीबों की मदद के लिये संस्था के समस्त कार्यकर्ता सदैव तत्पर रहते है। इस मौके पर सिल्वे मुखिया नूतन पाहन, डां मधुसूदन पांडे, भरत मुंडा, एतवा मुंडा, विष्णु मुंडा, सिंधु महतो, गिरधारी उरांव, सरस्वती देवी, रामचरण पाहन, मोहित भट्ट, सुनीता देवी, पुष्कर आदि मौजूद रहे।

## सीआइटी में 'हाउ टू स्टार्ट ए बिजनेस' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआइटी में हाउ टू स्टार्ट ए बिजनेस विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत शुक्रवार को हुआ। ऑनलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमएसएमई के डीएफओ रांची, इंद्रजीत यादव एवं विशिष्ट अतिथि गवर्नमेंट टूल रूम रांची के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्टार्टअप शुरू करने और इस कार्य में एमएसएमई की भूमिका जैसे कई महत्पूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू, स्लीपवेल फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी एवम शीला फोम लिमिटेड की डायरेक्टर नमिता गौतम, इंस्टुशंस इनोवेशन कॉन्सिल के कौशिक चैटर्जी आदि रिसोर्स पर्सन ने संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ पल्लवी चौहान, प्रो रसिका नवनीत सिंह, मनीष नाथ, प्रो अंकित कुमार, प्रो मंजूर अंसारी, कौशिक चटर्जी आदि शिक्षकों ने विशेष रूप से भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ केपी दत्ता ने किया। कार्यशाला का समापन 20 नवंबर को होगा।

## टर्बो ट्रक पलटने से ड्राइवर-खलासी की मौत

**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड हुसिर के समीप अनियंत्रित होकर टर्बो पलटने से ड्राइवर खलासी की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे पत्थर का चिप्स लदा टर्बो जेएच 02 एन 9431,नेवरी रिंग रोड होते हुए तेज रफ्तार से लॉ यूनिवर्सिटी की ओर जा रहा था। अनियंत्रित होकर टर्बो ट्रक हुसिर छोटका नदी के गार्डवाल से जा टकराया। इस घटना में ड्राइवर खलासी की मौके पर मौत हो गयी। स्थानीय लोगों से घटना की सूचना मिलते ही कांके थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले कि जांच में जुट गई। थाना प्रभारी बृजकुमार ने बताया कि दोनों मृतक बाली करमाली (22 वर्ष) और चैता बेदिया (26 वर्ष) रामगढ़ थाना अंतर्गत बनखेता हरे टोला के रहने वाले थे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं ट्रक को जब्त कर थाने ले आयी।

## लापुंग के राजकीय उत्क्रमित मवि चंपाडीह विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण शुरू



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देते हुए नई शिक्षा नीति और उसकी विशेषताओं के संदर्भ में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 5+3+3+4 के पैटर्न पर अब पढ़ाई होगी। इसके तहत अब आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों का नामांकन तीन वर्ष की आयु से ही किया जाएगा। पहले छह वर्ष की आयु तक बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ाया जाएगा। वहीं पहली और दूसरी कक्षा की पढ़ाई स्कूलों में होगी। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को बताया गया कि 12वीं कक्षा की पढ़ाई करने के बाद बच्चे हुनरमंद होकर विद्यालय से निकलेंगे। तब सभी बच्चों के पास हुनर होगा। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सदस्यों ने अलग-अलग ग्रूपों पर बंटकर गांव का नजरी नक्शा बनाया। प्रशिक्षण के दौरान समस्याओं का आकलन भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधान शिक्षिका सागेन होरो, सहायक शिक्षक अगुस्टीन लकड़ा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोमरा पाहन, उपाध्यक्ष हेलेन होरो, सलोमी होरो, रेवोती देवी, वार्ड सदस्य मुनीता मुंडा, चरण महतो, सुशीला केरकेट्टा सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

# पलामू

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## विद्या मंदिर जपला में बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला विद्यालय में संकुल स्तरीय बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ स्नेहलता, डॉ विकास कुमार, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे,संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष शिवप्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह,सचिव राकेश तिवारी, सक्रिय सदस्य सत्येन्द्र कुमार चंदेल, प्रदीप कुमार मिश्र,श्रवण वैध,जयंत जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती व भारत माता की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर किया। इस प्रतियोगिता में संकुल के तीन विद्यालय जपला, बिलासपुर, रक्सेल तेंदुआ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की लगभग 150 बहनें विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा भजन,रंगोली,म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बहनों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया तथा संकुल के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय को भी पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने कहा कि आज की बालिकाएं ही कल का निर्माण करेंगी। कहते हैं, श्एक पुरुष को पढ़ाने से एक व्यक्ति शिक्षित होता है, जबकि अगर एक स्त्री को शिक्षा दी जाए तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। डॉ0 स्नेहलता ने बालिकाओं में नैसर्गिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्त्रीत्व गुणों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका हर्षदा चौबे,छाया कुमारी,उषा कुमारी, दीप्ति सिन्हा, राजेश्वर सिंह, राजकुमार सिंह, रंजीत मिश्र, मृत्युंजय प्रसाद,सुनील कुमार,मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक ने महती भूमिका निभाई।

## एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष ने किया सदस्यता अभियान का शुभारंभ

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी झारखंड प्रदेश के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाएगा। राज्य में दस लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह बाते शुक्रवार को पार्टी के हुसैनाबाद कार्यालय में सदस्यता अभियान के शुभारंभ करने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी जिलों में सदस्यता अभियान के दरम्यान कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर पार्टी का एक स्लोगन भी प्रसारित किया। जात पात छोड़िए, विकास से नाता जोड़िए। उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू से इसी दृष्टि के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पलामू, गुमला, रांची, बोकारो, हजारीबाग, जमशेदपुर ,गोड्डा और देवघर जिला में प्रथम चरण में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके श्रवण बैठा ने एनसीपी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उन्हे सदस्यता पर्ची व बुके देकर उनका स्वागत किया। सदस्यता अभियान की शुरूआत में सैकड़ों लोगों ने एनसीपी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मनान खान, एनसीपी के प्रदेश महासचिव अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष गुडु सिंह, विनय पासवान, मनदीप राम, गोरख पासवान,श्रीकांत पासवान, युगा राजवंशी,अभिषेक सिंह उर्फ हरी सिंह, चंदन सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश राजवंशी, बबिता सिंह, अंजली शर्मा, पूनम देवी, रत्न लाल, रीता देवी, सविता देवी, राजकुमार ठाकुर, अखिलेश सिंह, जिशान हसन, गुडु रवि, अभिषेक शर्मा,अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद थे।

## क्रेशर संचालक को कार सवार लोगों ने जबरन बैठाकर ले गया, अपहरण की आशंका




पांडू (आजाद सिपाही)। पांडू थाना के मुसीखाप रोड में स्थित क्रशर से क्रशर संचालक अनिल गुप्ता को शुक्रवार को कार पर सवार अज्ञात लोगों ने जबरन बैठा कर ले गया, इसके बाद से अनिल गुप्ता का मोबाइल भी बन्द बता रहा है, जिससे आशंका जाहिर किया जा रहा है कि अनिल गुप्ता को अपहरण कर लिया गया है, यह घटना शुक्रवार को लगभग 1:00 बजे की बताई जा रही है, मालूम हो कि अनिल गुप्ता अपने मामा घर कजरू खुर्द निवासी रामबृक्ष गुप्ता के यहाँ रहकर क्रशर चलवाने का काम करता था, घटना की सूचना क्रशर पर काम कर रहे मजदूर धनंजय ठाकुर ने रामबृक्ष गुप्ता को दी, रामबृक्ष गुप्ता ने बताया कि कार पर ड्राईवर सहित पांच लोग सवार थे, जिसमें तीन लोग कार से उतर कर क्रशर पर गए और अनिल गुप्ता से बात कर धक्का – मुक्की करते हुए जबरन उसे कार में बैठा लिए और पांडू बाजार के तरफ चले गए, घटना के बाद से परिजनों सहित क्षेत्र में दहशत है, इसकी सूचना रामबृक्ष गुप्ता ने पांडू थाना को दी, सूचना मिलने के बाद पांडू थाना मामले में जुट गई है.

## समाजसेवी रामदास साहू ने दुगोला कार्यक्रम का किया उद्घाटन



नीलांबर पीतांबरपुर/मनातू(पलामू)। देवी मंड़प परिसर में शिव शिष्य परिवार के द्वारा गुरुवार को भोजपुरी दो गोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी रामदास साहू ने किया। इसके पूर्व शिव शिष्य परिवार के पदाधिकारियों ने श्री साहू को अंग वस्त्र एवं फूल माला देकर कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में अब तक जो भी जनप्रतिनिधि हुए उन्होंने सिर्फ लूटने का कार्य किया है। अगर जनता का आशीर्वाद मुझे मिला तो पांकी विधानसभा एक मॉडल विधानसभा बनेगा। कार्यक्रम में सुदर्शन यादव बिहार और शिव शंकर यादव के द्वारा रात भर एक से बढ़कर एक भोजपुरी गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। जिसका श्रोताओं ने जमकर लुत्फ उठाया। दुगोला कार्यक्रम में रात भर दर्शकों की भीड़ जमी रही। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सच्चिन्द्रजित सिंह उर्फ गोपो सिंह कुमार, सचिव रौशन यादव कोषाध्यक्ष रामअवतार साहु सुरेंद्र जीत सिंह, कमेश यादव, अनिल साहू,नवीन तिवारी, बबलू गुप्ता, चंदन सिंह, नौशाद खां, राजा गुप्ता, संजय शुक्ला, राजू यादव,रामू यादव,रामचंद्र भुईयां, जमुना भुईयां, गुड्डू खलीफा इस्लाम अहमद सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे ।

## मेदिनीनगर का विकास ही मेरा राजनीति का लक्ष्य है : मनोज



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। गुरू तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में शुक्रवार को महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन में मुख्य रूप से मेदिनीनगर नगर निगम के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह ने भाग लिया। सम्मेलन में जुटी महिलाओं ने निगम चुनाव में पूरी सक्रियता के साथ मनोज सिंह के पक्ष में काम करनें का संकल्प लिया। सम्मेलन में भावी मेयर प्रत्याशी श्री सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम का सवार्गीण विकास उनके राजनीतिक जीवन का लक्ष्य है। शहर की जरूरत को ध्यान में रखकर योजना तैयार किया जायेगा। पूर्व की तुलना में समाज मे काफी बदलाव आया है,महिलाये कामकाज में जुटी है। ऐसे में बडे शहरों के तर्ज पर मेदिनीनगर में नारी सशक्तिकरण के लिए का काम करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हो इसे सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होने कहा कि महिलाओं से सिर्फ वोट बैंक नही है, बल्कि उनके विकास के लिए भी सोच होना चाहिए। इस लिए ऐसा वातावरण तैयार किया जायेगा जिसमें महिलाओं की भी शहर के विकास में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सीमा देवी व शगुफ्ता अनवर ने कहा कि यह सम्मेलन किसी प्रत्याशी द्वारा नही बल्कि महिलाओं ने आहूत किया है इसके पीछे सोच यही है कि इस बार चुनाव में हम सभी उसे ही चुनेगें जो हमारे लिए सोचे।इस लिए हम लोगों ने मनोज सिंह के पक्ष में काम करने का फैसला लिया है और आज से इसकी शुरूआत कर दी गयी है। इन्हे जीताने के लिए सभी महिलायें काम करेगी। इस सम्मेलन मे मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के सभी 35 वार्ड की महिलाओ की भागीदारी रही। सम्मेलन का संचालन रजनीश सिंह ने किया। सम्मेलन को युवा नेता आशीष भारद्वाज व युवा कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष मुन्ना खान ने भी संबोधित किया। इस सम्मेलन मे ललिता देवी,सीमा कमारी,सुधा देवी,आरती देवी,सुनैना देवी,आरती देवी,उर्मिला देवी,प्रमिला देवी,रेखा सिन्हा,सुधा देवी,कलिंदा तिवारी,रीना देवी,शगुफ़्ता अनवर,कल्लु चौधरी,राजकुमार दुबे सहित सैकड़ो संख्या में महिलाए उपस्थित थी।

### महापौर ने 98लाख की लागत वाली कालीकरण सड़क का किया शिलान्यास

# काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती त्रिपाठी जी : महापौर

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने दो नंबर टाउन आम बागान से कुम्हार टोली, बड़का बांध, होते काशीनगर जो पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का आवास है के होते हवाई अड्डा तक 98 लाख की कालीकरण रोड का शिलान्यास किया। महापौर अरुणा शंकर ने कहा मुझे आश्चर्य होता है जो व्यक्ति मंत्री रहने के बावजूद अपने गांव का रोड नहीं बनवा सके,अपने मोहल्ले का रोड नहीं बनवा सके, अपने आवास के सामने का रोड



नहीं बनवा सके वह आज निगम चुनाव के लिए निगम के हर मोहल्ले का रोड और नाली बनवाने का झूठा वादा करते चल रहे जो हास्यप्रद है। मैं इस योजना के लिए अपने कर्मठ पार्षद विवेका त्रिपाठी जी को भी धन्यवाद देती हूं जिनके अथक प्रयास से यह कार्य संभव हो पाया और यह शुभ कार्य मेरे हाथों से करवाया। मैं आज उस जर्जर मार्ग में रहने वाले लोगों का सपना पूरा कर गौरवान्वित हूं। महापौर ने कहा कि पूर्व मंत्री जी जनता ने आप को मौका दिया था लेकिन आपका मोहल्ला तक नहीं सुव्यवस्थित हो सका खैर काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। इस योजना के शिलान्यास के अवसर पर विवेक त्रिपाठी के अलावे कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर महापौर को आशीर्वाद दिए।

## श्राद्ध में पौधरोपण से पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के अलग - अलग गांवों के दो श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। छतरपुर के बगया पंचायत के बंधुडीह निवासी बीरबल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी स्वर्गीय राजकुमारी देवी और चराई पंचायत के रानीपहरी निवासी करीमन भुइयां के श्राद्धकर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया वहीं परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि लोगों को माता- पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए।



क्योंकि उससे मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले जीवो को 10 तरह का लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं । जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है। मौके पर स्व. करीमन भुइयां के पत्नी कुंती देवी, पुत्र जितन भुईयां, उप मुखिया अफजल अंसारी, पंकज सिंह, स्व.राजकुमारी देवी के पति बीरबल विश्वकर्मा, पुत्र रामविलास, सुरेश, उमेश, अखिलेश, डॉ मिथिलेश विश्वकर्मा, बगया पंचायत के मुखिया पति मुन्ना चंद्रवंशी,पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, सुखदेव सिंह पटेल, जयराम भुइया, मुन्ना भुइया उपस्थित थे।

## निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर आजसू ने दिया धरना



मेदिनीनगर। आगामी नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हकमारी के खिलाफ आहूत राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम जिला समाहरणालय परिसर पलामू में की गई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी एवं संचालन जिला प्रवक्ता बसंत विश्वकर्मा ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पलामू जिला प्रभारी एवं हुसैनाबाद विस के पूर्व विधायक शिव पूजन कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव बबलू गुप्ता एवं पंकज तिवारी शरीक हुए। इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकतार्नों भाग लिया। इसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, वसीम खान, जिला संगठन सचिव शिवशंकर प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार ठाकुर, छात्र संघ जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा, जिला सचिव रोहित कुमार, हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार,पाटन प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पीएचडी विभाग द्वारा निर्मित जल मीनार बना गांव की शोभा, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही) । हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरसोत में पीएचडी विभाग द्वारा बना जल मीनार वर्षो से खराब पड़ा है।इस पर विभाग या जन प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट नहीं है।सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में से एक हर घर नल का जल पहुंचाना, साथ ही लोगों का स्वच्छ जल मुहैया कराना सरकार की पहली प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक गांव में पहुंचाने की बात सरकारी स्तर पर कहा जा रहा है। लेकिन धरातल पर कुछ और ही दिख रही है। जिसके कारण ग्रामीण पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं।पीएचडी विभाग द्वारा जल मीनार का निर्माण करीब 2015-16 में कराया गया है।लेकिन ग्रामीणों को जरूरत के मुताबिक पानी नसीब नहीं हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार यहां 60 से 70 फीट बोर कराई गई थी। कुछ महीनों तक चला और बोर धंस गया और दोबारा विभाग ने प्रयास नहीं किया, सिर्फ ग्रामीणों को आश्वासन दिया जाता है।

## समाजसेवी ने सतगांवा में दो चापाकल की कराई मरम्मती

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के सतगांवा देवी मंदिर स्थित दो खराब चापाकल की सूचना एक असहाय महिंला के द्वारा दिए जाने पर शुक्रवार को स्थल पर पहुंच कर युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने अपने निजी खर्च से मरम्मती कराया।इससे पहले बता दें कि युवा समाजसेवी राजीव रंजन पिछले 5 वर्षों से गरीब असहाय परिवारों तथा समाज को सेवा देते आ रहे हैं।वहीं श्री रंजन के लिए क्षेत्र में खराब चापाकल, स्ट्रीट लाइट, सड़क की मरम्मती कराना या समाज का सेवा करना उनके लिए एक सौक बन गई है।इस दौरान 2020 में हरिहरगंज नगर पंचायत घोषित होने के बाद चहेतों ने अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार भी चुन लिया था। परंतु निर्वाचन आयोग के फैसले में फेरबदल के बाद अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हो जाने से वे चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।जिससे उनके चहेतों में मायुषी छाई हुई है।इस दौरान सैकड़ो उनके चहेतों ने न्यू सब्जी बाजार स्थित नयन होटल में मुलाकात की और हाल जाना। वहीं राजीव रंजन ने निर्वाचन आयोग के फैसले को सम्मान देते हुए कहा कि मैं चुनाव लड़ूं या ना लड़ूं यह महत्त्व नहीं है। समाजसेवियों का गरीब असहाय परिवार रीढ़ है। इस मौके पर अशोक कुमार, संतोष कुमार, जगजीवन कुमार, संतोष पासवान, मृत्युंजय कुमार सिंह, मनोज मेहता, टंटू मिश्रा, दिनेश पासवान, शंभू यादव, गोपाल प्रसाद, विजय प्रजापति, मोती शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## कर्ज से परेशान सुभाष ने पैसा कमाने के लिए अपनाया शार्ट कट का रास्ता, गया जेल

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी ओपी पुलिस के हत्थे चढ़ा गढ़वा निवासी अपने उपर कर्ज को उतराने के लिए कर्जदाता के दवाब में हथियारों की आपूर्ति का काम शुरू किया था। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को दी है। उन्होंने बताया कि इस धंधे में उसने अपने साथ तीन अन्य दोस्तों को भी संलिप्त किया था। इससे पहले कि हथियारों की आपूर्ति निर्धारित जगह पर की जाती, पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गुरूवार को देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम द्वारा नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस दल ने एक स्कार्पियो को रोकने का इशारा किया। पुलिस दल को देखते ही वाहन सवार भागने लगे। लेकिन बैरियर की वजह से भागने में सफल नहीं हो सके थे। तलाशी लेने के दौरान वाहन से उसमें दो रायफल व आठ जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से सुभाष कुमार, फिरोज अंसारी, आनंद कुमार व तौहीद अंसारी नामक युवक को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित गढ़वा के रमुना



थाना क्षेत्र के चाना कला गांव के रहने वाले है। एसपी ने बताया कि सुभाष ने अपने एक करीबी स्वजन से कर्ज लिए थे। कर्ज का ब्याज भी काफी बढ़ गया था। कर्ज चुकाने के एवज में रिश्तेदार ने सुभाष को हथियारों की डिलीवरी करने को कहा था। कर्ज से बचने के लिए सुभाष ने अपराध का यह शार्ट कर्ट अपनाया। एसपी ने बताया कि बरामद हथियार को बिहार के रोहतास किला में एक व्यक्ति को आपूर्ति कराना था। हथियारों को सोम नदी होते हुए रोहतास भेजा जाना था इसके एवज में सुभाष ने अपने दोस्तों को कुछ पैसे देने की बात कही थी। पुलिस को हथियार की खरीद व बिक्री करने वालों दोनों के नाम मिल गए है। इनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। चारों आरोपितों को शुक्रवार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## झारखण्ड सरकार
## राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

### प्रारंभिक अधिसूचना
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट/कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कौंचबोंग तक), भाया–हुण्डरू, हेथु, चन्दाघासी, मरियातु, इटे पथ निर्माण परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम– हुंडरू थाना–नामकुम, थाना संख्या क्रमशः –224 अंचल–नामकुम एवं अरगोडा जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा– बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट/कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कौंचबोंग तक), भाया–हुण्डरू, हेथु, चन्दाघासी, मरियातु, इटे पथ निर्माण परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम– हुंडरू थाना–नामकुम, थाना संख्या क्रमशः– 224 अंचल– नामकुम, जिला–राँच में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **7.786** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा– हुंडरू**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 172 | 2512 | 0.005 | टाड़ दो 5 | कन्दु , पेशरान–मादी उराव, जाति– ———— एवं वागा उराव , पेशरान–मादी उराव, जाति– ———— एवं मान्दु , मान्दु , पेशरान–मादी उराव, जाति– | 2515 | Road | 2513 | 2511 |
| 2 | | 2513 | 0.082 | | | 2514 | Road | 2516 | 2512 |
| 3 | 183 | 2518 | 0.313 | टाड़ दो 2 | रिझु , महादेव , पिता–मना महतो, जाति– – | 2516 | Road | 2520 | 2513 |
| 4 | 120 | 2519 | 0.193 | टाड़ दो 1 | सामुल उराव , वल्द–बड़ा वहीरा, जाति– ———— एवं लोधा , वल्द–गोमेया, जाति– ———— | 2520 | Road | 2528 | 2519 |
| 5 | 149 | 2528 | 0.186 | टाड़ दो 5 | मान्दु उरांव, वल्द–रुसु उरांव वहिस्सा बराबर, जाति–उराँव, लालू साहू वगैरह , पिता–सितल साहु, जाति– – | 2527 | Road | 2529 | 2520 |
| 6 | 71 | 2529 | 0.160 | टाड़ दो 4 | जदुनाथ तेली , पिता–पहलु तेली, जाति– ———— | 2527 | Road | 2530 | 2528 |
| 7 | 204 | 2531 | 0.120 | | मानकी जानकी धनकु वगैरह , पिता–मोहन तेली, जाति– | 2530 | Road | 2532 | 2529 |
| 8 | 265 | 2530 | 0.017 | | हरिनाथ तेली , पिता–अरपित तेली, जाति– ———— एवं जदनाथ , पिता–पहूल, जाति– | 2526 | 2531 | 2532 | 2529 |
| 9 | 129 | 2532 | 0.315 | टाड़ दो 3 | विसुवा पाहन , पिता–वुचा पाहन, जाति– —— | 2533 | Road | 2535 | 2532 |
| 10 | 55 | 2536 | 0.070 | टाड़ दो 2 | पलटु उराव , पिता–लोन्दा उराव, जाति– | 2535 | Road | 2537 | 2532 |
| 11 | 55 | 2535 | 0.070 | टाड़ दो 3 | पलटु उराव , पिता–लोन्दा उराव, जाति– | 2526 | 2536 | 2538 | 2532 |
| 12 | 116 | 2537 | 0.018 | टाड़ दो 2 | राम टहूल साहु , पिता–हुलकु, जाति– —— | 2538 | Road | 2541 | 2536 |
| 13 | 132 | 2538 | 0.259 | टाड़ दो 1 | मकरु साव , वल्द–रामटहल साव, जाति– | 2539 | 2537 | 2541 | 2536 |
| 14 | 139 | 2541 | 0.214 | टाड़ दो 2 | बुधुवा उराव , उदय उराव , पेशरान–मागा उराव, जाति– ———— एवं विरसा , वल्द–महली, जाति– | 2526 | Road | 2542 | 2538 |
| 15 | 248 | 2542 | 0.025 | टाड़ एक 1 | मो साम कुमारी , पिता–लीटीया तेली, जाति– ———— | 2543 | Road | 2544 | 2541 |
| 16 | 144 | 2543 | 0.179 | टाड़ दो 1 | वोधवा तेली , पिता–जदुवा तेली, जाति– —— | 2526 | 2542 | 2544 | 2541 |
| 17 | 67 | 2544 | 0.196 | टाड़ दो 1 | श्री शंकर प्रसाद साहु , पिता–श्री विजय साहु, जाति– ———— | 2526 | Road | 2546 | 2542 |
| 18 | 58 | 2546 | 0.255 | टाड़ दो 1 | लदू उराव , सोमरा उराव , पिता–धसीया उराव, जाति– | 2526 | 2545 | 2547 | 2544 |
| 19 | 144 | 2547 | 0.175 | टाड़ दो 1 | वोधवा तेली , पिता–जदुवा तेली, जाति– —— | 2569 | Road | 2548 | 2546 |
| 20 | 21 | 2548 | 0.175 | टाड़ दो 1 | श्री विशेशर साहु वगैरह , पिता–डोमन साहु, जाति– ———— एवं कालीचरण साहु , पिता–तदेव सुकरा साहु, जाति– | 2569 | Road | 2550 | 2547 |
| 21 | 46 | 2550 | 0.166 | | वतलेला उराव , सुलेमान , पेशरान–महादेव, जाति– ———— एवं गोदला उराव , वल्द–मरेया उरव, जाति– | 2569 | 2549 | 2551 | 2548 |
| 22 | 229 | 2551 | 0.254 | टाड़ दो 1 | लद्दन उराव , सोमरा उराव , पिता–विरसा उराव, जाति– | 2567 | 2552 | 2553 | 2550 |
| 23 | 218 | 2553 | 0.189 | टाड़ दो 2 | जगेश्वर तेली , वल्द–मंगलू तेली, जाति– ———— एवं अज्ञात , पिता–विशनाथ तेली, जाति– ———— एवं विसनाक तेली , वल्द–मस नाथ, जाति– | 2567 | 2554 | 2565 | 2553 |
| 24 | | 2563 | 0.025 | | | 2565 | 2562 | 2564 | 2553 |
| 25 | 139 | 2565 | 1.050 | टाड़ दो 6 | हुलास साहु , पिता–बैजनाथ साहु, जाति– | 2566 | 2564 | 2724 | 2553 |
| 26 | 139 | 2566 | 0.176 | दोन तीन 1 | हुलास साहु , पिता–बैजनाथ साहु, जाति– | 2722 | 2565 | 2722 | 2553 |
| 27 | 280 | 2723 | 0.085 | परती कदीम 0 | गैरमजरुआ मालीक, | 2722 | 2566 | 2722 | 2721 |
| 28 | 305 | 2722 | 0.193 | दोन तीन 20 | मताउ साहु , लहु उराव , पिता–चुका उराव, जाति– | 2710 | 2565 | 2709 | 2721 |
| 29 | 40 | 2713 | 0.012 | दोन दो 2 | सिव नाथ अहीर , वल्द–बौजा अहीर, जाति– | 2632 | 2722 | 2712 | 2714 |
| 30 | | 2712 | 0.044 | | | 2633 | 2722 | 2710 | 2713 |
| 31 | | 2711 | 0.090 | | | 2638 | 2710 | 2639 | 2632 |
| 32 | | 2710 | 0.161 | | | 2711 | 2722 | 2709 | 2712 |
| 33 | 43 | 2709 | 0.102 | दोन दो 2 | गाना तेली , चुन तेली , पेशरान–लाला तेली, जाति– ———— एवं अयोध्या तेली , बुधुवा , रायधारी तेली वर्गे० , पिता–अज्ञात, जाति– | 2639 | 2722 | 2708 | 2710 |
| 34 | 105 | 2708 | 0.007 | दोन दो 2 | शीतल तेली , पिता–बुचा तेली, जाति– | 2679 | 2711 | 2707 | 2709 |
| 35 | 43 | 2639 | 0.139 | दोन एक 10 | गाना तेली , चुन तेली , पेशरान–लाला तेली, जाति– ———— एवं अयोध्या तेली , बुधुवा , रायधारी तेली वर्गे० , | 2640 | 2709 | 2679 | 2711 |
| 36 | 105 | 2679 | 0.172 | दोन एक 4 | प्रयाग तेली , सितल तेली , रामु तेली , पेशरान–गजू तेली, जाति– | 2678 | 2708 | 2680 | 2639 |
| 37 | 140 | 2680 | 0.179 | दोन एक 13 | वुधुवा तेली , रमना , झगन तेली , पेशरान–लन्दु तेली, जाति– | 2674 | 2707 | 2681 | 2679 |
| 38 | 251 | 2681 | 0.199 | दोन एक 9 | सिवरन तेली , पिता–अजीत तेली, जाति– | 2682 | 2706 | 2683 | 2680 |
| 39 | 218 | 2683 | 0.175 | दोन एक 8 | जगेश्वर तेली , वल्द–मंगलू तेली, जाति– ———— एवं अज्ञात , पिता–विशनाथ तेली, जाति– ———— एवं विसनाक तेली , वल्द–मस नाथ, जाति– | 2684 | 2705 | 2685 | 2681 |
| 40 | 117 | 2685 | 0.162 | दोन एक 1 | बंधन तेली,उदयनाथ तेली,छटु तेली,मुटु तेली,उधीर तेली,बेचर तेली, पेशरान–रामानाथ तेली वहिस्सा बराबर, जाति–तेली, निवासी | 2671 | 2704 | 2686 | 2683 |
| 41 | 91 | 2686 | 0.198 | दोन एक 17 | दसवा अहीर , पिता–सोहराई अहीर, जाति– | 2670 | 2703 | 2687 | 2685 |
| 42 | 187 | 2687 | 0.147 | दोन एक 9 | मंगरा उराँव , पिता–स्व जगा उराँव, जाति– ———— एवं जसमनी लिन्डा , पिता–स्व मंगरा उराँव, जाति– | 2669 | 2688 | 2690 | 2686 |
| 43 | 187 | 2688 | 0.057 | दोन एक 2 | मागा उराव , बुचा , छेदी वो महली , पिता–महादेव उराव, जाति– | 2687 | 2689 | 2690 | 2685 |
| 44 | 51 | 2690 | 0.151 | दोन एक 15 | मनी नाथ , फागु , विसुव , पिता–किसुन तेली, जाति– ———— एवं मछिन्दर तेली , वल्द–गोपी तेली, जाति– | 2668 | 2701 | 2692 | 2687 |
| 45 | 110 | 2692 | 0.189 | दोन एक 8 | दूबू तेली , सरजु तेली , पिता–पुरन तेली, जाति– | 2691 | 2700 | 2693 | 2690 |
| 46 | 21 | 2693 | 0.199 | दोन एक 7 | श्री जगदीश साहु , मंगरु साहु , पिता–गोविन्द साहु, जाति– ———— एवं पुरन साहु , वीहन साहु , श्री हवरा साहु , पिता–गुज चरण साहु, जाति– | 2665 | 2694 | 2697 | 2692 |
| 47 | 21 | 2694 | 0.009 | दोन एक 5 | श्री विशेशर साहु वगैरह , पिता–डोमन साहु, जाति– ———— एवं कालीचरण साहु , पिता–तदेव सुकरा साहु, जाति– | 2693 | 2699 | 2697 | 2692 |
| 48 | 132 | 2696 | 0.022 | दोन एक 5 | डिम्बुवा उराव , पिता–ब्रुचा उराव, जाति– | 2695 | 2697 | Hethu | 2693 |
| 49 | 132 | 2697 | 0.207 | दोन एक 8 | डिम्बुवा उराव , पिता–ब्रुचा उराव, जाति– | 2696 | 2698 | Hethu | 2693 |
| | | कुल– | 7.786 | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह०/– अमीन, जि0 भू0 अ0 का0,राँची।
ह०/– कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची।
ह०/– जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची।
ह०/– अपर समाहर्त्ता, राँची।
ह०/– उपायुक्त, राँची।

PR 282679 Land Reforms(22-23).D

### अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी

## एयरटेल कंपनी की गाड़ी-सामान लूटकांड में एक आरोपी गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपित व जब्त सामान की जानकारी देती पुलिस।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तेनुघाट।** एयरटेल कंपनी की गाड़ी, सामान और कर्मचारियों से रुपये आदि की छिनताई मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान अनूप नाथ देव के रूप में हुई है। वह चंदना गांव का रहने वाला है। इसकी जानकारी बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश चंद्र झा ने दी। वे शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को छिलका पुल से पहले काली मंदिर के पास गोमिया कथार रोड किनारे बिना नंबर की बाइक से पहुंचे तीन अपराधियों ने बंदूक का भयन दिखाकर बोलेरो वाहन संख्या जेएच10 बी डब्ल्य -7370 गाड़ी पर लदे समान और काम कर रहे लोगों के रुपए और मोबाइल लूटकर गाड़ी सहित गोमिया की तरफ भाग निकले। इसके बाद गोमिया थाना में जाकर सभी ने केस दर्ज कराया था। उक्त कांड में बोकारो पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार छापामारी के लिए टीम गठन किया गया था। जिसके बाद छापामारी टीम ने विगत 27 अक्टूबर को ही लूटी गई बोलेरो गाड़ी और उसमें रखे सामानों को बरामद कर लिया, लेकिन लूटेरों का कोई अता-पता नहीं चला। इस बीच जांच के क्रम में तकनीकी शाखा बोकारो की मदद से संदिग्ध अपराधी अनूप नाथ देव को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जल्द ही बाकी के आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दुग्ध थाना प्रभारी और सशस्त्र बल के सहयोग से छापामारी की जा रही है। हालांकि अन्य संदिग्ध फरार हैं, लेकिन एक के घर से लूटकांड में उपयोग बाइक, दो नंबर प्लेट, मोबाइल, एक देशी कट्टा, एक सिक्सर, 22 जिंदा कारतूस, सात खोखा और चार अन्य गोली बड़े साइज का बरामद किया गया है। इसके अलावा साथ ही एक स्कूटी भी जब्त की गई है। वहीं, छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक राजेश रंजन गोमिया थाना ,कन्हैया राम दुग्दा थाना प्रभारी, अनुज प्रसाद गोमिया थाना, रोहित कुमार दुग्दा थाना, भीमसेन प्रसाद दुग्दा थाना आदि शामिल थे।

## सीएसआइआर-सिंफर ने मनाया अपना 76वां स्थापना दिवस




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान धनबाद की ओर से शुक्रवार को 76वां स्थापना वर्ष मनाया गया। इस गौरवमय अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता के निदेशक (तकनीकी व विपणन), डॉ बी वीरा रेड्डी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। मंचासीन गणमान्य लोगों संस्थान के निदेशक, प्रोफेसर शुद्धसत्व बसु और मुख्य वैज्ञानिक, जितेन्द्र कुमार सिंह व डॉ रण विजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर स्थापना दिवस समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। संस्थान के निदेशक, प्रोफेसर शुद्धसत्व बसु ने कहा कि 15 अक्टूबर, 2022 को आयोजित सीएसआइआर सोसाइटी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएसआइआर के अध्यक्ष ने सीएसआइआर के 100 साल पूरे होने पर वर्ष 2042 के लिए विजन विकसित करने, न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और उच्च मानकों और बेंचमार्क को बनाए रखने, उद्योग, शैक्षणिक और अनुसंधान संगठनों के साथ मिलकर काम करने और भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने, वैज्ञानिक समुदायों के प्रमुखों से एक व्यक्ति एक प्रयोगशाला दृष्टिकोण अपनाने एवं तकनीकों को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए वैज्ञानिक, तकनीकी, वाणिज्यिक और सामाजिक घटकों के एक एकीकृत दृष्टिकोण को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि हाल ही में सीएसआइआर-आइएचबीटी, पालमपुर में 29-30 अक्टूबर के दौरान आयोजित सीएसआइआर निदेशकों की बैठक में, महानिदेशक सीएसआइआर ने हरित ऊर्जा, ड्रोन, चिकित्सा उपकरण, उन्नत पदार्थ जैसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के साथ-साथ प्रयोगशाला आधारित सहयोगी परियोजनाओं पर काम किए जाने चाहिए, ताकि विश्व भर के आम लोगों के लिए प्रभावी तकनीकें विकसित की जा सकें। इस दिशा में यह संस्थान न केवल खनन और ऊर्जा क्षेत्रों में बल्कि संबद्ध सामरिक क्षेत्रों में भी निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के उद्यमों के साथ मिलकर अपना सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक योगदान दे रहा है। वहीं, डॉ बी वीरा रेड्डी ने बताया कि सिंफर और कोल इंडिया ने लंबे समय से साथ मिलकर काम किया है। उन्होंने भारतीय परिप्रेक्ष्य में कोयला का भविष्य विषय पर अपना स्थापना दिवस व्याख्यान प्रस्तुत कर सिंफर सदस्यों को लाभांवित किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी की रक्षा के लिए कार्बन उत्सर्जन को घटाने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने की जरूरत है। भारत में पर कैपिटा विद्युत खपत 1210 यूनिट/ प्रति व्यक्ति है, जो वैश्विक औसत का केवल एक-तिहाई ही है। चूँकि देश में काफी शहरीकरण हो रहा है, इसलिए हमें इस संबंध में वैश्विक औसत के स्तर तक पहुँचने की आवश्यकता है। ऊर्जा के बिना राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं और भविष्य में कोयले के अस्तित्व पर भी एक सवाल है, अतः ऊर्जा के अन्य विकल्पों पर भी ध्यानकेंद्रित किया जाना चाहिए। इस मौके पर सिंफर द्वारा विकसित लोकप्रिय सॉफ्ट कोक मेकिंग टेक्नोलॉजी को चार और कंपनियों (हेमकुंठ वेंचर्स, हजारीबाग, अंजनेय फुएल्स, कोलकाता, कृष्णा उद्योग, रामगढ़ और सिनर्जी ऊर्जा वेंचर्स, बिहार को हस्तांतरित किया गया। वहीं, मुख्य वैज्ञानिक जितेन्द्र कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया व संचालन डॉ रण विजय कुमार सिंह ने किया। वहीं, मीडिया विभाग के ड़ॉ सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि सिंफर परिपाटी के अनुरूप, सुबह 8.30 बजे निदेशक आवास के निकट भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर अपराह्न चार बजे एक वेबिनार का भी आयोजन किया गया, डॉ देवदत्त मोहंती, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने भारत के उभरते ऊर्जा परिदृश्य में कोयला संस्तर मिथेन (सीबीएम) एवं भूमिगत कोयला गैसीफिकेशन और पवन कुमार गुप्ता, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कोयला गैस से मिथेनॉल सिम्फर की पहलें विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# निरसा के कापासारा में तेज आवाज के साथ धंसी 200 मीटर जमीन, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

## घंटों बाद निरीक्षण करने कापासारा पहुंची एग्यारकुंड सीओ, घेराबंदी का दिया निर्देश, भराई कार्य शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**







**चिरकुंडा।** ईीएल मुग्मा एरिया के कापासारा आउटसोर्सिंग अंतर्गत बंगाल-बिहार धौडा बस्ती के समीप शुक्रवार की सुबह जोरदार आवाज के साथ 200 मीटर के दायरे में करीब छह फीट जमीन धंस गई है। आशंका जताई गई कि भू धंसान में कई लोग फंसे हुए हैं। लोगों का कहना है कि गुरुवार की रात अवैध खनन करने वाले व्यक्ति अवैध मुहाने से अंदर गए हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं घटना की खबर जंगल की आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। घटनास्थल से महज 300 मीटर पर ही हावड़ा-नई दिल्ली रेलवे मार्ग गुजरी हुई है। जिससे भविष्य में किसी भी बड़ी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो भारी मात्रा में बाहरी मजदूरों को बुलाकर उक्त स्थान पर अवैध खनन कराया जाता है। अवैध कोयले को आसपास के भट्ठों में खपाया जाता है। वहीं घटना के घंटों बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी और नेता घटनास्थल पर नहीं दिखे। घटना के घंटों बाद एग्यारकुंड अंचलाधिकारी अमृता कुमारी घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। साथ ही उसकी घेराबंदी कराई और इसीएल प्रबंधन के सहयोग से भराई कार्य शुरू कराया। पूछे जाने पर कहा कि जमीन धंसी है। कोई हताहत नहीं हुआ है। उक्त स्थल पर अवैध उत्खनन की जानकारी नहीं है। जांच की जा रही है।

### डीसी और इसीएल प्रबंधन से की गयी थी शिकायत

बंगाल बिहार धौडा निवासियों की मानें तो उक्त घटना का मुख्य कारण अवैध उत्खनन है। कोयला तस्कर गरीब मजदूरों को लालच देकर मौत के मुंह में भेज रहे है। इसकी शिकायत ईसीएल प्रबंधन और धनबाद डीसी आदि से की गई थी।


## समाहरणालय, लातेहार
(भू- अर्जन शाखा)

Part -II

### समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना
(देखें नियम 6 का उप–नियम (1))

संख्या– 402 /भू0अ0 दिनांक– 12.11.2022

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत सामजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–369/भू0अ0 दिनांक– 22.09.2022 के द्वारा परियोजना– चकला कोल ब्लॉक निर्माण के लिए M/s Asian Institute for Sustainable Development, Sreenibas, Asha Shree garden Road, Morhabadi, Ranchi के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A (Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा परियोजना–चकला कोल ब्लॉक निर्माण हेतु ग्राम– चकला चादर– VII में भूमि का रकबा 175.67 एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :– परियोजना–चकला कोल ब्लॉक निर्माण मौजा– चकला, चादर– VII, अंचल– चन्दवा, जिला– लातेहार
2. ग्राम का नाम :– चकला चादर– VII थाना नं0–238, राजस्व थाना–चन्दवा, जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| ग्राम का नाम | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र रकबा | अर्जन की जाने वाला क्षेत्र | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | अर्जन की जाने वाली भूमि की चौहदी उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | चकला चादर –VII | 114 | 2257 | टांड़ दो | 3.47 | 3.47 | प्रधान भगत वो रामू भगत वो धारो भगत, पिता वनवारी भगत, जाति–उराँव एवं फरवती देवी, पिता वोधा भगत, जाति–उराँव एवं जतरू भगत, पिता मगरू भगत, जाति–उराँव | प्रधान भगत वो रामू भगत वो धारो भगत, पिता वनवारी भगत, जाति–उराँव एवं फरवती देवी, पिता वोधा भगत, जाति–उराँव एवं जतरू भगत, पिता मगरू भगत, जाति–उराँव | | | | |
| | | 114 | 2261 | टांड़ दो | 2.25 | 2.25 | | | | | | |
| | | 114 | 2089 | धान दो | 0.28 | 0.28 | | | | | | |
| | | 114 | 2102 | टांड़ दो | 0.08 | 0.08 | | | | | | |
| | | 114 | 2104 | टांड़ दो | 0.62 | 0.62 | | | | | | |
| | | 114 | 2105 | टांड़ दो | 0.06 | 0.06 | | | | | | |
| | | 114 | 2106 | टांड़ दो | 1.26 | 1.26 | | | | | | |
| | | 114 | 2107 | टांड़ दो | 0.06 | 0.06 | | | | | | |
| | | 114 | 2276 | टांड़ दो | 2.95 | 2.95 | | | | | | |
| | | 114 | 2233 | धान दो | 1.30 | 1.30 | | | | | | |
| | | 114 | 2235 | धान दो | 0.65 | 0.65 | | | | | | |
| | | 114 | 2234 | धान दो | 0.94 | 0.94 | | | | | | |
| | | 114 | 2265 | टांड़ दो | 5.04 | 5.04 | | | | | | |
| | | 114 | 2255 | मकान मय शहन | 0.11 | 0.11 | | | | | | |
| | | 114 | 2256 | मकान | 0.10 | 0.10 | | | | | | |
| | | 114 | 2230 | धान दो | 1.52 | 1.52 | | | | | | |
| | | 114 | 2229 | धान दो | 0.02 | 0.02 | | | | | | |
| | | 114 | 2240 | धान दो | 1.27 | 1.27 | | | | | | |
| | | 114 | 2218 | धान दो | 0.60 | 0.60 | | | | | | |
| | | 114 | 2151 | मकान मय शहन | 0.03 | 0.03 | | | | | | |
| | | 114 | 2150 | टांड़ दो | 1.21 | 1.21 | | | | | | |
| | | 114 | 2153 | टांड़ दो | 0.06 | 0.06 | | | | | | |
| | | 114 | 2149 | टांड़ दो | 1.27 | 1.27 | | | | | | |
| | | 114 | 2148 | टांड़ दो | 1.11 | 1.11 | | | | | | |
| | | 114 | 2103 | टांड़ दो | 0.01 | 0.01 | | | | | | |
| 20 | चकला चादर –VII | 115 | 2264 | टांड़ दो | 3.22 | 3.22 | प्रधान भगत, पिता वनवारी भगत, जाति–उराँव | प्रधान भगत, पिता वनवारी भगत, जाति–उराँव | | | | |
| | | 115 | 2221 | धान दो | 1.06 | 1.06 | | | | | | |
| 21 | चकला चादर –VII | 123 | 2246 | टांड़ दो | 0.04 | 0.04 | वद्री नारायण भगत, पिता रामदेव भगत जाति–उरांव एवं शुकू भगत वो मंगलेश्वर भगत, पिता भोगा भगत, जाति–उराँव | वद्री नारायण भगत, पिता रामदेव भगत जाति–उरांव एवं शुकू भगत वो मंगलेश्वर भगत, पिता भोगा भगत, जाति–उराँव | | | | |
| 22 | चकला चादर –VII | 130 | 2020 | धान दो | 0.30 | 0.30 | बाड़ो उरांव, पिता एतवा उरांव, जाति–नाई | बाड़ो उरांव, पिता एतवा उरांव, जाति–नाई | | | | |
| 23 | चकला चादर –VII | 131 | 2277 | टांड़ दो | 1.57 | 1.57 | बाडो उरांव वो जगेश्वर उरांव वो बालेश्वर उरांव, पिता धरमदेव उरांव, जाति–उराँव एवं चैता उरांव, पिता रामा उरांव, जाति–उराँव | बाडो उरांव वो जगेश्वर उरांव वो बालेश्वर उरांव,पिता धरमदेव उरांव, जाति उराँव एवं चौता उरांव,पिता रामा उरांव, जाति उराँव | | | | |
| | | 131 | 2270 | टांड़ दो | 1.50 | 1.50 | | | | | | |
| | | 131 | 2245 | टांड़ दो | 1.31 | 1.31 | | | | | | |
| | | 131 | 2008 | धान दो | 0.84 | 0.84 | | | | | | |
| 24 | चकला चादर –VII | 137 | 2058 | धान दो | 1.30 | 1.30 | वासुदेव सिंह वो भजन सिंह, पिता भुखनाथ सिंह, जाति–वरन शंकर एवं इन्दर सिंह वो किन्दर सिंह वो कपिल सिंह, पिता मंगर सिंह, जाति–वरन शंकर एवं ब्रजू सिंह, पिता रति सिंह, जाति–वरन शंकर एवं सुकल सिंह, पिता वेज सिंह, जाति–वरन शंकर | वासुदेव सिंह वो भजन सिंह, पिता भुखनाथ सिंह, जाति–वरन शंकर एवं इन्दर सिंह वो किन्दर सिंह वो कपिल सिंह, पिता मंगर सिंह, जाति–वरन शंकर एवं ब्रजू सिंह, पिता रति सिंह, जाति–वरन शंकर एवं सुकल सिंह, पिता वेज सिंह, जाति–वरन शंकर | | | | |
| | | 137 | 2059 | धान दो | 1.47 | 1.47 | | | | | | |
| 25 | चकला चादर –VII | 145 | 2015 | धान दो | 0.34 | 0.34 | विरीसा उरांव, पिता वाला उरांव, जाति–उराँव एवं एतवा उरांव, पिता चामा उरांव, जाति–उराँव एवं जुरा उरांव, पिता मिखु उरांव, जाति–उराँव | विरीसा उरांव, पिता वाला उरांव, जाति–उराँव एवं एतवा उरांव, पिता चामा उरांव, जाति–उराँव एवं जुरा उरांव, पिता मिखु उरांव, जाति–उराँव | | | | |
| 26 | चकला चादर –VII | 147 | 2010 | धान दो | 0.36 | 0.36 | विशुन उरांव, पिता मागा उरांव, जाति–उराँव एवं वन्दे उरांव वो तेतरा उरांव, पिता वुधु उरांव, जाति–उराँव | विशुन उरांव, पिता मागा उरांव, जाति–उराँव एवं वन्दे उरांव वो तेतरा उरांव, पिता वुधु उरांव, जाति–उराँव | | | | |
| | | 147 | 2007 | धान दो | 0.36 | 0.36 | | | | | | |
| | | 147 | 2294 | टांड़ दो | 0.74 | 0.74 | | | | | | |
| 27 | चकला चादर –VII | 154 | 2068 | धान दो | 1.36 | 1.36 | बुधराम भगत वो आमृत भगत, पिता सोमा भगत, जाति–उराँव | बुधराम भगत वो आमृत भगत, पिता सोमा भगत, जाति–उराँव | | | | |
| 28 | चकला चादर –VII | 163 | 2379 | टांड़ दो | 1.44 | 1.44 | वंधु उरांव वो वोला उरांव, पिता चोमा उरांव, जाति–उराँव एवं जयमंगल उरांव वो ललू उरांव, पिता शनिया उरांव, जाति–उराँव एवं मुस्मात वुदो उराइन, पति वुला उरांव, जाति–उराँव एवं चंदरु उरांव वो शिवनारायण उरांव वो गोली उरांव वो शंकर उरांव, पिता मंगरा उरांव, जाति–उराँव | वंधु उरांव वो वोला उरांव, पिता चोमा उरांव, जाति–उराँव एवं जयमंगल उरांव वो ललू उरांव, पिता शनिया उरांव, जाति–उराँव एवं मुस्मात वुदो उराइन, पति वुला उरांव, जाति–उराँव एवं चंदरु उरांव वो शिवनारायण उरांव वो गोली उरांव वो शंकर उरांव, पिता मंगरा उरांव, जाति–उराँव | | | | |
| | | 163 | 2016 | धान दो | 0.36 | 0.36 | | | | | | |
| | | 163 | 2282 | टांड़ दो | 0.33 | 0.33 | | | | | | |
| | चकला चादर –VII | 167 | 2078 | टांड़ दो | 0.98 | 0.98 | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती, पिता देवधारी भारती, जाति–ब्राहम्ण | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती,पिता देवधारी भारती, जाति ब्राहमण; जितेन्द्र भारती,पिता स्व शिवकुमार भारती,जाति ब्रहमण; गेन्दवा महतो,पिता रिझन महतो,जाति गोवाला; जितेन्द्र यादव,पिता जागेश्वर यादव,जाति अहीर; महेश महतो वो बिजेंद्र यादव,पिता टुपु महतो,जाति अहीर; रमेश यादव,पिता नान्हु यादव,जाति अहीर; गेन्दवा महतो,पिता रिझन महतो,जाति अहीर; सहबतिया देवी,पति स्व जगदिश यादव,जाति अहीर | | | | |
| | चकला चादर –VII | 167 | 2073 | टांड़ दो | 0.36 | 0.36 | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती, पिता देवधारी भारती, जाति–ब्राहम्ण | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती,पिता देवधारी भारती, जाति ब्राहमण; जितेन्द्र भारती,पिता स्व शिवकुमार भारती,जाति ब्रहमण; गेन्दवा महतो,पिता रिझन महतो,जाति गोवाला; सहबतिया देवी,पति स्व जगदिश यादव,जाति अहीर | | | | |
| 29 | चकला चादर –VII | 167 | 2074 | टांड़ दो | 2.85 | 2.85 | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती, पिता देवधारी भारती, जाति–ब्राहम्ण | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती,पिता देवधारी भारती, जाति ब्राहमण; जितेन्द्र भारती,पिता स्व शिवकुमार भारती,जाति ब्रहमण; चन्द्रावती देवी,पति जगदीश साव; मदन साहु,पिता हरिकिशुन साहु,जाति हलवाई; जयपाल शाही,पिता स्व० गोपेश्वर शाही,जाति राजपुत एवं रविन्द्र सिंह,पिता लक्ष्मी नारायण सिंह,जाति राजपुत; पंकज विस्वास,पिता मनमोहन विस्वास, जाति कोईरी; नीरज कुमार,पिता शिव प्रसाद साहु,जाति हलवाई; मनोज कुमार,पिता स्व० हरी किशुन साहु,जाति हलवाई; हर्शबर्धन राज किशोर शाहु; महेन्द्र सिंह,पिता हर्षदेव नारायण सिंह,जाति राजपुत; संजय कुमार सिंह,पिता हर्षदेव सिंह,जाति राजपुत; सुरेन्द्र प्रसाद,पिता कामेश्वर प्रसाद,जाति स्वर्णकार; बिन्देश्वर महतो,पिता सोमन महतो,जाति कोईरी; अखिलेश कुमार सिंह,पिता रामविनायक सिंह,जाति राजपुत; अवधेश कुमार सिंह,पिता स्व० इंद्रदेव सिंह,जाति ब्राहमण | | | | |
| | चकला चादर –VII | 167 | 2065 | धान दो | 0.45 | 0.45 | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती, पिता देवधारी भारती, जाति–ब्राहम्ण | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती,पिता देवधारी भारती, जाति ब्राहमण; अरुण भारती,पिता रामकैलाश भारती,जाति गोस्वामी ब्राहमण; सुदामा देवी,पति नीलकंट ठाकुर,जाति हजाम; प्रमिला देवी,पति रामेसर मोची,जाति हरीजन; राजाराम सिंह,पिता स्व० सहदेव सिंह,जाति राजपुत; अनीता सिंह,पति स्व० सुरेन्द्र सिंह,जाति राजपुत | | | | |
| | चकला चादर –VII | 167 | 2064 | धान दो | 2.36 | 2.36 | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती, पिता देवधारी भारती, जाति–ब्राहम्ण | भगवती चरण भारती वो दीपचरण भारती वो परशुराम भरती,पिता देवधारी भारती, जाति ब्राहमण; सहबतिया देवी,पति स्व० जगदीश यादव,जितेन्द्र भारती,पिता स्व शिवकुमार भतरी,जाति अतिथि गोसाई; महेश महतो वो बिजेन्द्र यादव,पिता टुपु महतो,जाति अहीर; गोन्दवा महतो वो साजन महतो,पिता रिझन महतो,जाति गोवाला; सहबतिया देवी,पति जगदीश यादव,जाति गोवाला; जगेसर महतो पति स्व हरखु महतो जाति गोवाला; जावेद खान पिता मोहफील खान जाति पठान; गोन्दवा महतो वो साजन महतो,पिता रिझन महतो; उर्मिला देवी,पति श्री जितेन्द्र भारती; जितेन्द्र कुमार यादव पिता श्री जगेश्वर यादव जाति अहिर; विजेन्द्र यादव वो महेश महतो पिता टुपु महतो जाति गोवाला; पार्वती देवी पति नान्हु यादव जाति गोवाला; नान्हु महतो पिता स्व हरखु महतो जाति अहिर; उगनी देवी पति गेन्दुवा महतो जाति गोवाला; फुदनी देवी पति मनोज राम जाति कहार; उर्मिला देवी पति रमेश यादव जाति ग्वाला; गेन्दवा महतो पिता रीझन महतो जाति अहिर; खेटा पासी पिता स्व मिठु पासी जाति पाशी; नान्हु महतो पिता स्व हरखु महतो जाति अहिर; महेश महतो,विजेन्द्र यादव पिता टुपु महतो जाति ग्वाला अहिर | | | | |

सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन का प्रतिवेदन अध्ययन II के के अंतर्गत धारा–4(4) उपधारा (1) में निर्दिष्ट सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन के अंतर्गत अन्य मामलो में निम्नलिखित सम्मिलित होगें, अर्थात

(क) इस बात का निर्धारण कि क्या प्रस्तावित अर्जन से लोक प्रयोजन पूरा होता है।
(ख) प्रभावित कुटबों का और उनमें से उन कुटबों की संख्या का प्राक्कलन जिनके विस्थापित होने की संभावना है।
(ग) ऐसी सार्वजनिक प्राईवेट भूमि, मकानो, बन्दोबस्तों और अन्य समान संपतियों की सीमा, जिनके प्रस्तावित अर्जन से प्रभावित होने की संभावना है।
(घ) क्या अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि की सीमा उप परियोजना के लिए पूर्णतया यर्थाथ न्यूनतम सीमा तक की ही है।
(ड.) क्या किसी आनुकल्पिक स्थान पर भूमि का अर्जन किए जाने पर विचार किया गया है और उसे साध्य नही पाया गया है।
(च) परियोजना के सामजिक समाघातो तथा उनको ठीक करने की प्रकृति और खर्च तथा इन खर्चो का परियोजना के समग्र खर्च पर परियोजना के फायदों की तुलना में समाघात के अध्ययन :

समाघात निर्धारण अध्ययन के पूरा होने पर निर्भर नहीं करेगा।

4. समुचित सरकार, उपधारा (1) के अधीन सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन का कार्य हाथ में लेते समय अन्य बातों के साथ उप समाघात पर विचार करेगी जो कि परियोजना से विभिन्न घटकों पर जैसे कि प्रभावित कुटबों की जीविका सार्वजनिक और सामुदायिक, सम्पतियॉ, आस्तियों, तथा अवसंरचना विशिष्टतया, सड़को, लोक परिवहन, जल– निकास स्वच्छता, पेयजल के के स्त्रोतो, पशुओं के लिए जल के स्त्रोतो, सामुदायिक, जलाशयों, चरागाह भूमि, बागानों, जन सुविधाओं पर जैसे कि डाकघर उचित दर दुकानो खाद्य भंडारण गोदाम, विधुत प्रदाय, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाए विद्यालय और शैक्षणिक तथा प्रशिक्षण सुविधाए, आंगनबाड़ी, बाल उद्यान पूजा स्थल पारम्परिक जनजातीय संस्थाओं और कब्रस्थान तथा शमशान घाट के लिए भूमि पर पड़ने की संभावना है।
5. समुचित सरकार सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने वाले प्राधिकारी से उपधारा (5) में निर्दिश्ट किसी विनिर्दिष्ट घटक के लिए समाघात को ठीक करने के लिए अपनाए जाने वाले अपेक्षित सुधारक उपायों को सूचीबद्ध करते हुए एक सामाजिक समाघात प्रबंध योजना तैयार करने की अपेक्षा कर सकेगी और ऐसे उपाय, यथास्थिति, प्रभावित क्षेत्र में केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार की उस प्रभावित क्षेत्र में प्रवर्तित किसी स्कीम या कार्यकम के अधीन जो कुछ उपलब्ध कराया गया है उससे कम नही होगे।

धारा– 5 जब कभी धारा 4 के अधीन सामाजिक समाघात निर्धारण तैयार करने हेतु समुचित सरकार लोक सुनवाई के लिए तारीख, समय और स्थान के बारे में पर्याप्त प्रचार करने के पश्चात प्रभावित कुटुबों के मतो का सामजिक समाघात का सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट में अभिलिखित और सम्मिलित किया जाना अभिनिश्चित करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में लोक सुनवाई के लिए जाने को सुनिश्चित करेगी।

धारा–6 (1) समुचित सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट तथा धारा–4 की उपधारा (6) में निर्दिष्ट सामाजिक समाघात प्रबंध योजना तैयार की जाए और यथास्थिति, पंचायत नगरपालिका या नगर निगम को तथा जिला कलस्टर, उपखंड मजिस्ट्रेट और तहसील कार्यालय में स्थानीय भाषा में उपलबध कराई जाए और प्रभावित क्षेत्रों में ऐसी रीति में जो विहित की जाए प्रकाशित की जाए और समुचित सरकार की वेबसाईट पर अपलोड की जाए।

एस0आई0ए0 की अधिसूचना के लिए नियम 6 का उप निमय (i) शामिल होगें।

I. परियोजना का नाम, प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण और अर्जन के लिए प्रस्तावित भुमि का विस्तार परियोजना क्षेत्र और एस0आई0ए0 द्वारा आच्छादित प्रभावित क्षेत्र।
II. एस0आई0ए0 के प्रमुख उदेश्य और मुख्य कियाकलाप जिसके अंतर्गत है (क) परामर्श (ख) सर्वेक्षण (सर्वे) (ग) लोक सुनवाई/सुनवाईयॉ।
III. एस0आई0ए0 के लिए आईमलाईन और अंतिम परिदेय (एस0आई0ए0 प्रतिवेदन और एस0आई0एम0पी0) साथ ही उनके प्रकटीकरण की रीति को विनिर्दिष्ट किया जाएगा।
IV. यह कथन कि इस अवधि के दौरान प्रपीडन अथवा भय उत्पन्न करने की कोई कोशिश हुई है तो यह इसे अकृत और शून्य कर देगा।

यह अधिसूचना भू– अधिनियम 2013 के धारा 4 एवं नियमावली 2015 की अध्याय III के नियम (6) के अंतर्गत निर्गत किया जा रहा है।

PR 282559 Land Reforms (22-23)_D

जिला भू– अर्जन पदाधिकारी, लातेहार

## डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2022

# सरकार ने पेश किया बिल का ड्राफ्ट

- अब सुरक्षित रहेंगी आपकी पर्सनल डिटेल्स, कानून तोड़ने वाली कंपनियों पर लगेगा 500 करोड़ रुपये का जुर्माना




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने शुक्रवार को 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2022' का ड्राफ्ट पेश किया है। इस बिल का उद्देश्य डिजिटल पर्सनल डेटा के आसपास रेगुलेशन प्रोवाइड करना है। यह नया बिल लोगों के अपने पर्सनल डेटा को प्रोटेक्ट करने के अधिकार और वैध उद्देश्यों के लिए पर्सनल डेटा को प्रोसेस करने की आवश्यकता दोनों को मान्यता देता है। इस बिल में सरकार ने लोगों के पर्सनल डेटा का गलत इस्तेमाल यानी कानून तोड़ने वाली कंपनियों पर पेनल्टी की राशि बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये तक कर दी है। पिछला डेटा प्रोटेक्शन बिल इस साल की शुरुआत में संसदीय मानसून सत्र के दौरान रद्द कर दिया गया था। अब मंत्रालय ने इसका नाम बदलकर पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल कर दिया है, जो पूरी तरह से यूजर डेटा से जुड़े कानूनों पर जोर देता है।

केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2022 के ड्राफ्ट पर लोगों से उनकी राय भी मांगी है। यह ड्राफ्ट कुछ सबसे पॉपुलर सोशल मीडिया और अन्य टेक कंपनियों के इर्द-गिर्द घूमता है। डिजिटल पर्सनल डेटा बिल में कहा गया है कि डेटा इकट्ठा करने वाली कंपनियों को पर्सनल डेटा को अपने पास रखना बंद कर देना चाहिए, या उन साधनों को हटा देना चाहिए जिनके द्वारा पर्सनल डेटा को विशेष डेटा प्रिंसिपल के साथ जोड़ा जा सकता है।

### बायोमेट्रिक डेटा के लिए इंप्लॉई की सहमति लेनी होगी

ड्राफ्ट में यह भी कहा गया है कि लीगल या बिजनेस उद्देश्यों के लिए आवश्यक नहीं होने पर यूजर्स के डेटा को अपने पास बरकरार नहीं रखा जाना चाहिए। नया पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल बायोमेट्रिक डेटा के मालिक को पूर्ण अधिकार भी देता है। यहां तक कि अगर किसी इंप्लॉयर को अटेंडेंस मार्क करने के लिए किसी इंप्लॉई के बायोमेट्रिक डेटा की आवश्यकता होती है, तो उसे स्पष्ट रूप से कर्मचारी से सहमति की आवश्यकता होगी।

### पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल केवाइसी डेटा को प्रभावित करेगा

नया पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल केवाइसी डेटा को भी प्रभावित करेगा। हर बार सेविंग अकाउंट खोलने पर केवाइसी प्रोसेस को पूरा करने के लिए प्रतिबंध की आवश्यकता होती है। इस प्रोसेस के तहत इकट्ठा किया गया डेटा भी नये डेटा प्रोटेक्शन बिल के दायरे में आता है। बैंक को अकाउंट बंद करने के छह महीने से ज्यादा समय के लिए केवाइसी डेटा बनाये रखना होगा। बच्चों के पर्सनल डेटा को इकट्ठा करने और बनाये रखने के लिए नियमों का एक नया सेट भी बनाया गया है। डेटा मांगने वाली कंपनियों को डेटा तक पहुंचने के लिए माता-पिता या अभिभावक की सहमति आवश्यक होगी।

## प्रेमिका को छत से फेंकनेवाले सूफियान के साथ एनकाउंटर, पुलिस ने पैर में गोली मारी

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** लखनऊ में लड़की को चौथी मंजिल से फेंकने के आरोपी सूफियान को पुलिस ने एक मुठभेड़ में पकड़ लिया है। उसके दायें पैर में गोली लगी है। उसे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार सुबह ही पुलिस कमिश्नर की ओर से सूफियान पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। सूफियान और उसका परिवार मंगलवार रात घटना के बाद से फरार था। शुक्रवार को सुबह पुलिस को सूचना मिली कि वह दुबग्गा इलाके में है। इसके बाद एसीपी काकोरी डीके सिंह की अगुआई में पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख सूफियान ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाब में गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक निधि के परिजनों का आरोप है कि सूफियान उनकी बेटी पर धर्म बदलने का दबाव बना रहा था।

## कोर्ट ने आरोपी आफताब का पांच दिनों के भीतर नार्को टेस्ट कराने का दिया आदेश

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** साकेत कोर्ट ने श्रद्धा हत्याकांड मामले में आरोपी आफताब का पांच दिनों के भीतर नार्को टेस्ट कराने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर रोहिणी फॉरेंसिक साइंस लैब के तहत टेस्ट किया जायेगा। श्रद्धा हत्याकांड की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की एक टीम महाराष्ट्र के पालघर पहुंच गयी है। दिल्ली पुलिस की टीम ने पालघर के वसई में मानिकपुर पुलिस से संपर्क किया है। पुलिस ने इस संबंध में स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा है। श्रद्धा के सिर को तलाश करने के लिए दिल्ली पुलिस जोर-शोर से जुट गयी है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने पूरी दिल्ली पुलिस को आदेश दिये हैं कि जहां भी शव मिले हैं, उनके बारे में उन्हें बताया जाये। श्रद्धा की व्हाट्सएप चैट से सनसनीखेज खुलासा हुआ है। आरोपी आफताब श्रद्धा से रोजाना मारपीट करता था। वहीं छानबीन के दौरान गुरुग्राम के जंगलों से पुलिस को अहम सबूत मिले हैं।

# सोआ आइएएस में नये छात्रों का स्वागत और अभिनंदन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (सोआ) द्वारा संचालित कृषि विज्ञान संस्थान में नये प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत और अभिनंदन के तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस महीने की 17, 18 और 19 तारीख को होने वाले कार्यक्रम के पहले दिन कुलपति प्रो डीपी राय ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और छात्रों को भविष्य की रचनात्मक कार्ज्यपंथा और नैतिक बौद्धिक स्तर और सुधार के बारे में बताया। सोआ के कुलपति प्रोफेसर पीके नंद ने कार्यक्रम में भाग लिया और फ्रेशर्स को सूचित किया कि सोआ ने पूरे भारत में विभिन्न क्षेत्रों में अपना प्रतिनिधित्व किया है और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी है। इसी तरह प्रोफेसर नंद ने छात्रों के माता-पिता को सलाह दी कि वे अपने बच्चों से जुड़े रहें और अपने जीवन के हर कदम से अवगत रहें। आइएएस डीन प्रो विजय कुमार साहू ने स्वागत भाषण दिया और भारतीय कृषि विज्ञान के इतिहास और वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों और योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक अध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार राउत ने कृषि विज्ञान को शिक्षा प्रणाली में शामिल करने के उद्देश्य और दृष्टिकोण पर विशेष चर्चा की।

## प्रो श्रीपद करमलकर आइआइटी भुवनेश्वर के नये निदेशक बने

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** आइआइटी मद्रास के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर श्रीपद करमलकर ने 17 नवंबर को आइआइटी भुवनेश्वर के नये निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने आइआइटी खड़गपुर के निदेशक प्रो वीके तिवारी का स्थान लिया, जो 2 अप्रैल 2022 से आइआइटी भुवनेश्वर के अतिरिक्त प्रभार में थे। प्रो करमलकर ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आइआइटीएम) से क्रमशः 1983 और 1989 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। उनकी रुचि के क्षेत्र सेमीकंडक्टर उपकरण और शिक्षा है। आइआइटी भुवनेश्वर में शामिल होने से पहले वह आइआइटी मद्रास में शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के प्रमुख थे। नये निदेशक प्रोफेसर श्रीपद करमलकर ने संस्थान के डीन, फैकल्टी और रजिस्ट्रार की उपस्थिति में कार्यभार संभाला।

## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने वाटर कूलर कम प्यूरीफायर दिया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह ने उपाध्यक्ष रश्मि बेहुरा की उपस्थिति में एमसीएल निकटस्थ किरबा गांव में वाटरकूलर कम प्यूरीफायर का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त जागृति महिला मंडल की सचिव बिनीता सिंह एवं संयुक्त सचिव अलका मेहरा एवं अन्य कार्यकर्ता तथा सदस्या भी उपस्थित थे। बता दें कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ तो शिक्षा के अभाव और कुछ सुविधा के अभाव में शुद्ध पीने के पानी से वंचित रह जाते हैं और वे बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। इन्ही कारणों को मद्देनजर रखते हुए जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह एवं उपाध्यक्ष सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा ने किरबा गांव को एक वाटरकूलर कम प्यूरीफायर प्रदान करने का निर्णय लिया। पद्मजा सिंह ने बताया कि इसके पहले बुर्ला के अन्य क्षेत्रों में भी वाटर कूलर कम प्यूरीफायर की स्थापना की गयी है, जो जागृति विहार एवं आनंद विहार चौक में भी लगाया गया है।

# राज्य में मां और बहन-बेटियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गावां, गिरिडीह।** गावां में माइका चालू कराने की मांग को लेकर भाजपा की आयोजित इस रैली में कोडरमा के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार राय, पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, भाजपा केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव समेत कई लोगों ने संबोधित किया। पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि झारखंड का विकास भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। आने वाले समय मे इस निक्कमे सरकार को सत्ता से बेदखल करना होगा, तभी क्षेत्र में शांति एवं अमन की स्थापना होगी। राज्य में कानून व्यवस्था की कोई चीज नहीं रहा है। पुलिस चोरों को पकड़ने के बजाय उनसे से वसूली कर रही है। राज्य में अराजकता का माहौल बना हुआ है। मां, बहन बेटियां आज पूरी तरह से असुरक्षित है। इस राज्य सरकार के काल में प्रशासन पूरी तरह से बेलगाम हो गयी है। कार्यक्रम में अलग-अलग पंचायतों से रैली की शक्ल में लोग सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए लोग प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भी कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथियों का मांदर एवं नगाड़े की थाप पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम से पूर्व मंझने के पंचायत समिति सदस्य दिनेश्वर राजवंशी समेत दर्जनों लोग भाजपा में शामिल हुए, जिन्हें बाबूलाल मरांडी एवं लक्ष्मण सिंह ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर नुनूलाल मरांडी, अजय रंजन, अशोक उपाध्याय, उषा देवी, मीरा तिवारी, श्री राम यादव, चंद्रशेखर आजाद, अंकज सिंह, मुन्ना सिंह, प्रहलाद सिंह, रामचंद्र ठाकुर, उदय साव, ललित पांडेय, अशोल साव, अमरदीप निराला, रोजन अली आदि उपस्थित थे।

# सीएम नवीन पटनायक ने फिल्म 'दमन' को टैक्स फ्री प्रदर्शन की घोषणा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घोषणा की है कि ओडिशा सरकार के मलेरिया रोकथाम कार्यक्रम पर बनी फिल्म दमन की प्रदर्शन पूरी तरह से कर मुक्त है। यह फिल्म मानवता के उस नए उदाहरण के बारे में है, जिसे एक युवा डॉक्टर ने वास्तविक जीवन में मालकानगिरी के दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि इससे स्वास्थ्य विभाग समेत सभी सरकारी कर्मचारियों के बीच सेवा के रवैये पर असर पड़ेगा. कोविड महामारी के दौरान राज्य सरकार के विभिन्न विभाग अपनी सेवाओं का समन्वय कर रहे है। मुख्यमंत्री ने अपना दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि यदि हम इस तरह से काम करते हैं, तो हम एक स्वस्थ और जागरूक समाज का विकास कर सकते हैं।

## 17वां फीकी उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन

# सोआ स्टाल पर देखने के लिए विदेशी प्रतिनिधियों की भीड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** स्थानीय इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में गुरुवार से 17वां तीन दिवसीय 'फिकी' उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन- 2022 शुरू हो गया है। सम्मेलन में आयोजित प्रदर्शनी में सोआ सहित देश के विभिन्न राज्यों के 40 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया है। सम्मेलन का मुख्य विषय उच्च शिक्षा के लिए विश्व के आकर्षण में भारत के स्थान पर चर्चा थी।

पहले दिन की शुरुआत में फिक्की के चेयरमैन संजीव मेहता ने स्वागत भाषण दिया। भारत सरकार के शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार मुख्य अतिथि थे और उन्होंने अपने भाषण में शिक्षा के क्षेत्र में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया को आकर्षित किया है। विदेशों से कई छात्रों भारतीय विश्वविद्यालयों में पढ़ने के लिए आ रहे हैं। भारत के विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले दिनों में भारत उच्च शिक्षा का केंद्र बनेगा। शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाये हैं। इसमें सोआ स्टॉल भी मौजूद हैं।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र




पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S M TOY & School Fnrnituer



Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**